राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 19 अंक: 215 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



# उत्तराखंडः धराली में कुदरत का 'तांडव'

- उत्तरकाशी में कई जगह फटे बादल: धराली में तबाही, हर्षिल में सेना कैंप भी चपेट में आया
- बादल फटा...बह गए गांव के गांव, चारों तरफ मची चीख पुकार; कइयों की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**उत्तरकाशी।** जिले के हर्षिल क्षेत्र के धराली गांव में मंगलवार को बादल फटने के बाद अचानक खीरगंगा में बाढ़ आने से बड़ी तबाही हुई है। इलाके के 20 से अधिक होटल और होम स्टे तबाह हो गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तुरंत राहत व बचाव कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं। सेना, एसडीआर, एनडीआरएफ, जिला प्रशासन एवं अन्य संबंधित टीमें मौके पर राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हैं। जिले के वरिष्ठ अधिकारी भी प्रभावित गांव की ओर रवाना हो गए हैं। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से करीब 70 किलोमीटर दूर और गंगोत्री धाम से महज 20 किलोमीटर पहले स्थित हर्षिल क्षेत्र के गांव धराली में बादल फटने के बाद अचानक खीर गंगा नदी में विनाशकारी बाढ़ आ गई। गंगा पार मुखवा गांव के लोगों ने तबाही आते देखकर चीख-पुकार मचाकर लोगों को आगाह किया। बताया जा रहा है कि विनाशकारी बाढ़ से इलाके के 20 से 25 होटल व होमस्टे तबाह हो गए हैं। स्थानीय लोगों से मिली सूचना के अनुसार 10 से 12 लोग मलबे में दबे हो सकते हैं। स्थानीय राजेश पंवारका कहना है कि खीर गंगा के जल ग्रहण क्षेत्र में ऊपर कहीं बादल फटा, जिस कारण यह विनाशकारी बाढ़ आई है। बाढ़ से लोगों में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुःख व्यक्त किया और ईश्वर से सभी के सकुशल होने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य युद्ध स्तर पर संचालित करने के निर्देश दिए हैं। सेना, एसडीआर, एनडीआरएफ, जिला प्रशासन एवं अन्य संबंधित टीमें मौके पर राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हैं। मुख्यमंत्री, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं तथा स्थिति की नियमित जानकारी ले रहे हैं। घटना की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी प्रशांत आर्य और पुलिस अधीक्षक सरिता डोबाल भी मौके के लिए रवाना हो गये हैं। घटना की विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है। सेना की ओर से बताया गया कि दिन में हर्सिल के निकट खीरगाड़ क्षेत्र के धराली गांव में एक भीषण भूस्खलन हुआ, जिससे आबादी की ओर अचानक मलबा और पानी आ गया। आईबेक्स ब्रिगेड के जवान स्थिति का आकलन करने और बचाव अभियान चलाने के लिए प्रभावित स्थल पर पहुंच गए हैं। नुकसान का आकलन किया जा रहा है और राहत अभियान शुरू होने के बाद ही जानकारी दी जाएगी।

## पीएम मोदी ने उत्तरकाशी के धराली में हुई त्रासदी पर शोक जताया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तरकाशी के धराली में हुई त्रासदी से प्रभावित लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने इस घटना से प्रभावित सभी लोगों के कुशलक्षेम की कामना भी की है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से टेलीफोन बात की और स्थिति का जायजा लिया। प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया कि जरूरतमंदों को समय पर सहायता सुनिश्चित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। प्रधानमंत्री ने अपने आधिकारिक एक्स पोस्ट में कहा, उत्तरकाशी के धराली में हुई इस त्रासदी से प्रभावित लोगों के प्रति मैं अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। इसके साथ ही सभी पीड़ितों की कुशलता की कामना करता हूं। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी जी से बात कर मैंने हालात की जानकारी ली है। राज्य सरकार की निगरानी में राहत और बचाव की टीमें हरसंभव प्रयास में जुटी हैं। लोगों तक मदद पहुंचाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जा रही है।। उल्लेखनीय है कि मंगलवार की दोपहर हर्षिल की पहाड़ियों में बादल फटने से धराली में भीषण तबाही हुई है। धराली के किनारे बसे अनेक मकान और होटल धराशाही हो गए हैं। बाकी बचे घरों में पहाड़ियों से आया मलबा और गाद भर गई है। पहसे से चेतावनी दिए जाने के चलते अधिकांश लोग घरों को खाली कर ऊपरी स्थानों पर चले गए थे।

## शाह ने की धामी से बात, हरसंभव मदद का भरोसा



**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में हर्षिल क्षेत्र के धराली गांव में बादल फटने की घटना पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गहरा दु:ख प्रकट किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बात कर घटना की जानकारी ली। इसी बीच मुख्यमंत्री धामी अपना त्रिपुरा दौरा स्थगित कर तत्काल देहरादून के लिए रवाना हो गए हैं। धराली गांव में प्राकृतिक विनाशकारी घटना की जानकारी मिलने पर के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बात कर पूरी जानकारी ली और राज्य सरकार को हरसंभव केंद्र की ओर से सहायता देने का आश्वासन दिया। गृह मंत्री ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एनडीआरएफ एवं अन्य राहत एजेंसियों को तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। केन्द्रीय मंत्री ने इस आपदा की घड़ी में प्रभावित परिवारों के प्रति सहानुभूति जताई है।

### हेलिकॉप्टर राहत बचाव के लिए किया अनुरोध

**राज्य** आपातकालीन परिचालन केंद्र के पास उत्तरकाशी में बादल फटने की प्राथमिक सूचना प्राप्त हुई है। उत्तराखंड आपदा प्रबंधन विभाग ने भारत सरकार को दो एमआई और एक चिनूक हेलिकॉप्टर राहत और बचाव कार्य के लिए देने का अनुरोध किया है। जनपद में बीती रविवार देर रात से हो रही बारिश के कारण स्यानाचट्टी के पास यमुनोत्री हाईवे का करीब 25 मीटर हिस्सा धंस गया है।

## फलीपींस-भारत के बीच रणनीतिक साझेदारी की नई शुरूआतः मोदी



**समझौता**

- इस अवसर पर भारत और फिलीपींस के बीच कई महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर ने संयुक्त रूप से दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने की मंगलवार को घोषणा की। इस अवसर पर भारत और फिलीपींस के बीच कई महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां के हैदराबाद हाउस में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस वर्ष भारत और फिलीपींस अपने कूटनीतिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं और राष्ट्रपति मार्कोस की भारत यात्रा इस संदर्भ में विशेष महत्व रखती है। उन्होंने कहा, हमारे कूटनीतिक संबंध भले ही नए हैं, लेकिन हमारी सभ्यताओं के संपर्क बहुत प्राचीन हैं। फिलीपींस की रामायण महाराडिया लवाणा इसका प्रमाण है। संवाददाता सम्मेलन के दौरान दोनों देशों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी, डिजिटल तकनीक, पर्यटन तथा रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने वाले समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। भारतीय और फिलीपींस सशस्त्र बलों के बीच तीन संदर्भ शर्तों का आदान-प्रदान भी हुआ, जो रक्षा सहयोग में बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत और फिलीपींस का द्विपक्षीय व्यापार तीन अरब डॉलर के पार पहुंच गया है। इसे और मजबूत करने के लिए भारत-आसियान मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है।

## एनडीए बैठक में ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव पर प्रस्ताव पारित

**सम्मान**

- ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव की सफलता के लिए हार पहनाकर पीएम का सम्मान किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद मंगलवार को पहली बार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के संसदीय दल की बैठक हुई। संसद भवन परिसर के जीएमसी बालयोगी सभागार में हुई बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में राजग के सांसदों ने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव की सफलता के लिए हार पहनाकर प्रधानमंत्री का सम्मान किया। इस दौरान सांसदों ने जय श्रीराम और हर-हर महादेव के नारे लगाए। संसदीय कार्य मंत्री किरेण रिजिजू ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों को बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार राजग संसदीय दल की बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री ने सभी का मार्गदर्शन किया। ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव की सफलता को लेकर एक प्रस्ताव पास किया गया। पहलगाम हमले में सभी मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई, सेना के शौर्य को सराहा गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों से हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा में भाग लेने का भी आह्वान किया। यह बैठक संसद के मानसून सत्र के दौरान राजग की पहली बैठक है। प्रधानमंत्री ने बैठक को संबोधित किया और बताया कि 5 अगस्त को सरकार ने क्या-क्या उपलब्धियां हासिल कीं। गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी समेत लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों के राजग के सांसद इस बैठक में शामिल हुए। प्रधानमंत्री बैठक में नए सांसदों से भी मिले।

## गौतम अडाणी ने अडाणी पोर्ट्स के कार्यकारी अध्यक्ष का पद छोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** देश के दिग्गज उद्योगपति गौतम अडाणी ने 5 अगस्त से अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के कार्यकारी अध्यक्ष पद छोड़ दिया है। इसके साथ ही वह कंपनी के प्रमुख प्रबंधकीय पद से भी हट गए हैं। अडाणी पोर्ट्स ने मंगलवार को शेयर बाजार को जानकारी दी कि बोर्ड ने 5 अगस्त से गौतम एस. अडाणी को कार्यकारी अध्यक्ष से गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पुनः नामित करने को मंजूरी दे दी है। इसके परिणामस्वरूप वे कंपनी के प्रमुख प्रबंधकीय कर्मचारी नहीं रहेंगे।

## राज्यसभा में लगातार गतिरोध को उपसभापति ने चिंताजनक बताया

### विपक्ष के हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित



**नारेबाजी**

- इस सदन में महत्वपूर्ण बिल की कॉपी छिनकर फाड़ी गई, उन्हें उछाला गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** संसद के मॉनसून सत्र के 12वें दिन मंगलवार को भी राज्यसभा की कार्यवाही बाधित रही। उपसभापति हरिवंश ने व्यवधान को लेकर विपक्ष के रवैए की निंदा की। इस पर विपक्ष के नेता और नेता सदन के बीच बहस हो गयी। इसके बाद जमकर हंगामा हुआ जिसके कारण सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। उपसभापति ने सदन में लगातार गतिरोध को चिंताजनक बताया और कहा कि 28 जुलाई को वाईएसआर कांग्रेस के सदस्य के बोलते समय कुछ सदस्यों ने अपनी सीट से उठकर माइक पर जाकर व्यवधान उत्पन्न किया। क्या यह सदस्य के विशेषाधिकार का हनन नहीं था। 31 जुलाई को जब एक मंत्री स्वतः बयान दे रहे हैं, उनके बयान में भी बाधा डाली गई। कई और सदस्यों के बोलते समय भी माइक के पास जाकर नारेबाजी की गई। वेल में जाकर नारे लगाना अनुचित है। यह सदन की गरिमा गिराने वाली है। इस सदन में महत्वपूर्ण बिल की कॉपी छिनकर फाड़ी गई, उन्हें उछाला गया।

## मणिपुरः राष्ट्रपति शासन को बढ़ाने का प्रस्ताव राज्यसभा से पारित

**प्रस्ताव**

- कार्यवाही के दौरान गृह राज्यमंत्री ने विपक्ष की नारेबाजी के बीच सदन में प्रस्ताव पेश किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने मणिपुर में राष्ट्रपति शासन को छह महीने के लिए बढ़ाने का प्रस्ताव मंगलवार को पारित कर दिया। लोकसभा में यह प्रस्ताव 30 जुलाई को ही पारित किया जा चुका है। राज्यसभा में मंगलवार को दोपहर दो बजे के बाद शुरू हुई कार्यवाही के दौरान गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने विपक्ष की नारेबाजी के बीच सदन में प्रस्ताव पेश किया। राज्यसभा के उपसभापति ने इस पर चर्चा की शुरूआत करते हुए कांग्रेस सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी को बोलने का मौका दिया लेकिन उन्होंने बोलने से इन्कार कर दिया। इसके बाद बोलने के लिए तृणमूल कांग्रेस की सदस्य सुष्मिता देव का नाम पुकारा, लेकिन उन्होंने नियम 259 के तहत बिहार विशेष गहन पुनरीक्षण पर चर्चा कराने की बात रखनी चाही और सदन में हंगामा शुरू हो गया। त्रिची शिवा ने भी एसआईआर पर चर्चा कराने की बात कही।

### पंजाब के सीएम मान बोले- विरासत में मिला यह मुद्दा- नायब सैनी ने कहा- सकारात्मकता के साथ जाएंगे सुप्रीम कोर्ट

## एसवाईएल पर पंजाब और हरियाणा की मैराथन बैठक



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी. आर. पाटिल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में हिस्सा लेते हुए। साथ में हैं पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत मान। (05.08.2025)

**सकारात्मक**

- पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि यह विवाद अब नासूर बन चुका है

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा एवं पंजाब के बीच कई दशकों से चल रहे एसवाईएल विवाद के सुलझने को लेकर उम्मीद की किरण दिखाई दी है। पंजाब सरकार द्वारा इस मुद्दे पर नरम रूख अपनाए जाने के बाद हरियाणा को भी उम्मीद है कि अब उसे अपने हिस्से का पानी मिल सकता है। 13 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से पहले केंद्र सरकार ने दोबारा बैठक बुलाए जाने के संकेत दिए हैं। एसवाईएल के मुद्दे पर पहले नौ जुलाई को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल की अध्यक्षता में बैठक हुई थी, जिसके बाद मंगलवार को फिर से पाटिल की अध्यक्षता में हुई बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी तथा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान अपने-अपने अधिकारियों के साथ पहुंचे। कई घंटे तक चली बैठक में दोनों राज्यों के अधिकारियों ने अपने-अपने तर्क दिए। पिछली बैठकों में रखी गई रिपोर्ट पर भी दोबारा चर्चा की गई। इस बैठक के बाद दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इस बात का संकेत दिया है कि 13 अगस्त की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से पहले दोबारा संयुक्त बैठक हो सकती है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि यह विवाद अब नासूर बन चुका है। इसे खत्म किया जाना चाहिए। मान ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि मैं पंजाब का पक्ष रखने में कायम रहा और केंद्र सरकार उसे समझेगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने इस बैठक के बाद कहा कि यह विषय काफी लंबे समय का है। बीती नौ जुलाई को सकारात्मक माहौल में बातचीत हुई है। उस बातचीत की निरंतरता में आज एक कदम और आगे बढ़े हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि जब 13 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में जाएंगे तो सकारात्मक माहौल के साथ जाएंगे। अच्छी बातचीत हुई है।

## जज तय नहीं करेंगे कौन सच्चा भारतीयः प्रियंका



**साधा निशाना**

- सेना पर बयान को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा- राहुल सच्चे भारतीय होते तो ऐसा न कहते

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने मंगलवार को संसद परिसर में कहा, 'माननीय जजों का पूरा सम्मान रखते हुए मैं ये कहना चाहती हूं कि वे यह तय नहीं करेंगे कि सच्चा भारतीय कौन है।' उन्होंने कहा, 'सरकार से सवाल पूछना विपक्ष के नेता का कर्तव्य है। मेरा भाई कभी भी सेना के खिलाफ नहीं बोलेगा, उनके प्रति सम्मान रखता है। भाई की बातों का गलत मतलब निकाला गया।' इधर, संसद भवन में एनडीए संसदीय दल की बैठक में पीएम मोदी ने इसी मुद्दे पर कहा, 'सुप्रीम कोर्ट की इससे बड़ी फटकार हो ही नहीं सकती।' दरअसल, प्रियंका का ये जवाब सुप्रीम कोर्ट के राहुल के 'सच्चे भारतीय' होने पर उठाए सवाल पर आया। 4 अगस्त को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सेना पर की गई टिप्पणी मामले पर सुनवाई के दौरान रउ ने नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने कहा था कि सच्चा भारतीय ऐसा नहीं कहेगा। आपको कैसे पता चला कि चीन ने भारत की 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लिया है। 16 दिसंबर 2022 को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल ने विवादित बयान दिया था।
कहा था- लोग भारत जोड़ो यात्रा के बारे में पूछेंगे, लेकिन चीन ने 2000 वर्ग किमी भारतीय जमीन कब्जा की है, 20 भारतीय सैनिक मारे गए और हमारे सैनिकों को अरुणाचल में पीटा जा रहा है, उसके बारे में बात नहीं कर रहे हैं।



ACTION INDIA
नई दिल्ली, 06 अगस्त 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com



# बाढ़ से तबाही जैसा मंजरः पूर्वांचल के 500 से ज्यादा गांव पानी से घिरे

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ से जनजीवन अस्त व्यस्त है। पूर्वांचल से लेकर बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी के जिलों में कई गावों में पानी भरा है। यदि कहा जाए कि बाढ़ से तबाही मची है तो गलत नहीं होगा। लगभग सूखा रहने वाले बुंदेलखंड के जिलों में भी इस बार बाढ़ है। सीएम योगी ने अधिकारियों को मौके पर जाकर राहत बचाव के लिए निर्देशित किया है। साथ ही 11 मंत्रियों की टीम भी 12 जिलों में बाढ़ निगरानी के लिए डटी हुई है।
प्रयागराज और वाराणसी में बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रयागराज में गंगा-यमुना में दो दिनों से बढ़ रहे पानी ने प्रयागराज और आसपास के इलाके में पांच लाख की आबादी के सामने गंभीर संकट पैदा कर दिया है। एक ओर जहां सैकड़ों घर बाढ़ की चपेट में हैं। वहीं हजारों लोगों के सामने खाने और पानी का संकट है। दोनों नदियों का जलस्तर 86 मीटर के पार है। यह खतरे के निशान 84.73 मीटर से ऊपर है। सोमवार शाम थोड़ी राहत भरी



सूचना आई कि यमुना का जलस्तर घटने लगा है और गंगा का स्थिर है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने हेलिकॉप्टर से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर दो राहत शिविरों को भी देखा। बारिश और बाढ़ ने हरी सब्जियों का भाव भी उफान पर ला दिया है।



उधर, पूर्वांचल के मिर्जापुर, भदोही, वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर और बलिया में गंगा नदी उफान पर है। भदोही को छोड़कर पांचों जिलों में गंगा खतरा बिंदु के ऊपर बह रही है। छह जिलों के 500 से अधिक गांव बाढ़ के पानी से घिर चुके हैं। वाराणसी में 2022 का रिकॉर्ड तोड़ने के बाद अब गंगा का पानी ट्रॉमा सेंटर वाली सड़क पर पहुंच चुका है। काशी में 84 घाट के 3000 से अधिक मंदिर डूब चुके हैं। अंतिम संस्कार के लिए जगह नहीं मिल रही। प्रयागराज में डीएम ने प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा-12 तक के सभी स्कूलों और कोचिंग संस्थानों में सात अगस्त तक छुट्टी घोषित की है। सोनभद्र और चंदौली में आठवीं तक मंगलवार को अवकाश रहेगा। गाजीपुर में मंगलवार व बुधवार को 8वीं तक के स्कूल बंद रहेंगे। वाराणसी में मंगल और बुध को 12वीं तक, मिजार्पुर में 12 तक के सभी विद्यालय सात अगस्त तक बंद रहेंगे।
महोबा, हमीरपुर, जालीन, चित्रकूट, कानपुर और कानपुर देहात में आठवीं तक के स्कूल एक से दो दिन तक बंद रहेंगे। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने प्रयागराज, वाराणसी, मिजार्पुर, बलिया, फतेहपुर, हमीरपुर, बांदा, भदोही, कौशांबी, चित्रकूट, जालौन, आगरा आदि जिलों में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया।

# स्वदेशी अपनाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकताः सीएम योगी

- सीएम योगी ने की अपील, त्योहारों पर स्वजनों को स्वदेशी उत्पादों को गिफ्ट के रूप में दे
- अलीगढ़ को मिली 958 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात, सीएम योगी ने जनता को रक्षाबंधन से पहले दिए विकास के उपहार
- ब्रह्मोस मिसाइल और ड्रोन उत्पादन अलीगढ़ को दे रहा नई पहचान- मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**अलीगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना आज देश के अंदर एक मॉडल बनी हुई है। सीएम योगी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आज स्वदेशी अपनाना हम सब लोगों की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हमारा ही पैसा अगर हमारे ही कारीगर और हस्तशिल्पियों के पास जाएगा तो यह विकास और समृद्धि का आधार बनेगा। प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने में निर्णायक भूमिका का निर्वहन करेगी। सीएम योगी मंगलवार को अलीगढ़ के नुमाइश मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में 958 करोड़ की 186 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लेकिन अगर हमारा यह पैसा विदेशी हाथों में जाएगा तो आतंकवाद के रूप में धर्मांतरण के रूप में अव्यवस्था के रूप में विस्फोट के रूप में भारत को अस्थिर करने के लिए भारत के खिलाफ ही इस्तेमाल किया जाएगा। सीएम योगी ने आने वाले सभी त्योहारों पर लोगों से अपने स्वजनों को स्वदेशी उत्पादों को गिफ्ट के रूप में देने की अपील की। समारोह में सीएम योगी ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, सहायता राशि, टैबलेट, आवास की चाबियां और आयुष्मान कार्ड वितरित किए। सीएम ने स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और भगवान कृष्ण के रूप में सजे बच्चों को दुलारते हुए उन्हें चॉकलेट, माखन और खिलौने भेंट किए।



### 2017 से पहले अलीगढ़ दंगों से जूझ रहा थाः योगी

**सीएम** योगी ने डबल इंजन सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की सराहना की। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले अलीगढ़ और उत्तर प्रदेश दंगों और अराजकता से जूझ रहे थे। आज बेहतर कानून व्यवस्था के कारण निवेश और विकास की नई संभावनाएं खुल रही हैं। हाल ही में हुई 60,244 पुलिसकर्मियों की भर्ती में अलीगढ़ से 1,344 युवाओं का चयन हुआ, जिसे उन्होंने स्थानीय परिवारों के लिए गर्व का क्षण बताया।

**अलीगढ़ को मिला 957 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उपहार**
सीएम योगी ने अलीगढ़ को 957 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का उपहार देते हुए कहा कि रक्षाबंधन के ठीक पहले अलीगढ़ को यह विकास का तोहफा समर्पित है। इन परियोजनाओं में पेयजल पुनर्गठन योजना, विधि विज्ञान प्रयोगशाला, अतरौली से रेलवे स्टेशन मार्ग का चौड़ीकरण और सुंदरीकरण, अतरौली में डिग्री कॉलेज और 900 किलोलीटर क्षमता के जलाशय का लोकार्पण शामिल है।
इसके अतिरिक्त, कई अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया, जो अलीगढ़ को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी। सीएम योगी ने कहा कि ये परियोजनाएं अलीगढ़ को एक नई पहचान देंगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करेंगी।

### स्वदेशी प्रोडक्ट अपनाना आज की जरूरत हैः मुख्यमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान को दोहराते हुए सीएम योगी ने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अलीगढ़ का ताला उद्योग, पीतल की मूर्तियां, और हार्डवेयर आज देश–विदेश में मांग को पूरा कर रहे हैं। विदेशी सामान खरीदने से हमारा पैसा आतंकवाद और अस्थिरता को बढ़ावा देता है। जब हम विदेशी सामान खरीदते हैं, तो उसका मुनाफा आतंकवाद, धर्मांतरण और देशविरोधी ताकतों को मिलता है। ये स्थानीय कारीगरों की समृद्धि और रोजगार का आधार बन रहे हैं।

## पंजाब में मुठभेड़ के बाद लॉरेंस गैंग का गुर्गा पकड़ा गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने मोहाली जिला के डेराबस्सी में मुठभेड़ के बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे सुमित बिश्नोई को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान उसके पैर में गोली लगी है, इसलिए पुलिस की निगरानी में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार सुमित राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले का रहने वाला है और 18 मई को हुई एक युवक की हत्या के मामले का मुख्य आरोपित है। मुठभेड़ के दौरान वह अपने एक साथी सौरभ जिंदल के साथ डेराबस्सी स्थित एक पीजी में छिपा हुआ था।




पंचतत्व में विलीन हुए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, बेटे हेमंत सोरेन ने दी मुखाग्नि।

# बिहार कैबिनेट में डोमिसाइल नीति पर लगी मुहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटनाः** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले दिनों राज्य में पहली बार डोमिसाइल नीति पर सीधे एलान कर दिया था। शुरूआत उन्होंने शिक्षा विभाग से की। बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से ली जाने वाली शिक्षक भर्ती परीक्षा - 4 से डोमिसाइल नीति लागू करने का उन्होंने एलान किया था। उस एलान के साथ यह बात चल निकली थी कि अब बिहार का डोमिसाइल सर्टिफिकेट बनवाने वालों की बाढ़ आएगी, क्योंकि नौकरी में इससे प्राथमिकता मिलेगी। लेकिन, बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने राज्य मंत्रिपरिषद् की बैठक में



इस पॉलिसी पर मुहर लगाते समय साफ किया कि जिनके पास बिहार के शिक्षण संस्थान से मैट्रिक या इंटर का प्रमाणपत्र होगा, उन्हें ही इस नीति का लाभ मिलेगा।

**कैबिनेट के फैसले में डोमिसाइल पर क्या लिखा है**
अगस्त की पहली कैबिनेट बैठक में मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने 36 फैसलों पर सहमति जताई। इसमें शिक्षक भर्ती के लिए डोमिसाइल नीति के प्रस्ताव पर मुहर लगाना एक अहम बिंदु था। इस प्रस्ताव में लिखा गया है-

**स्पष्ट किया**
- जिनके पास बिहार के शिक्षण संस्थान से मैट्रिक या इंटर का प्रमाणपत्र होगा, उन्हें ही इस नीति का लाभ मिलेगा

"बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक (नियुक्ति, स्थानान्तरण, अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवाशत) (संशोधन) नियमावली, 2025 के गठन के उपरांत बिहार राज्य से शैक्षणिक अर्हता प्राप्त अभ्यर्थी विद्यालय अध्यापक के पद पर अधिक संख्या में नियुक्त हो सकेंगे।"

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बतायी कर्तव्य भवन-3 की खासियत

**उद्घाटन आज**
- इस भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार, 6 अगस्त को करेंगेः मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत निर्मित कर्तव्य भवन-3 के बारे में जानकारी दी। इस भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार, 6 अगस्त को करेंगे। मनोहर लाल ने यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 1947 में



पहली सरकार के गठन और 1952 में पहले चुनाव के बाद विभिन्न मंत्रालयों के लिए अलग-अलग भवन बनाए गए थे। इन मंत्रालयों को एक स्थान पर लाने की आवश्यकता को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी के साथ चर्चा के बाद सेंट्रल विस्टा परियोजना को लागू किया गया। इस परियोजना का उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना और चुस्त शासन को सक्षम बनाना है। कर्तव्य भवन-3 का उद्घाटन 6 अगस्त को शाम साढ़े 6 बजे कर्तव्य पथ पर एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान होगा। उन्होंने कहा कि इन भवनों के बनने से भारत सरकार को करीब 1500 करोड़ रुपये की सालाना बचत होगी।

# डॉलर की तुलना में 13 पैसे की कमजोरी के साथ बंद हुआ रुपया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट में उठापटक और अमेरिकी टैरिफ को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण भारतीय मुद्रा रुपये में आज एक बार फिर डॉलर की तुलना में गिरावट दर्ज की गई। मुद्रा बाजार में बने नकारात्मक माहौल और घरेलू शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की बिकवाली के कारण रुपया एक बार फिर डॉलर की तुलना में कमजोरी का शिकार हो गया। आज डॉलर की तुलना में भारतीय मुद्रा 13 पैसे फिसल कर 87.80 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय मुद्रा 87.67 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी। रुपये ने आज के कारोबार की शुरूआत भी गिरावट

**बिकवाली**
- विदेशी निवेशकों की बिकवाली के कारण रुपया एक बार फिर डॉलर की तुलना में कमजोरी का शिकार हो गया

के साथ ही की थी।
इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 18 पैसे की कमजोरी के साथ 87.85 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरूआत की थी। आज का कारोबार शुरू होने के कुछ देर बाद ही बाजार में बने नकारात्मक माहौल के कारण रुपया 22 पैसे की गिरावट के साथ 87.89 के स्तर तक पहुंच गया।

# फसल बीमा में ज्यादा नामांकन को लेकर शिवराज सिंह ने ली बैंकों व राज्यों की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के अंतर्गत किसानों का खरीफ सीजन में ज्यादा से ज्यादा नामांकन करने और ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में स्वयं सहायता समूहों की सदस्य बहनों की तरक्की के लिए उन्हें अधिक लोन देने के संबंध में आज सभी बैंकों व राज्य सरकारों की वर्चुअल बैठक ली। उन्होंने सभी बैंकों को निर्देश दिए कि वे महिलाओं को लोन देने के लिए फोकस कर कवरेज बढ़ाएं, साथ ही दूरदराज व दुर्गम क्षेत्रों पर भी



फोकस करके काम करें, ताकि बेहतर नतीजे मिल सकें। शिवराज सिंह ने निर्णय लिया कि वर्तमान खरीफ सीजन के फसल बीमा में ज्यादा से ज्यादा किसानों को सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए 16 से 30 अगस्त तक देशभर में अभियान चलाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने इस महत्वपूर्ण बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण का महायज्ञ चल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की विकास की गति और दिशा, दोनों देखकर दुनिया हैरान भी है और कुछ परेशान भी। अनेक लक्ष्यों को हमने प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में प्राप्त किया है।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सदन में कहा कि लंबे समय बाद सदन में सार्थक चर्चा हो रही है, हम बात सुन भी रहे हैं और जवाब भी दे रहे हैं

# मप्र विधानसभाः सदन में चार अहम विधेयक सर्वसम्मति से पारित

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र का मंगलवार को सांतवा दिन है। सदन में चार अहम विधेयक सर्वसम्मति से पारित किए गए। एमएसएमई मंत्री चैतन्य कुमार कश्यप ने मध्य प्रदेश जन विकास अधिनियम उपबंधों का संशोधन विधेयक 2025 सदन में पेश किया। इसके बाद परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मध्य प्रदेश मोटरयान कराधान संशोधन विधेयक 2025, राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने दो विधेयक मध्य प्रदेश माध्यम अधिकरण संशोधन विधेयक 2025 और मध्य प्रदेश विधिक सहायता निरसन विधेयक 2025 पेश किए।
नगरीय विकास और आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मध्य प्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास विधेयक 2025 (मेट्रोपॉलिटन सिटी एक्ट) पर चर्चा के लिए सदन में प्रस्ताव रखा। इस विधेयक पर दो घंटे तक विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके बाद कारखाना संशोधन विधेयक, दुकान तथा स्थापना संशोधन विधेयक और भारतीय स्टांप संशोधन विधेयक पर आधे-आधे घंटे की चर्चा का प्रस्ताव है, जबकि रजिस्ट्रीकरण संशोधन विधेयक पर एक घंटे की चर्चा होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सदन में कहा कि



लंबे समय बाद सदन में सार्थक चर्चा हो रही है। हम बात सुन भी रहे हैं और जवाब भी दे रहे हैं। विकास को लेकर मध्य प्रदेश से नहीं बल्कि देश को देखकर बात करनी चाहिए। देश के मध्य में होने के कारण मध्य प्रदेश का भौगोलिक एरिया हमारे लिए बड़ा महत्व रखता है। सड़क, बिजली और हमारे प्रदेश के लोगों की मानसिकता राज्य की प्रगति के लिए सर्वाधिक अनुकूल है। मध्य प्रदेश में चाहे कांग्रेस की सरकार रही हो या

**सदन में चर्चा**
- जो कच्चा माल मध्यप्रदेश से बाहर जाता है, उसका उपयोग करने वाले उद्योग मध्य प्रदेश में भी लगाए जाएं

बीजेपी की, किसी भी सरकार में कारखाने में हड़ताल नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इंदौर का विकास जेट की गति से चल रहा है। इंदौर के साथ देवास, धार, उज्जैन भी डेवलप होंगे। भोपाल में भी विकास हो रहा है। हमारी प्रायोरिटी इंडस्ट्रियल बेल्ट तय करने की है। बाकी आवासीय और कमर्शियल जोन तो रहेंगे ही। सरकार ने तय किया है कि रोजगार परक उद्योग लगाएंगे। महिला कर्मचारियों को 6000 और पुरुष कर्मचारी को 5000 रुपए इंसेंटिव दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगों के लिए सरलीकरण व्यवस्था की जानकारी देते हुए कहा कि पहले 29 परमिशन लगती थीं, जिसे हम 10 पर ले आए हैं। हमने तय किया है कि जो कच्चा माल मध्यप्रदेश से बाहर जाता है, उसका उपयोग करने वाले उद्योग मध्य प्रदेश में भी लगाए जाएं ताकि प्रदेश के कच्चे माल का उपयोग मध्य प्रदेश में ही हो सके।

# राहुल गांधी से बड़ा देशभक्त कौन हो सकता हैः गहलोत

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद चीनी घुसपैठ पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का समर्थन करते हुए कहा है कि राहुल ने कोई गोपनीय जानकारी साझा नहीं की है। चीनी घुसपैठ की जानकारी इंटरनेट और विश्वसनीय स्रोतों पर मौजूद है। उनसे बड़ा देश भक्त कौन हो सकता है। गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किया कि राहुल गांधी ने कोई गोपनीय जानकारी साझा नहीं की। गलवान में चीनी घुसपैठ और झड़प जिसमें 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए, की जानकारी पहले से



ही सार्वजनिक है।
चीन ने भारत में लगभग दो हजार किलोमीटर तक की घुसपैठ और उससे संबंधित स्थानों की जानकारी भी इंटरनेट और मीडिया में विश्वसनीय स्रोतों पर उपलब्ध है। पूर्व मुख्यमंत्री ने लिखा कि लद्दाख के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी समय-समय पर चीनी घुसपैठ को लेकर चिंता जताते रहे हैं।

# सीएम ने 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान को दी मजबूती

**स्वच्छता**

**पूरी दिल्ली इस मिशन में जुटी हुई है। देखकर गर्व होता है कि दिल्लीवासी खुद आगे आ रहे: सीएम**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को तिमारपुर की संजय बस्ती में स्वच्छता अभियान चलाकर 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान को और मजबूती दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक सूर्य प्रकाश खत्री, महापौर राजा इकबाल सिंह और बड़ी संख्या में स्थानीय साथियों की सक्रिय भागीदारी ने इसे और भी व्यापक बना दिया। उन्होंने कहा कि पूरी दिल्ली इस मिशन में जुटी हुई है। देखकर गर्व होता है कि दिल्लीवासी खुद आगे आ रहे हैं। कोई बस स्टैंड की सफाई कर रहा है, तो कोई अपने घर, गली, कॉलोनी और बाजार से शुरूआत कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा सरकार के तमाम विभाग सक्रिय हैं। हमारे जनप्रतिनिधि स्वयं मैदान में हैं। यह दिल्ली को स्वच्छ और गरिमामय बनाने की दिशा में एक सामूहिक संकल्प है। उन्होंने एक बार फिर सभी दिल्लीवासियों से मिलकर दिल्ली को कूड़े से आजादी दिलाने की अपील की। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में एक से 31 अगस्त तक 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।



## कूड़े की वजह से होता है सीवर जाम

**लोगों** ने बताया कि बरसात के दौरान यह कूड़ा जलभराव होने की सबसे बड़ी वजह बनता है। कई दिनों तक सड़कों और गलियों में पड़े रहने के बाद यह बारिश के पानी के साथ बहकर नालियों में चला जाता है और सीवर को जाम कर देता है। इससे सड़क पर पानी लबालब भर जाता है। कूड़े की वजह से ही बारिश का पानी लोगों के घर और दुकान में घुसने का सबब बनता है। इससे लोगों को नुकसान उठाना पड़ता है।

**नाले से गाद निकालकर गलियों में छोड़ देते हैं**

कई बार सफाई कर्मचारी नाले से गाद निकालकर गलियों में ही छोड़े देते हैं। यह गाद कई दिनों तक ऐसे ही सूखती रहती है। बारिश के बाद यह गाद फिर से नाले में चला जाता है। कई दिनों तक कूड़ा गलियों में पड़ा रहता है। इस पर मक्खियां भिनभिनाती रहती हैं। इसके पास से होकर गुजरने पर दुर्गंध आती है।

## पूर्वी दिल्ली में कूड़े का राजः स्वच्छता अभियान के बावजूद नहीं सुधर रहे हालात, दुर्गंध के कारण लोग परेशान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली में कूड़े की समस्या दिन-ब-दिन विकराल रूप लेती जा रही है। जिले में कूड़े का ढेर बढ़ता ही जा रहा है। जगह-जगह कूड़े का ढेर गालियों व मुख्य सड़कों पर पड़ा हुआ है। इन दिनों सरकार ने प्रदेश भर में स्वच्छता अभियान चलाया हुआ है। इसके बावजूद यह हाल देखने को मिल रहा है। लक्ष्मी नगर, मयूर विहार, पटपड़गंज, विनोद नगर, शाहदरा, गांधीनगर मार्केट, शास्त्री पार्क, सीलमपुर, जाफराबाद, बाबरपुर, गोकुलपुरी और ताहिरपुर गांव समेत अन्य इलाकों में जगह-जगह कूड़े का अंबार लगा हुआ है। इन इलाकों में कई दिनों से कूड़ा नहीं उठाया गया है। लोगों का कहना है कि चुनाव से पहले नेता गलियों को साफ-सुथरा करने का वादा करके चले जाते हैं, लेकिन चुनाव जीत जाने के बाद वह लौट कर कभी इन गलियों की ओर नहीं देखते हैं। वह खुद भी इन्हीं सड़कों से होकर गुजरते तो जरूर हैं, मगर उनका ध्यान कूड़े के ढेर पर नहीं जाता है। यह ढेर ऐसे ही कई दिनों तक पड़ा रहता है। कर्मचारी इसे साफ करने की थोड़ी सी भी जहमत नहीं उठाते हैं। यह कूड़ा यूं ही सड़ता रहता है, जिसकी वजह से इसमें से दुर्गंध आने लगती है। इसके पास से होकर गुजरने पर दम घुटने लगता है। स्थिति ऐसी हो गई है कि लोगों को नाक पर हाथ रखकर चलना पड़ रहा है।

**खुद को भी बदलना बेहद जरूरी**

दिल्ली को स्वच्छ बनाने के लिए लोगों को भी बदलना होगा। लोग अपने घर की सफाई तो करते हैं, लेकिन अपने आसपास की सफाई नहीं करते हैं। दिल्ली को साफ-सुथरा बनाने के लिए लोगों को पहले अपनी खुद की भी मानसिकता बदलनी पड़ेगी। साफ-सफाई करते समय अपने आसपास की भी सफाई करनी होगी।

# फर्जी एक्सिस बैंक अधिकारी बनकर करते थे ठगी, पांच गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले की साइबर थाना पुलिस ने एक ऐसे साइबर अपराध गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो सुनियोजित तरीके से लोगों को ठग रहा था। गिरोह के सदस्य खुद को एक्सिस बैंक का कर्मचारी बताकर लोगों से उनके क्रेडिट कार्ड की गोपनीय जानकारी और ओटीपी प्राप्त कर हजारों-लाखों की ठगी कर रहे थे। पुलिस ने गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके साथ गिरोह में एक महिला भी शामिल थी। पुलिस ने आरोपितों के पास से बड़ी मात्रा में डिजिटल उपकरण, बैंक दस्तावेज, फर्जी कंपनियों की मुहरें और क्यूआर कोड स्कैनर बरामद किए हैं। दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी अमित गोयल के अनुसार 20 जून को साइबर थाने में एक शिकायत प्राप्त हुई। जिसमें पालम कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसे एक कॉल आया जिसमें कॉल करने वाला खुद को एक्सिस बैंक का कर्मचारी बता रहा था। उसने पीड़ित को उसके खाते की कुछ निजी जानकारी देकर विश्वास में लिया और रिवॉर्ड पॉइंट रिडेम्पशन के नाम पर क्रेडिट कार्ड का ओटीपी प्राप्त कर लिया। इसके बाद पीड़ित के एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड से 96,000 हजार की ठगी कर ली गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिक की देखरेख में पुलिस टीम ने जांच शुरू की।

# सालों से बंद 'यू स्पेशल बस सेवा' फिर होगी शुरू : रेखा गुप्ता

**सुविधा युक्त**

**ये बसें अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगी, जिनमें एयर कंडीशनिंग जैसी सुविधाएं शामिल होंगी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के अधीन संचालित सोशल सेंटर स्कूल (मौरिस नगर) के नए शैक्षणिक ब्लॉक का उद्घाटन करते हुए राजधानी के छात्रों को एक बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि वर्षों से बंद पड़ी यू स्पेशल बस सेवाओं को फिर से शुरू किया जाएगा। ये बसें अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगी, जिनमें एयर कंडीशनिंग, एलईडी लाइटिंग और म्यूजिक सिस्टम जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। मुख्यमंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि दिल्ली विश्वविद्यालय को कुछ स्कूलों को गोद लेना चाहिए ताकि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और छात्र नियमित रूप से इन विद्यालयों में जाकर स्कूली बच्चों का मार्गदर्शन करें। मुख्यमंत्री ने सोशल सेंटर स्कूल की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि 1947 में सामाजिक सेवा के उद्देश्य से शुरू हुआ यह स्कूल अब एक भव्य चार मंजिला इमारत और 21 आधुनिक कक्षाओं वाले संस्थान में बदल चुका है। मुख्यमंत्री ने इस स्कूल की देख-रेख व नवीनीकरण के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय की सराहना की। मुख्यमंत्री ने मौके पर विद्यालय को कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई के लिए मान्यता देने की भी घोषणा की। इस उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह, महापौर राजा इकबाल सिंह, स्थानीय विधायक, विश्वविद्यालय एवं शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा सुधारों के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता और छात्रों के भविष्य को लेकर उनकी संवेदनशीलता दिल्ली को श्रेष्ठ शिक्षा, श्रेष्ठ भविष्य की दिशा में मजबूती से आगे ले जा रही है। उल्लेखनीय है कि यू-स्पेशल बसें दिल्ली के कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए ही थी। ये दिल्ली के विभिन्न व खास इलाकों से चलती थी और मशहूर कॉलेजों तक जाती थी।

# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का रेमिटफर्स्ट2इंडिया लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने रेमिटफर्स्ट2इंडिया नाम से एक नया डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है, जो एनआरआई ग्राहकों को भारत में रहने वाले अपने परिवार को पैसे भेजने की सुविधा देता है, वह भी तेज, सुरक्षित तरीके से और बिना किसी ट्रांसफर शुल्क के। बैंक के एनआरआई ग्राहक अपने मोबाइल बैंकिंग ऐप के जरिए आसानी से लॉग-इन कर सकते हैं और ट्रांजेक्शन कर सकते हैं। वहीं, जो लोग फिलहाल आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के ग्राहक नहीं हैं, वे भी एक समर्पित वेब पोर्टल के जरिए पेपरलेस और आसान तरीके से रजिस्ट्रेशन कर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। रेमिटफर्स्ट2इंडिया की शुरूआत सिंगएक्स के साथ साझेदारी में की गई है, जो कि मॉनिटरी अथॉरिटी ऑफ सिंगापुर से लाइसेंस प्राप्त एक अग्रणी मनी ट्रांसफर सेवा प्रदाता है। इस पहल का उद्देश्य है कि लोगों को पूरी तरह से सुरक्षित, पारदर्शी और आसान क्रॉस-बॉर्डर भुगतान करने की सुविधा मिले। फिलहाल यह प्लेटफॉर्म सिंगापुर और हांगकांग से भारत में पैसे भेजने की सुविधा देता है और जल्द ही अन्य देशों से भी इसका विस्तार किया जाएगा। इसमें हर लेन-देन की जानकारी ग्राहक को चरण दर चरण लाइव ट्रैकिंग के जरिए मिलती है। इस प्लेटफॉर्म को खास तौर पर गति, पारदर्शिता और आसान उपयोग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।



ब्रिटिश संसदीय प्रतिनिधिमंडल से दिल्ली विस अध्यक्ष की मुलाकात।

# मकोका मामले में नरेश समेत सभी नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत 13 अगस्त तक बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मकोका मामले में आम आदमी पार्टी नेता नरेश बाल्यान समेत सभी नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत 13 अगस्त तक बढ़ा दी है। स्पेशल जज दिग्विनय सिंह ने न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान मंगलवार को इस मामले के सभी आरोपित वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने 15 जुलाई को दिल्ली पुलिस की ओर से दायर तीसरे पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। दिल्ली पुलिस की तीसरे चार्जशीट में विकास गहलोत की पत्नी विनीता पर आरोप लगाया है कि उसने 17 अप्रैल को अपने पति के निर्देश पर उसके घर से एक रिश्तेदार के घर पर हथियारों को पहुंचवाया था। दिल्ली पुलिस ने इन हथियारों को विकास गहलोत के रिश्तेदार के घर से बरामद किया था। इसके पहले कोर्ट ने 27 मई को नरेश बाल्यान की इस मामले में दायर दूसरी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने नरेश बाल्यान के अलावा जिन आरोपितों के खिलाफ दाखिल पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लिया था उनमें साहिल ऊर्फ पोली, विजय ऊर्फ कालू और ज्योति प्रकाश ऊर्फ बाबा शामिल हैं। कोर्ट ने इन आरोपितों के खिलाफ मकोका की धारा 3 और 4 के तहत संज्ञान लिया है। कोर्ट ने 24 फरवरी को आरोपित रितिक पीटर के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया था।

# सुप्रीम कोर्ट ने धीरज वधावन की जमानत रद्द की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने डीएचएफएल के 34 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के फर्जीवाड़े के मामले के आरोपित धीरज वधावन को स्वास्थ्य के आधार पर मिली जमानत को निरस्त कर दी है। उच्चतम न्यायालय ने वधावन को दो हफ्ते में सरेंडर करने का आदेश दिया। न्यायालय ने जेल प्रशासन और सीबीआई को निर्देश दिया कि वो वधावन के मिलने वाले चिकित्सा का ध्यान रखें और उन्हें जरुरी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं। उच्चतम न्यायालय ने वधावन के स्वास्थ्य की जांच के लिए 11 डॉक्टरों की एक कमेटी का गठन किया था। नौ जुलाई को इस कमेटी ने रिपोर्ट दी थी, जिसमें कहा गया था कि वधावन को अस्पताल में भर्ती कराने की कोई जरुरत नहीं है, बल्कि पहले से चल रही चिकित्सकीय देखरेख और दवाओं को जारी रखने की जरुरत है। कमेटी ने कहा था कि वधावन का समय-समय पर फिजियोथेरेपी समेत दूसरे मेडिकल चेकअप करते रहना चाहिए। दरअसल, दिल्ली उच्च न्यायालय ने 9 सितंबर, 2024 को वधावन की स्वास्थ्य रिपोर्ट को देखने के बाद वधावन को जमानत दी थी। सीबीआई ने दिल्ली उच्च न्यायालय के इसी आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी। सीबीआई ने 15 अक्टूबर 2024 को 55 हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट पर ट्रायल कोर्ट ने संज्ञान भी लिया था। इस चार्जशीट को आरोपितों की ओर से अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 173 के तहत अधूरा बताया गया था।



**निरस्त**

**फर्जीवाड़े के मामले के आरोपित धीरज को स्वास्थ्य के आधार पर मिली जमानत को निरस्त कर दी**

# दिल्ली में लाल किले के पास 5 बांग्लादेशी घुसपैठिए पकड़े गए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किले के आसपास जांच के दौरान पांच संदिग्ध युवकों को सुरक्षा कर्मियों ने पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि ये सभी 20 से 25 वर्ष की आयु के युवक बांग्लादेश के नागरिक हैं। यह पिछले 3-4 महीने पहले अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर चुके थे। उत्तरी जिले के डीसीपी राजा बांठिया के अनुसार जांच में इन युवकों के पास न तो लाल किले में प्रवेश का वैध पास था और न ही कोई वैध भारतीय दस्तावेज। जब उन्हें रोका गया तो उन्होंने बताया कि वे दिल्ली में मजदूरी का काम कर रहे हैं।

# नौकर की नीयत पर पड़ा लालच का पर्दा, 55 लाख की चोरी का खुलासा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम जिले की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड (एएटीएस) टीम और केशव पुरम थाने की संयुक्त कार्रवाई में 55 लाख रुपये की चोरी का खुलासा करते हुए आरोपित नौकर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान हरियाणा निवासी नरेंद्र शर्मा (27) के रूप में हुई है। आरोपित के पास से पूरी रकम 55 लाख नकद बरामद कर ली गई है। पुलिस के मुताबिक 27 जुलाई को लॉरेंस रोड निवासी नंद किशोर ने केशव पुरम थाने में शिकायत दी कि उनके ऑफिस में काम करने वाला डिलीवरी बॉय नरेंद्र शर्मा 24 जुलाई को 55 लाख रुपये कैश लेकर एक पार्टी को देने गया था, परंतु न ही उसने पैसे दिए और न ही वापस लौटा। कुछ समय बाद उसका मोबाइल भी बंद मिला। शक होने पर जब खोजबीन की गई तो यह साफ हो गया कि वह रकम लेकर फरार हो गया है। इस संबंध में केशव पुरम थाने में मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने हरियाणा, उत्तराखंड, उप्र और दिल्ली में लगातार छापेमारी की। तकनीकी निगरानी के तहत 200 से अधिक कॉल डिटेल रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। आरोपित बार-बार ठिकाने बदल रहा था। लेकिन अंततः पुलिस ने उसे दिल्ली से धर दबोचा। कड़ी पूछताछ में आरोपित नरेंद्र ने अपना जुर्म कबूल किया। उसने बताया कि वह आसान तरीके से बड़ी रकम कमाना चाहता था और शानो-शौकत की जिंदगी जीने की चाह में यह कदम उठाया।




# गाड़ी चला रहा युवक हुआ बेहोश, फिर सफेद वस्त्रों में आया फरिश्ता और बचा ली जान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल के पास मंगलवार को गाड़ी चला रहे एक युवक अचानक बेहोश होने लगा तो पास में ही मौजूद यातायात पुलिसकर्मी एएसआई ने सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) देकर उनकी जान बचा ली। जब युवक की हालत में सुधार आया तो उनके भाई को सूचना दी गई और उनके भाई के पहुंचने तक युवक के पास मौजूद रहें। गाड़ी गुरुग्राम के मौजी वाला कुआं निवासी अजीत चला रहा था। एएसआई कृष्ण की तत्परता और समझदारी से एक युवक की जान बच सकी।

**जान बचा ली**

**एएसआई कृष्ण की तत्परता और समझदारी से एक युवक की जान बच सकी**

**बीच रास्ते बंद हो गई थी गाड़ी**

मंगलवार को जोनल अधिकारी मेदांता एएसआई कृष्ण कुमार दोपहर को अपनी ड्यूटी पर मौजूद थे। उन्होंने देखा कि सड़क पर एक गाड़ी झटके लेते हुए अचानक बंद हो गई। वह तुरंत ही गाड़ी के पास पहुंचे और देखा की चालक गाड़ी में बेहोशी की हालत में था। उन्होंने तुरंत ही अपनी टीम के साथियों और वहां पर मौजूद राहगीरों की सहायता से उन्हें गाड़ी से बाहर निकाला और सड़क किनारे लेटा दिया। उन्होंने अजीत को सीपीआर देते हुए छाती को जोर जोर से दबाया। थोड़ी ही देर में उनके शरीर में गतिविधि होने लगी। जब उनको होश आया तो उन्हें पानी पिलाकर वहीं पर बैठा दिया गया। इसी दौरान उनके मोबाइल पर उनके भाई को फोन आया। एएसआई कृष्ण ने फोन पर भाई को पूरी जानकारी देकर अपने पास बुलाया। भाई ने मौके पर पहुंचकर कहा कि वह अपने भाई को उपचार करा लेंगे।

# जैन के खिलाफ एक रुपये का भ्रष्टाचार न मिलाः सिसोदिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आप नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में क्लोजर रिपोर्ट को मंजूरी मिलने के बाद आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया की पहली प्रतिक्रिया आई है। जिसमें उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि आठ साल तक जांच चली। लेकिन भ्रष्टाचार का एक रुपया भी बरामद नहीं हुआ। साथ ही उन्होंने भाजपा पर भी तंज कसा। आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया ने एक्स पर लिखा कि आठ साल तक जांच चली। सीबीआई-ईडी की रेड और मीडिया ट्रायल हुआ। यहां तक कि बच्चों के कपड़े तक खंगाले गए। लेकिन कोर्ट में खुद सीबीआई ने कहा कि एक रुपये का भी भ्रष्टाचार नहीं मिला। आगे लिखा कि तो जिन्होंने झूठा केस गढ़ा था। जिन्होंने सत्येंद्र जैन को विलेन बनाकर चैनलों पर चीख-चीखकर टीआरपी बटोरी गई। जिन्होंने भ्रष्टाचार उजागर की भाजपाई स्क्रिप्ट पढ़ पढ़कर सत्येंद्र को जेल भेजने का जश्न मनाया था। भाजपा पर तंज कसते हुए लिखा कि भाजपा और उसकी झूठ फैलाने की नौकरी बजाकर जीने वाली जमात को अब माफी मांगनी चाहिए कि देश से, सच्चाई से और उस परिवार से जिसे आठ साल तक बदनाम किया गया। क्या झूठ फैलाने वालों की कोई जवाबदेही नहीं होती है। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने सत्येंद्र जैन पर केस क्लोज होने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक्स पर भारद्वाज ने लिखा कि दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता विजेंद्र गुप्ता झूठी शिकायत करते हैं। एलजी उसे सीबीआई को भेज देते हैं। शिकायत में कुछ होता नहीं, फिर भी सत्येंद्र जैन पर झूठा केस दर्ज होता है। बिना सबूत के सीबीआई जांच शुरू करती है और सत्येंद्र जैन और उनके परिवार और पार्टी को लगातार परेशान किया जाता है। क्या इस तरह के उत्पीड़न के लिए कानूनी कार्रवाई नहीं होनी चाहिए?

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में पेशेवरों की अनियमित नियुक्ति और असंबंधित परियोजना निधि से भुगतान के आरोपों से संबंधित एक मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) की तरफ से दायर क्लोजर रिपोर्ट को राउज एवेन्यू कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। मामला दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन और अन्य के खिलाफ था।



**प्रतिक्रिया**

**आठ साल तक जांच चली। लेकिन भ्रष्टाचार का एक रुपया भी बरामद नहीं हुआ**

**सीबीआई-ईडी की रेड और मीडिया ट्रायल हुआ। यहां तक कि बच्चों के कपड़े तक खंगाले गए**

## उत्तर रेलवे
### ई–खुली निविदा सूचना

मंडल अभियंता/सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक **26.08.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| ए | वरिष्ठ मंडल अभियंता/संपदा के कार्य में घनी आबादी वाले क्षेत्रों में अतिक्रमण रोकने के लिए चारदीवारी का निर्माण कार्य हेतु। | रुपये 4,69,73,093.58 | रुपये 3,84,900.00 | 12 महीने |

1. निविदा दिनांक: **26.08.2025** को **15:00 बजे** तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।
पत्र संख्या:–128–डब्लयू/269/खुली निविदा सूचना/टेंडर नं. 21/25–26/डब्लयू–ई
दिनांक: 04.08.2025 2371/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना संख्याः वरि.म.वि. इजि./चलस्टाक/वि.लो.शेड/कानपुर/2025-26/आर.ई.टी.-02 दिनांक 02.08.2025

### ई-निविदा सूचना

वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता, चल स्टाक, उत्तर मध्य रेलवे, अनवरगंज, कानपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदा में आमन्त्रित की जाती है, जो कि निविदा खुलने की तारीख एवं समय तक प्राप्त की जायेंगी। निविदा विवरण निम्न प्रकार हैः

**निविदा सं.:** ELS-CNB-2025-26-RET-02, **कार्य का विवरणः** फिनिश मशीनिंग वर्क ऑफ रफ एक्सल फॉर डब्लू.ए.जी.-7 लोको एज पर सी.एल.डब्लू डी.आर.जी. न. 06/02/11/3 (डब्लू.ए.जी.-7) क्यू टी.वाई.110 नम्बर एण्ड डब्लू.ए.जी.-9 लोको एज पर व्हीलसेट एक्सल डी.आर.जी.न.1209.01:011.002 क्यू.टी.वाई. 120 नम्बर फॉर इलैक्ट्रिक लोकोमोटिवस एट इलैक्ट्रिक लोको शेड कानपुर।

**अनुमानित मूल्य :** ₹ 1,65,74,851.30 (रू. एक करोड़ पैंसठ लाख चौहत्तर हजार आठ सौ इक्यावन एवं तीस पैसा मात्र)

**बिड सिक्यूरिटी :** ₹ 2,32,900.00 (रू. दो लाख बत्तीस हजार नौ सौ मात्र)

**कार्य सम्पादन की अवधि :** चौबीस महीने | **निविदा दस्तावेज की कीमत :** ₹ शून्य

**निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** 26.08.2025 & 15:30 hrs.

**नोटः-** 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर खुलने की तिथि और समय तक उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रुप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T. Act-2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट शेड्यूल पेज पर ही विचारणीय है। दरे तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी डाक्युमेंट / फार्म/ लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा।4. संलग्न किये जाने सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। 5. निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है 6. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 1377/25 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **राजेश उर्फ राजू**, पताः वेगाबॉन्ड कीर्ति नगर नई दिल्ली, **FIR No. 334/2020 U/s 354 (C) IPC पुलिस थानाः कीर्ति नगर दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश उर्फ राजू**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश उर्फ राजू**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **राजेश उर्फ राजू, FIR No. 334/2020 U/s 354 (C) IPC पुलिस थानाः कीर्ति नगर दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.09.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
शिवली तलवार
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (पश्चिम),
महिला कोर्ट–01
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/10176/WD/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **ओम प्रकाश उर्फ झगडू** पुत्र श्री सुरेश सिंह, निवासी- डी 86, आश्रम चौधरी का मकान, ग़ाज़ीपुर गाँव, दिल्ली और गाँव पाकरसामा थाना शहरघाट जिला मधुबनी, बिहार ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 613/2018 धारा 354/341/506/34 भा.द.स और 10 पोक्सो अधिनियम, थाना गाजीपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ओम प्रकाश उर्फ झगडू** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ओम प्रकाश उर्फ झगडू** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **ओम प्रकाश उर्फ झगडू, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 613/2018 धारा 354/341/506/34 भा.द.स और 10 पोक्सो अधिनियम, थाना गाजीपुर, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **सुबह 10:00 बजे** दिनांक **08.09.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री राकेश कुमार रामपुरी**
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, सुप्रीम कोर्ट, पोक्सो अधिनियम
पूर्वी जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/10335/ED/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **देविंदर एस. रात्रा**, निवासी- जे-8/118 राजौरी गार्डन, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 86/23 धारा 174ए भा.द.स, थाना जनक पुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **देविंदर एस. रात्रा** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **देविंदर एस. रात्रा** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **देविंदर एस. रात्रा, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 86/23 धारा 174ए भा.द.स, थाना जनक पुरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.09.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री हरजोत सिंह औजला**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-11
दक्षिण-पश्चिम जिला, न्यायालय संख्या 05
द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली

DP/9416/WD/2025

# विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने नशा मुक्ति कार्यक्रम का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
श्री सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कक्षा ग्यारहवीं तथा 12वीं के लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने की । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक शर्मा रहे । कार्यक्रम का मुख्य विषय नशा मुक्ति था! कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक शर्मा ने अपने राष्ट्रीय सेवा योजना के 11 साल का अनुभव तथा अपने अध्यापन के 40 साल के अनुभव को बच्चों से साझा किया तथा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा सिर्फ एक व्यक्ति नहीं बल्कि पूरे समाज को कमजोर करता है उन्होंने सभी को नशा मुक्त भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया! उन्होंने कहा कि यदि नशा करना है तो राष्ट्रीय सेवा का करो ,देश भक्ति का करो! मोबाइल के नशे से हमेशा दूर रहो तथा हमें स्वस्थ जीवन शैली अपनानी चाहिए और खेलकूद पढ़ाई तथा समाज सेवा में योगदान देना चाहिए । विद्यालय की प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने अपने संदेश में नशे से होने वाले शारीरिक ,मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि नशा व्यक्ति का स्वास्थ्य और भविष्य दोनों नष्ट कर देता है जो विद्यार्थी नशा करते हैं ,वह अपने सपनों और परिवार की उम्मीदों को खो देते हैं !कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल द्वारा स्वयंसेवकों को शपथ दिलाई गई जिसमें सभी विद्यार्थियों ने नशा न करने तथा दूसरों को भी नशा मुक्त रहने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के इंचार्ज रणबीर शर्मा ने सभी का धन्यवाद किया । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से हिंदी विभाग की अध्यापिका सिद्धेश्वरी, गणित विभाग के अध्यापक संदीप , विद्यालय के अकाउंटेंट राजेंद्र जैसवाल राजनीति विज्ञान की अध्यापिका कविता ,अजय ,तान्या तथा वरुण मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# शहर में भारी वाहनों को नहीं करना पड़ेगा प्रवेश



**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली):** नूंह जिले के लोगों के लिए अच्छी खबर है। आने वाले अगले साल तक बाईपास का काम पूरी तरह से कंप्लीट कर लिया जाएगा। तकरीबन साढ़े 3 किलोमीटर लंबाई के इस मार्ग में सिविल वर्क पर लगभग 3 करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी। यह जानकारी लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रदीप सिंधु ने पत्रकारों को दी। कार्यकारी अभियंता प्रदीप सिंधु ने बताया कि इस बाईपास का काम दो चरणों में किया गया है। पहले तावडू कट से नल्हड़ मेडिकल रोड तक करीब 50 फीसदी बाईपास का काम पहले ही हो गया था, लेकिन वन विभाग की एनओसी नहीं मिलने के कारण बाकि काम पूरा नहीं हुआ था। अब वन विभाग के अड़चन दूर कर ली गई है। इस माह के अंत तक जमीन वन विभाग को ट्रांसफर कर दी जाएगी। प्रदीप सिंधु कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने कहा कि बरसात के सीजन की वजह से पेड़ों की कटाई अभी नहीं हो पाएगी।

अक्टूबर माह में पेड़ों की कटाई शुरू हो जाएगी। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि अगले साल बरसात के सीजन शुरू होने से पहले मई - जून 2026 तक बाईपास का काम पूरा कर लिया जाएगा। जो काम दूसरे चरण में शुरू होगा वह नल्हड़ मेडिकल रोड से दिल्ली अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग 248ए से जुड़ेगा। इस मार्ग के बनने के बाद तावडू से आने - जाने वाले वाहनों को नूंह शहर में प्रवेश नहीं करना पड़ेगा। जिससे लोगों को समय व धन की भी बचत होगी और साथ ही इस बाईपास के कंप्लीट हो जाने के बाद जमीनों के रेट भी आसमान छूने लगेंगे। जाम की समस्या से नूंह शहर में पूरी तरह से निजात मिल जाएगी। इस घोषणा का भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पिंटू ने भी स्वागत किया है और उन्होंने कहा कि सरकार नूंह जिले का विकास करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस बाईपास के निर्माण के बाद नूंह शहर के विकास को और तेजी से पंख लगेंगे। हम सरकार के इस कदम का स्वागत करते हैं।


## पूर्वोत्तर रेलवे
### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टी.आर.एस./पूर्वोत्तर रेलवे, लोको शेड गोण्डा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम : निविदा सूचना संख्या : LS-GD-25-Ovh-Aux-Motor-R2,** "गोंडा और गोरखपुर शेड के पारंपरिक और 3 फेज इलेक्ट्रिक लोको के सहायक मोटर्स की ओवरहालिंग 2 वर्षों के लिए" अनुमानित लागत (रू. में) :– ₹ 1,03,52,960.28, निविदा की अवधि :– 24 माह, अग्रिम धन राशि (रू. में) :– ₹ 2,01,800.00,

समंविइं/टीआरएस पूर्वोत्तर रेलवे,
मुजाधि/विद्युत- 108 लोको शेड गोण्डा
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



## उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा)

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | डीएलटी–डब्ल्यू/एल नंबर 3, 4 और 5, राजधानी डब्ल्यू/एल नंबर 9 और 10 पर हाई–स्पीड ट्रेन के रखरखाव की सुविधा के लिए वॉशिंग कम पिट–लाइनों पर कवर शेड के प्रावधान सहित रखरखाव सुविधाओं के उन्नयन के लिए दूरसंचार सुविधाओं का प्रावधान। और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर डीएलटी–डब्ल्यू/एल नंबर 1 और 2 का शेष भाग। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 2,71,07,148.57/- मात्र |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ 2,85,500.00/- मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 29.08.2025 15:00 बजे तक। |
| वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

निविदा संख्या : 558–सिगनल–16–टेली–ओपनटेंडर–1017
दिनांक : 05.08.2025 2375/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा)

निविदा संख्याः 558-Sig-16-M-TENDER-1456 दिनांक : 04.08.2025

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | दिल्ली मंडल के मेटालिक ब्रिज पर डुअल MSDAC का प्रावधान (MSDAC की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग को छोड़कर)। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | Rs. 2,94,10,260.89/- |
| धरोहर राशि (₹) | Rs. 2,97,100.00/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 04.08.2025 /निविदा खुलने का दिनांक 26.08.2025 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

2374/25
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बहारुल शेख** पुत्र रहमान शेख निवासी सी–327, गली नं. 13, शास्त्री पार्क, दिल्ली वर्तमान में पता: मकान नं. सी–9/बी–208, जमुना का पुस्ता, धोबी घाट, भजनपुरा, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 105/2019 धारा 323/380/457/511/34 भा.द.स., थाना रूप नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **बहारुल शेख** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **बहारुल शेख** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 105/2019 धारा 323/380/457/511/34 भा.द.स., थाना रूप नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **बहारुल शेख** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **23.09.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री हिमांशी त्यागी,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–13 (केन्द्रीय),
कमरा नं. 33, भूतल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/10381/N/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुखदेव सिंह उर्फ प्रिंस बख्शी पुत्र** स्व0 बख्शीश सिंह, **निवासी** मकान नं0 ए–106, 107 डीडीए कॉलोनी, चौखंडी तिलक नगर, दिल्ली, ने **FIR No. 146/2019, U/S 324 IPC, पुलिस स्टेशन तिलक नगर, पश्चिम जिला, दिल्ली**, के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 146/2019, U/S 324 IPC, पुलिस स्टेशन तिलक नगर, पश्चिम जिला, दिल्ली**, के उक्त अभियुक्त **सुखदेव सिंह उर्फ प्रिंस बख्शी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.10.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
डॉ. अनीज़ा बिश्नोई
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07,
(पश्चिम), कमरा संख्या–289, द्वितीय तल,
तीस हज़ारी न्यायालय, दिल्ली

DP/10326/WD/2025
(Court Matter)


## उत्तर मध्य रेलवे

**उत्तर मध्य रेलवे कालेज, टूण्डला जिला फिरोजाबाद (उ0प्र0)**
**(संविदा शिक्षकों की भर्ती)**
**सं0 एन0सी0आर0सी0/टू0/पी.जी.टी./टी.जी.टी./पी.आर.टी./2025 दिनांक : 01.08.2025**
**Allocation No- 110-110-99**

उत्तर मध्य रेलवे इण्टर कालेज, टूण्डला में अधोलिखित पदों के लिये संविदा आधार पर निम्न अध्यापक/अध्यापिकाओं के पदों पर नियुक्ति हेतु एक निश्चित मानदेय के आधार पर भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
नियुक्ति निम्न शर्तों के आधार पर होगी।
1- नियुक्ति की अवधि - अधिकतम 200 कार्य दिवसों या इससे कम अवधि के लिये होगी।
2- संविदा शिक्षकों को अध्यापन एवं सहपाठ्यगामी क्रिया-कलापों के अतिरिक्त जैसे परीक्षा कार्य, मूल्यांकन, अरेंजमैंट पीरियड, ऑफलाईन-ऑनलाईन ट्रेनिंग/वर्कशॉप में सम्मिलित होना इत्यादि कार्य करना होगा इसके लिये कोई भी अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा।
3- संविदा शिक्षकों को बिना किसी पूर्व सूचना के हटाया जा सकता है, इनको विभाग में रेल शिक्षकों की भाँति स्थाईकरण करने का कोई भी दावा का अधिकार नहीं होगा। जो संविदा शिक्षक अपने संविदा समय के मध्य में बिना 20 दिन पूर्व लिखित सूचना के कार्य छोड़ेंगे उन्हे उस माह की शेष/पार्ट अवधि का किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किया जायेगा।

| क्रम सं0 | पदनाम | विषय | पदों की संख्या | विवरण (कम्यूनिटी) | संयुक्त मानदेय प्रति माह |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रवक्ता (पी.जी.टी.) | रसायन विज्ञान | 01 | UR | 27500/- |
| 2 | प्रवक्ता (पी.जी.टी.) | भूगोल | 01 | UR | 27500/- |
| 3 | प्रवक्ता (पी.जी.टी.) | अंग्रेजी | 02 | 01-UR, 01-ST | 27500/- |
| 4 | प्रवक्ता (पी.जी.टी.) | वाणिज्य | 01 | UR | 27500/- |
| 5 | प्रवक्ता (पी.जी.टी.) | इतिहास+नागरिकशास्त्र | 01 | SC | 27500/- |
| 6 | प्रवक्ता (पी.जी.टी.) | गणित | 01 | OBC | 27500/- |
| 7 | प्रवक्ता (पी.जी.टी.) | जीव विज्ञान | 01 | UR | 27500/- |
| 8 | प्रवक्ता (पी.जी.टी.) | हिन्दी | 02 | 01-OBC, 01-EWS | 27500/- |
| 9 | प्रवक्ता (पी.जी.टी.) | अर्थशास्त्र | 01 | UR | 27500/- |
| | | योग | 11 (UR-6, OBC-2, SC-1, ST-1, EWS-1, PWD-NIL) | | |

| क्रम सं0 | पदनाम | विषय | पदों की संख्या | विवरण (कम्यूनिटी) | संयुक्त मानदेय प्रति माह |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहा0अध्यापक (टी.जी.टी.) | पी.टी.आई (पुरूष) | 02 | 01-UR, 01-ST | 26250/- |
| 2 | सहा0अध्यापक (टी.जी.टी.) | संगीत (गायन) | 01 | UR | 26250/- |
| 3 | सहा0अध्यापक (टी.जी.टी.) | अंग्रेजी | 01 | EWS | 26250/- |
| 4 | सहा0अध्यापक (टी.जी.टी.) | गणित+विज्ञान | 04 | 01-EWS, 01-OBC, 01-UR, 01-ST | 26250/- |
| 5 | सहा0अध्यापक (टी.जी.टी.) | सामाजिक विज्ञान | 01 | OBC | 26250/- |
| 6 | सहा0अध्यापक (टी.जी.टी.) | अंग्रजी+भूगोल | 01 | EWS | 26250/- |
| | | योग | 10 | (UR-3, OBC-2, SC-NIL, ST-2, EWS-3, PWD-NIL) | |
| 1 | प्राइमरी टीचर (पी.आर.टी.) | --------- | 11 | UR-5, SC-1, OBC-3 ST-1, EWS-1, PWD-NIL | 21250/- |
| | कुल योग (पी.जी.टी.+टी.जी.टी+पी.आर.टी.) | | 32 | | |

**6-पीजीटी पद (क्र.सं. 1 से 9) हेतु शैक्षणिक योग्यता :-**
**(A)** दो वर्षीय रीजनल कालेज आफ एजूकेशन, एन.सी.ई.आर.टी. से समग्र रूप से कम से कम 50% अंकों के साथ सम्बन्धित विषय में परास्नातक डिग्री। अथवा निम्नलिखित विषयों में समग्र रूप से कम से कम 50% अंको सहित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से मास्टर डिग्री।

| क्र. सं. | पद (विषय) | स्नात्तकोत्तर स्तर पर विषय |
|---|---|---|
| 1 | पीजीटी (रसायन विज्ञान) | रसायन विज्ञान |
| 2 | पीजीटी (भूगोल) | भूगोल |
| 3 | पीजीटी (अंग्रेजी) | अंग्रेजी |
| 4 | पीजीटी (वाणिज्य) | वाणिज्य विषय के साथ एकाउन्टेन्सी/कॉस्ट एकाउन्टेन्सी/फाइनेन्सियल एकाउन्टेन्सी । तथापि एप्लाईड/बिजनेस इकनॉमिक्स में एम.कॉम. डिग्री धारक पात्र नहीं होंगें। |
| 5 | पीजीटी (इतिहास+नागरिकशास्त्र) | इतिहास और नागरिकशास्त्र (दोनों विषयों में स्नात्तकोत्तर) |
| 6 | पीजीटी (गणित) | गणित/व्यावहारिक गणित |
| 7 | पीजीटी (जीव विज्ञान) | बोटनी/जुलॉजी/लाइफसाईन्स/बायोसाईन्स/जैनेटिक्स/माइक्रोबायोलॉजी/बायोटेक्नोलोजी/मोलीकुलरबायो/प्लान्ट फिजियोलॉजी, बशर्ते उन्होंने बोटनी और जुलोजी स्नातक स्तर पर पढ़ी हो । |
| 8 | पीजीटी (हिन्दी) | हिन्दी या संस्कृत के साथ स्नातक स्तर पर हिन्दी एक विषय के रूप में हो । |
| 9 | पीजीटी (अर्थशास्त्र) | अर्थशास्त्र/एप्लाईड अर्थशास्त्र/वाणिज्य अर्थशास्त्र |

**(B)** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.एड. या समकक्ष।
**(C)** हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन की क्षमता ।
वांछनीय :- कम्प्यूटर एप्लीकेशन का ज्ञान।
**7- टीजीटी पद (क्र.सं. 1 से 6) हेतु शैक्षणिक योग्यता :-**
**(A)** एन.सी.ई.आर.टी के रीजनल कालेज आफ एजूकेशन के समकक्ष चार वर्षीय ग्रेजुएट कोर्स समग्र रूप में कम से कम 50% अंको के साथ सम्बन्धित विषय में उत्तीर्ण किया हो। अथवा संबंधित विषय/विषय के कम्बीनेशन में समग्र रूप से कम से कम 50% अंको सहित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री।

| क्र.सं. | पद (विषय) | स्नात्तक स्तर पर विषय |
|---|---|---|
| 1 | टीजीटी (पी.टी.आई.-पुरूष) | शारीरिक शिक्षा में स्नातक/बी.पी.एड. अथवा इसके समकक्ष। |
| 2 | टीजीटी (संगीत-गायन) | संगीत गायन विषय में स्नातक डिग्री अथवा इसके समकक्ष अथवा निम्न में एक के साथ उच्चतर माध्यमिक स्तर पर - **(क)** गन्धर्व महाविद्यालय मण्डल, मुम्बई की संगीत गायन में संगीत विशारद परीक्षा **(ख)** इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ (म0प्र0) की संगीत गायन में संगीत वायल परीक्षा **(ग)** प्रयाग संगीत समिति (एकेडमी आफ म्यूजिक) इलाहाबाद की संगीत गायन में प्रभाकर परीक्षा **(घ)** बुन्देलखण्ड संगीत विद्यापीठ, लखनऊ संगीत विशारद **(इ)** माधव संगीत महाविद्यालय, लश्कर ग्वालियर से अन्तिम परीक्षा। |
| 3 | टीजीटी (अंग्रजी) | सभी तीन वर्षों में अंग्रेजी साहित्य एक विषय के रूप में। |
| 4 | टीजीटी (गणित+विज्ञान) | गणित, एवं निम्न में से कोई दो विषय - भौतिक विज्ञान/रसायन विज्ञान/इलेक्ट्रॉनिक्स/स्टेटिस्टिक्स/कम्प्यूटर साइन्स। |
| 5 | टीजीटी (सामाजिक विज्ञान) | निम्नलिखित में से कोई दो विषय - इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, (इनमें से किसी एक विषय इतिहास या भूगोल का होना अनिवार्य है।) |
| 6 | टीजीटी (अंग्रजी+भूगोल) | स्नात्तक स्तर पर अंग्रेजी साहित्य और भूगोल दोनों विषय अनिवार्य |

**(B)** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.एड. या समकक्ष।(टीजीटी-पी.टी.आई./पुरूष एवं टीजीटी-संगीत/गायन पद हेतु लागू नहीं)
**(C)** टीजीटी(पी.टी.आई./पुरूष) एवं टीजीटी (संगीत/गायन) पद को छोड़कर समस्त टीजीटी पदों के लिए सी.टी.ई.टी. (Elem.stage) /टी.ई.टी. (Upper Prim. level) अवश्य उत्तीर्ण होना चाहिए।
**(D)** हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन की क्षमता।
वांछनीय :- कम्प्यूटर एप्लीकेशन का ज्ञान।
**8- पीआरटी पद (क्र.सं. 1) हेतु शैक्षणिक योग्यता :-**
**(A)** मान्यता प्राप्त बोर्ड से समग्र रूप से कम से कम 50% अंको के साथ द्वितीय श्रेणी में इण्टरमीडिएट या समकक्ष।
**(B)** बेसिक टीचर्स ट्रेनिंग में दो वर्षीय डिप्लोमा/सर्टिफिकेट या इसके समकक्ष शिक्षा।अध्यापन में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिप्लोमा।
**(C)** सी.टी.ई.टी (Primary stage)/ टी.ई.टी. (Primary level) अवश्य उत्तीर्ण होना चाहिए।
**(D)** हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन की क्षमता ।
वांछनीय :- कम्प्यूटर एप्लीकेशन का ज्ञान।
9- आरक्षित कोटियों (जैसे-अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग) को शैक्षणिक अर्हता अंको में 5 प्रतिशत अंको की छूट दी जायेगी। अर्थात आरक्षित श्रेणी के समस्त अभ्यर्थियों हेतु कम से कम शैक्षणिक योग्यता 45 प्रतिशत होगी।
**10- अंतिम तिथि-22.08.2025 :-** आवेदन पत्र समाचार पत्रों में प्रकाशित प्रोफार्मा के अनुसार पूर्ण शैक्षिक विवरण तथा जाति प्रमाण पत्र एवं अनुभव आदि के प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियों के साथ रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से ही **"प्रधानाचार्य, उत्तर मध्य रेलवे कालेज, टूण्डला, जनपद-फिरोजाबाद (यू0पी0), पिन-283204"** को **दिनांक 22.08.2025** को अपराह्न **3:00 बजे** तक प्राप्त हो जाने चाहियें। एक से अधिक पद हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थी अलग-अलग लिफाफों में आवेदन पत्र प्रेषित करें।
11- साक्षात्कार हेतु योग्य अभ्यर्थियों की सूची दिनांक 06.09.2025 को विद्यालय के सूचना पट पर अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगी।
**12 - साक्षात्कार विवरण :**

| पदनाम | विषय | दिनांक | दिन |
|---|---|---|---|
| पी.जी.टी. | रसायन विज्ञान, भूगोल, अंग्रेजी, वाणिज्य, इतिहास नागरिकशास्त्र | 09.09.2025 | मंगलवार |
| पी.जी.टी. | गणित, जीव विज्ञान, हिन्दी, अर्थशास्त्र | 10.09.2025 | बुधवार |
| टी.जी.टी. | पी.टी.आई. (पुरूष), गणित विज्ञान, अंग्रेजा+भूगोल | 11.09.2025 | गुरुवार |
| टी.जी.टी. | संगीत (गायन), अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान | 12.09.2025 | शुक्रवार |
| पी.आर.टी. | UR, EWS & SC श्रेणी के लिये | 13.09.2025 | शनिवार |
| पी.आर.टी. | OBC & ST श्रेणी के लिये | 14.09.2025 | रविवार |

**नोट :** रिपोर्टिंग टाईम प्रातः 8:00 बजे, प्रांगण उत्तर मध्य रेलवे कालेज, टूण्डला।
13- साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को अपने सभी मूल प्रमाण-पत्र/दस्तावेज अनिवार्य रूप से आवेदन पत्र में संलग्न किये हुये छायाप्रतियों से सत्यापन हेतु विद्यालय प्रांगण के सत्यापन काउन्टर पर दिखाने होंगे।
14- अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने पर उन्हें साक्षात्कार से पूर्व लिखित परीक्षा द्वारा शॉर्टलिस्ट किया जा सकता है।
15- अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने पर साक्षात्कार उक्त तिथियों के अगले दिन भी हो सकता है। अतः अभ्यर्थियों को अपने ठहरने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
16- अभ्यर्थी सामाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन में दर्शायी गई शैक्षणिक योग्यता व कम्यूनिटी को सुनिश्चित करने के उपरान्त ही आवेदन करें एवं रजिस्टर्ड लिफाफे पर क्रम सं0, पदनाम, विषय एवं कम्यूनिटी अवश्य अंकित करें।
**नोट : (क)** अभ्यर्थियों को साक्षात्कार आदि के लिए किसी भी तरह का कोई यात्रा-भत्ता देय नहीं होगा। **(ख)** निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन पत्र न आने पर/अपूर्ण आवेदन पत्र/विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्र/साधारण डाक वाले आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे तथा इस संबंध में कोई भी पत्र व्यवहार नहीं किया जायेगा।

प्रधानाचार्य
उत्तर मध्य रेलवे कालेज, टूण्डला

**उत्तर मध्य रेलवे कालेज, टूण्डला (उ0प्र0)**
**संविदा आधार पर शिक्षकों की भर्ती हेतु आवेदन-पत्र का प्रारूप 2025**
**प्रत्येक पद के लिये अलग-अलग आवेदन भेजें**
**(क्रम संख्या, पद, विषय एवं कम्यूनिटी का उल्लेख लिफाफे के ऊपर अवश्य करें)**
क्रम संख्या [ ] पदनाम (पी.जी.टी./टी.जी.टी./पी.आर.टी.: [ ] आवेदित विषय : ..........
कम्यूनिटी (कोई एक चयन करें ✓) : UR EWS OBC SC ST (आरक्षित श्रेणी हेतु स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें)
1. आवेदक का नाम (हिन्दी में) ..................
(in English/ Capital letters) ..................
2. पिता/पति का नाम ..................
3. मोबाइल नं0 .................. 4. वाट्सएप नं0..................
5. ई-मेल आई.डी. (बड़े अक्षरों में) ..................
6. जन्म तिथि D D M M Y Y Y Y (शब्दों में) ..................
7. आयु (01 अगस्त 2025 को) .......... (वर्ष) .......... (माह) .......... (दिन)
8. पत्राचार का पूरा पता..................
अपना नवीनतम स्वप्रमाणित पासपोर्ट साइज फोटो यहाँ चिपकाएँ
9. शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता :
(समर्थित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियाँ संलग्न करें)

| क्रम सं. | परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण वर्ष | विषय | अधिकतम अंक | प्राप्त अंक | प्रतिशत | डिवीजन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल (10th) | | | | | | | |
| 2 | इण्टरमीडिएट (12th) | | | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | | | |
| 4 | परास्नातक | | | | | | | |
| 5 | बी0एड0 | | | | | | | |
| 6 | डीएलएड/बीएलएड/बी.टी.सी. | | | | | | | |
| 7 | सी.टी.ई.टी./टी.ई.टी. (प्राथमिक स्तर) | | | | | | | |
| 8 | सी.टी.ई.टी./टी.ई.टी. (उच्च प्राथमिक स्तर) | | | | | | | |
| 9 | अन्य | | | | | | | |

**10. अध्यापन का अनुभव (यदि कोई हो) : (अनुभव प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रतियाँ संलग्न करे)**

| संस्था का नाम | क्या मान्यता प्राप्त है ? (यदि हाँ तो किसके द्वारा) | पद का नाम | सेवा की अवधि कब से | सेवा की अवधि कब तक | कक्षा और पढ़ाये गये विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

11. वर्तमान सेवा/जारी पाठ्यक्रम (यदि कोई हो)..................
12. क्या आपने इस विज्ञप्ति के लिये अन्य कोई आवेदन किया है ? (यदि हाँ, तो उसका विषय दें )..................
13. स्वप्रमाणित संलग्नकों की संख्या ..................
घोषणा : मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा जो भी विवरण दिया गया है वह मेरी जानकारी के अनुसार पूर्णतः सत्य एवं सही है।
स्थान .................. आवेदक के हस्ताक्षर ..................
दिनांक .................. आवेदक का नाम ..................
1370/25 (C)
@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# क्लासीफाइड

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं कुलभूषण कुमार पुत्र श्री अमर लाल व प्रेम कुमारी पत्नी श्री कुलभूषण निवासीगण मकान नं.-626, सैक्टर-6, अर्बन इस्टेट, करनाल का रहने वाला हूं। हमारा बेटा हिमांशु व उसकी पत्नी साक्षी हमारे कहने सुनने से बाहर हैं, भविष्य में इनके खिलाफ कोई केस होता है तो यह स्वयं जिम्मेवार होंगे। इनकी हरकतों से परेशान होकर हम इनको अपने परिवार और चल-अचल संपति से बेदखल करते हैं। भविष्य में अगर कोई इनके साथ किसी प्रकार का कोई लेनदेन व संबंध रखेगा तो उसकी मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी वार्डों में करवाई जाएगी फॉगिंग: डॉ. वैशाली शर्मा

**बैठक**

**नगर निगम की ओर से शहर के सभी वार्डों में फॉगिंग करवाई जाएगी: निगम आयुक्त**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मच्छर जनित बीमारियों को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से शहर के सभी वार्डों में फॉगिंग करवाई जाएगी। नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग मिलकर इस काम को करेंगे। मंगलवार को निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा की अध्यक्षता में की गई एक बैठक में इस पर प्लानिंग की गई। मीटिंग में अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार व डिप्टी सीएमओ डॉ. अनु शर्मा भी मौजूद रहीं। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा के दौरान निगमायुक्त ने जानकारी दी कि जुलाई-अगस्त के महीनो में बारिश से मच्छर पनपते हैं, जिनसे मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियां होने का भय रहता है। इसे रोकने के लिए नगर निगम ने स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से फोगिंग करने का प्लान बना लिया है। जल्द ही प्लान फाईनल हो जाएगा और फिर इस पर काम शुरू करेंगे। फोगिंग के लिए नगर निगम के पास 21 मशीने उपलब्ध हैं। इस काम के लिए उन्होंने मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेन्द्र चोपड़ा को निर्देश दिए कि प्लान और वार्ड अनुसार इसका शैड्यूल तैयार कर लें। फोगिंग में जिस दवाई का प्रयोग किया जाता है, वह सीएमओ कार्यालय से प्राप्त कर ली जाए। उन्होंने मुख्य सफाई निरीक्षक को निर्देश दिए कि फोगिंग के साथ-साथ यह भी जरूरी है कि वार्डों में इस बात की भी चैकिंग की जाए कि कहीं भी पानी खड़ा न हो और ऐसी जगहों की पहचान कर सम्बंधित वार्ड दरौगा से उसकी सफाई करवाएं। इसी प्रकार पब्लिक पार्कों व नगर निगम की ओर से जहां डस्टबिन रखवाए गए हैं, उनकी भी नियमित सफाई सुनिश्चित करें, क्योंकि डस्टबिन में लारवा जन्म ले लेता है।

चर्चा में सिविल सर्जन ने बताया कि फोगिंग के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लारवा चैक करती है। इस काम के लिए विभिन्न टीमें बनाई गई हैं, जिनमें पुरूष कर्मचारी, ए.एन.एम. और आशा वर्कर भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिन घरों में डेंगू के मच्छर एडीज का लारवा मिलता है, उन्हें नोटिस दिया जाता है। घरों में रखे गमले, टायर और दूसरी ऐसी चीजें, जिनमें पानी रूक जाता है और लारवा पनपने का भय रहता है, ऐसी चीजों को भी खाली करवाया जाता है।

निगमायुक्त ने निगम और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह आपसी समन्वय से काम करें। फोगिंग शैड्यूल इस अनुसार तैयार किया जाए कि 10 दिन में नगर निगम क्षेत्र कवर हो, कोई भी गली-मौहल्ला छूटना नहीं चाहिए। एक बार फोगिंग करने के पश्चात 10 दिनों के बाद पुनः पूरे निगम क्षेत्र में फोगिंग करवाई जाए, ताकि मच्छरों को पनपने से रोका जा सके। दूसरी ओर जिन घरों में डेंगू व मलेरिया के केस मिल रहे हैं, उनके घर के अंदर व आस-पास के क्षेत्र में फोगिंग करवाई जाए। मच्छर और उनसे बीमारी के संभावित क्षेत्रों में ज्यादा जोर दिया जाए। निगमायुक्त ने नागरिकों से भी अपील की है कि वह अपने आस-पास के परिवेश व नालियों को साफ-सुथरा रखें और पानी को जमा न होने दें, ताकि वहां मच्छर न पनप सकें।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग की बायोलॉजिस्ट पिंकी, एपिडिमायोलॉजिस्ट शिल्पा, नगर निगम के सफाई निरीक्षक संदीप कुमार व ऊषा रानी तथा सहायक सफाई निरीक्षक प्रवेश कुमार व गुलाब सिंह मौजूद रहे।

# सुगनी देवी स्कूल के बच्चों ने कलाकृति 2025 में लगातार दूसरे वर्ष ओवरऑल ट्राफी पर किया कब्जा

**कलाकृति**

**रोटरी क्लब द्वारा बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए कलाकृति आयोजित किया जाता है**




**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा (विजय कौशिक)** : रोटरी क्लब लाडवा द्वारा आयोजित कलाकृति 2025 में सर्वाधिक 21 पुरस्कार जीतकर लगातार दूसरे वर्ष भी ओवरआल ट्राफी पर कब्जा किया।

सर्व विदित है कि शहर की सामाजिक संस्था रोटरी क्लब द्वारा बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए कलाकृति कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसमें 25 स्कूल के 800 प्रतियोगियों में से सुगनी देवी स्कूल के कलाकारों ने 21 पुरस्कारों पर कब्जा जमा कर ओवरऑल ट्रॉफी जीती सीनियर रंगोली में आकांक्षा मिष्ठा ने प्रथम, खुशी ० किम्मी ने सांत्वना सीनरी पेंटिंग में, गरिमा ने सान्तवना व जूनियर पेंटिंग तनवीर कौर द्वितीय व आराध्या ने सान्तवना राखी मेकिंग सीनरी में नीति ने प्रथम व निहारिका ने सांत्वना, नेल आर्ट जूनियर में लविषा ने प्रथम भावना ने द्वितीय ० कनिका ने तृतीय नेल, आर्ट सीनियर में तनवी ने प्रथम व निधि ने सान्तवना पुरस्कार जीतो क्ले मॉडलिंग जूनियर में यक्षित ने प्रथम तेजस ने तृतीय ० मानवी ने सान्तवना पुरस्कार जीता` क्ले मॉडलिंग सीनियर में अनस अली ने सांत्वना, मेहंदी में गुंजन ने तृतीय व जैसमीन ने सान्तवना` बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में इशिका प्रथम ० पुर्वशी ने द्वितीय पुरस्कार जीता सभी विजेताओं का विद्यालय में भव्य स्वागत किया गया ० उनके पुरस्कारों के जीतने की खुशी मनाई।


## महत्वपूर्ण सूचना

समस्त रेल यात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को उनके समक्ष दर्शाये स्टेशनों पर ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | स्टेशन | समय आगमन | समय प्रस्थान | प्रभावी तिथियाँ से |
|---|---|---|---|---|
| 14017 रक्सौल जं. – आनन्द विहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस | बैरगनियां | 00:34 | 00:36 | 08.08.2025 |
| 14018 आनन्द विहार टर्मिनल – रक्सौल जं. सदभावना एक्सप्रेस | बैरगनियां | 19:56 | 19:58 | 07.08.2025 |
| 14007 रक्सौल जं. – आनन्द विहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस | घोड़ासहन | 00:13 | 00:15 | 07.08.2025 |
| 14008 आनन्द विहार टर्मिनल – रक्सौल जं. सदभावना एक्सप्रेस | घोड़ासहन | 20:22 | 20:24 | 06.08.2025 |
| 14017 रक्सौल जं. – आनन्द विहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस | घोड़ासहन | 00:13 | 00:15 | 08.08.2025 |
| 14018 आनन्द विहार टर्मिनल – रक्सौल जं. सदभावना एक्सप्रेस | घोड़ासहन | 20:22 | 20:24 | 07.08.2025 |
| 13225 जयनगर – दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस | पण्डौल | 11:34 | 11:36 | 06.08.2025 |
| 13226 दानापुर – जयनगर इंटरसिटी एक्सप्रेस | पण्डौल | 13:12 | 13:14 | 06.08.2025 |
| 14649 जयनगर – अमृतसर जं. सरयू यमुना एक्सप्रेस | पण्डौल | 08:06 | 08:08 | 08.08.2025 |
| 14650 अमृतसर जं. – जयनगर सरयू यमुना एक्सप्रेस | पण्डौल | 23:22 | 23:24 | 07.08.2025 |
| 14673 जयनगर – अमृतसर जं. शहीद एक्सप्रेस | पण्डौल | 08:06 | 08:08 | 06.08.2025 |
| 14674 अमृतसर जं. – जयनगर शहीद एक्सप्रेस | पण्डौल | 23:22 | 23:24 | 06.08.2025 |
| 14005 सीतामढ़ी – आनन्द विहार टर्मिनल लिच्छवी एक्सप्रेस | रुन्नीसैदपुर | 02:52 | 02:54 | 06.08.2025 |
| 14006 आनन्द विहार टर्मिनल – सीतामढ़ी लिच्छवी एक्सप्रेस | रुन्नीसैदपुर | 19:28 | 19:30 | 06.08.2025 |
| 14007 रक्सौल जं. – आनन्द विहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस | रुन्नीसैदपुर | 01:52 | 01:54 | 07.08.2025 |
| 14008 आनन्द विहार टर्मिनल – रक्सौल जं. सदभावना एक्सप्रेस | रुन्नीसैदपुर | 18:51 | 18:53 | 06.08.2025 |
| 14017 रक्सौल जं. – आनन्द विहार टर्मिनल सदभावना एक्सप्रेस | रुन्नीसैदपुर | 01:52 | 01:54 | 08.08.2025 |
| 14018 आनन्द विहार टर्मिनल – रक्सौल जं. सदभावना एक्सप्रेस | रुन्नीसैदपुर | 18:51 | 18:53 | 07.08.2025 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2377/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


**न्यूज फ्लैश**

## महिलाओं को स्तनपान के महत्व के बारे में दी जानकारी



**रादौर, (कुलदीप सैनी)** : गांव छोटाबांस में विश्व स्तनपान दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता सीडीपीओ कुसुम लता ने की। इस अवसर पर सर्कल सुपरवाइजर ललतेश कांबोज ने महिलाओं को स्तनपान के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को बताया गया कि नवजात बच्चों को 6 माह तक सिर्फ मां का दूध ही पिलाना चाहिए। 6 माह के बाद ही ऊपरी आहार बच्चों को देना चाहिए। मां का दूध बच्चों को रोगों से लडे की शक्ति प्रदान करता है। मां के पहले दूध में कोलोस्ट्रम होता है, जो बच्चे का शारीरिक व मानसिक विकास करता है। मौके पर सुपरवाइजर मीना कांबोज, विमलेश, शिवानी, रितु नीता, सीमा, सुषमा, कविता, रेखा इत्यादि मौजूद रही।

## मेयर ने मनोनीत परिषदों को दिलाई शपथ

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** मेयर कोमल सैनी ने जिला सचिवालय सभागार में मंगलवार को नगर निगम के 3 मनोनीत पार्षदों को शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शपथ दिलाई। मेयर कोमल सैनी ने शपथ दिलाते हुए कहा कि अब हमारा परिवार और बढ़ेगा व विकास की ओर संभावनाएं बढ़ेगी। उन्होंने सभी को लगन से कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने मनोनीत पार्षद हिमांशु बांगा, धर्मवीर कश्यप और डां गौरव श्रीवास्तव को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पहुंचने पर निगम कमिश्नर डॉक्टर पंकज कुमार यादव ने मेयर कोमल सैनी व भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट का बुके देकर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश महासचिव अर्चना गुप्ता, निगम संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी, निगम संयुक्त आयुक्त डॉक्टर संजय, विधायक प्रमोद विज के बेटे राहुल विज, पूर्व मेयर अवनीत कौर, निगम मुख्य लेखाकार राजेश गर्ग, पार्षद संजीव दहिया डीएमसी अरुण भार्गव, पार्षद अशोक कटारिया के अलावा बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। उपायुक्त सुशील सारवान ने महिला बाल कल्याण समिति की तिमाही समीक्षा बैठक ली

## रिटेल सेक्टर ने गिग वर्कर्स की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाया : एम्पावर इंडिया

**गुरुग्राम।** दिल्ली-एनसीआर में ई-कॉमर्स और रिटेल कंपनियां गिग वर्कर्स की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। यह जानकारी एक प्रमुख पॉलिसी थिंक टैंक एम्पावर इंडिया के नए श्वेतपत्र रिटेल ड्राइविंग प्रॉस्पेरिटी इन दिल्ली-एनसीआर में सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, इस क्षेत्र के 70% गिग वर्कर्स ने पार्ट-टाइम, मौसमी और गिग नौकरियों से अपनी आय में बढ़ोतरी देखी है। लोकलसर्कल्स सर्वे और वर्कर्स से बातचीत के आधार पर इस रिपोर्ट में अमेजन, डेल्हीवरी, रिलायंस रिटेल और मीशो को इस बदलाव के मुख्य योगदानकर्ता बताया गया है। दिल्ली एनसीआर के 15 जिलों के 90,000 से अधिक निवासियों के जवाबों पर आधारित इस अध्ययन में यह नोट किया गया है कि इन कंपनियों के बुनियादी ढांचे में निवेश, प्रशिक्षण कार्यक्रम और समावेशी नीतियां कैसे सार्थक अवसर पैदा कर रही हैं, जो अपर्याप्त वेतन और कामकाजी परिस्थितियों के दावों का खंडन करती हैं। गिग वर्कर्स ने खुद बताया है कि ये कंपनियां उनकी वित्तीय उन्नति और आर्थिक स्थिरता के लिए वरदान बन गई हैं। श्वेतपत्र के लॉन्च पर एम्पावर इंडिया के डायरेक्टर जनरल के. गिरी ने कहा, दिल्ली-एनसीआर में रिटेल सेक्टर न सिर्फ नौकरियां दे रहा है।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत जिला पुलिस की टीम ने किया कई गांवों का दौरा



**लाडवा (विजय कौशिक)** : लाडवा पुलिस ने कुरुक्षेत्र पुलिस के आदेशानुसार लाडवा को नशामुक्त बनाने में जुटी है।पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में लाडवा को नशामुक्त बनाने को लेकर पुलिस के अधिकारियों के ग्रामीण दौरे लगातार जारी हैं। ग्राम प्रहरी नोडल ऑफिसर की टीम ने गांव दबखेडा, निवारसी कॉलोनी लाडवा, घडौला व गत्ता फैक्ट्री निवारसी का दौरा कर निवासियों को नशामुक्ति का सन्देश दिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार को ग्राम प्रहरी नोडल ऑफिसर की टीम ने गांव दबखेडा, निवारसी कॉलोनी लाडवा, घडौला व गत्ता फैक्ट्री निवारसी में निवासियों के साथ बैठक कर गांवों तथा एरिया को नशामुक्त करने तथा ग्रामीणों को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया।

## स्नातक में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों को पंचकूला द्वारा एक और

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 5 अगस्त (विजय कौशिक):** इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज, लाडवा द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष (बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी. (मेडिकल एवं नॉन-मेडिकल) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु उच्चत्तर शिक्षा विभाग, पंचकूला द्वारा विद्यार्थियों को एक और अवसर दिया गया है। यह महत्वपूर्ण जानकारी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) कुशल पाल ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सांझा की। प्राचार्य डॉ. कुशल पाल ने बताया कि कॉलेज में स्नातक स्तर के लिए कुछ सीमित सीटें अब भी शेष हैं, जिनके लिए उच्चतर शिक्षा विभाग, पंचकूला के निर्देशानुसार ओपन काउंसलिंग की व्यवस्था की गई है।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनवर आलम पता मकान नं.68, मैन राजीव गांधी मार्ग, गली नं.27, विजय पार्क, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 275/25 धारा 64(1)/115(2) भारतीय न्याय संहिता–2023 के तहत** थाना: भजनपुरा, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अनवर आलम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अनवर आलम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 275/25 धारा 64(1)/115(2) भारतीय न्याय संहिता–2023 के तहत थाना भजनपुरा, दिल्ली के उक्त अनवर आलम** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**पंकज राय**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01**
**कमरा नं. 73, उ0पू0 जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/9848/NE/2025



## महत्वपूर्ण सूचना

समस्त रेल यात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को उनके समक्ष दर्शाये स्टेशनों पर ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | स्टेशन | समय आगमन | समय प्रस्थान | प्रभावी तिथियों से |
|---|---|---|---|---|
| 13005 हावड़ा – अमृतसर मेल एक्सप्रेस | भदौरा | 05:45 | 05:47 | 07.08.25 |
| 13006 अमृतसर – हावड़ा मेल एक्सप्रेस | भदौरा | 19:00 | 19:02 | 07.08.25 |
| 12435 जयनगर – आनंद विहार (ट.) गरीबरथ एक्सप्रेस | गहमर | 20:14 | 20:16 | 08.08.25 |
| 12436 आनंद विहार (ट.) – जयनगर गरीबरथ एक्सप्रेस | गहमर | 03:30 | 03:32 | 10.08.25 |
| 15623 जोधपुर – कामाख्या एक्सप्रेस | गहमर | 00:35 | 00:37 | 14.08.25 |
| 15624 कामाख्या – जोधपुर एक्सप्रेस | गहमर | 15:08 | 15:10 | 09.08.25 |
| 20801 इस्लामपुर – नई दिल्ली मगध एक्सप्रेस | गहमर | 19:42 | 19:44 | 06.08.25 |
| 15652 जम्मू तवी – गुवाहाटी लोहित एक्सप्रेस | अक्षयवट राय नगर | 02:18 | 02:20 | 08.08.25 |
| 15933 न्यू तिनसुकिया – अमृतसर एक्सप्रेस | अक्षयवट राय नगर | 14:06 | 14:08 | 13.08.25 |
| 15934 अमृतसर – न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस | अक्षयवट राय नगर | 21:33 | 21:35 | 09.08.25 |
| 14005 सीतामढी – आनंद विहार (ट.) लिच्छवी एक्सप्रेस | अवतार नगर | 06:31 | 06:33 | 07.08.25 |
| 14006 आनंद विहार (ट.) – सीतामढी लिच्छवी एक्सप्रेस | अवतार नगर | 14:32 | 14:34 | 08.08.25 |
| 13019 हावड़ा – काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस | नयागांव | 11:33 | 11:35 | 08.08.25 |
| 13020 काठगोदाम – हावड़ा बाघ एक्सप्रेस | नयागांव | 18:18 | 18:20 | 08.08.25 |
| 14005 सीतामढी – आनंद विहार (ट.) लिच्छवी एक्सप्रेस | नयागांव | 06:07 | 06:09 | 07.08.25 |
| 14006 आनंद विहार (ट.) – सीतामढी लिच्छवी एक्सप्रेस | नयागांव | 14:55 | 14:57 | 08.08.25 |
| 14005 सीतामढी – आनंद विहार (ट.) लिच्छवी एक्सप्रेस | परमानन्दपुर | 06:00 | 06:02 | 07.08.25 |
| 11123 ग्वालियर – बरौनी एक्सप्रेस | सराय | 08:28 | 08:30 | 08.08.25 |
| 11124 बरौनी – ग्वालियर एक्सप्रेस | सराय | 22:14 | 22:16 | 07.08.25 |
| 14523 बरौनी – अंबाला हरिहर एक्सप्रेस | सराय | 07:57 | 07:59 | 07.08.25 |
| 14524 अंबाला – बरौनी हरिहर एक्सप्रेस | सराय | 21:35 | 21:37 | 10.08.25 |
| 14007 रक्सौल – आनंद विहार (ट.) सदभावना एक्सप्रेस | सोनपुर | 04:55 | 04:57 | 09.08.25 |
| 14008 आनंद विहार (ट.) – रक्सौल सदभावना एक्सप्रेस | सोनपुर | 15:31 | 15:33 | 08.08.25 |
| 14017 रक्सौल – आनंद विहार (ट.) सदभावना एक्सप्रेस | सोनपुर | 04:55 | 04:57 | 09.08.25 |
| 14018 आनंद विहार (ट.) – रक्सौल सदभावना एक्सप्रेस | सोनपुर | 16:08 | 16:10 | 14.08.25 |
| 14649 जयनगर – अमृतसर सरयू यमुना एक्सप्रेस | सोनपुर | 12:55 | 12:57 | 08.08.25 |
| 14650 अमृतसर – जयनगर सरयू यमुना एक्सप्रेस | सोनपुर | 18:05 | 18:07 | 08.08.25 |
| 14673 जयनगर – अमृतसर शहीद एक्सप्रेस | सोनपुर | 12:55 | 12:57 | 07.08.25 |
| 15231 बरौनी – गोंदिया एक्सप्रेस | सोनपुर | 13:10 | 13:12 | 07.08.25 |
| 15715 किशनगंज – अजमेर गरीब नवाज़ एक्सप्रेस | सोनपुर | 15:15 | 15:17 | 08.08.25 |
| 15716 अजमेर – किशनगंज गरीब नवाज़ एक्सप्रेस | सोनपुर | 17:13 | 17:15 | 08.08.25 |
| 19053 सूरत – मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस | सोनपुर | 02:26 | 02:28 | 10.08.25 |
| 19054 मुजफ्फरपुर – सूरत एक्सप्रेस | सोनपुर | 21:15 | 21:17 | 10.08.25 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2386/2025
पर हमें फॉलो करें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

सं. **334-DY.CEE/C/NDLS/2023-2024/EPC/R-2** — **दूसरा शुद्धि पत्र** — तारीख-**02.08.2025**

**विषयः** – दूसरा शुद्धिपत्र NIB No.334-DY.CEE/C/NDLS/2023-2024/EPC/R-2 के लिए–160 किमी प्रति घंटे की गति बढ़ाने के लिए उत्तर रेलवे के नई दिल्ली–फरीदाबाद (एफडीबी) खंड में 2x25 केवी एटी फीडिंग सिस्टम के लिए संबंधित स्विचिंग पोस्ट के साथ ट्रैक्शन सब स्टेशनों के डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग।

- प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) में आंशिक संशोधन करते हुए, निम्नलिखित परिवर्तन किए गए हैं और इन्हें नीचे पढ़ा जा सकता है:–

| S. No. | मद/खण्ड सं. | मौजूदा प्रावधान | संशोधित प्रावधान और पढ़ें |
|---|---|---|---|
| एक | बोली आमंत्रण सूचना | संपूर्ण बोली दस्तावेज रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट https://ireps.gov.in से 10.07.2025 से 18.08.2025 तक (भारतीय समयानुसार सुबह 11:00 बजे तक) देखा/डाउनलोड किया जा सकता है। बोलीदाता को अपनी वित्तीय और तकनीकी बोली https://ireps.gov.in पर 18.08.2025 तक या उससे पहले, भारतीय समयानुसार सुबह 11:00 वजे तक जमा करनी होगी। ऑनलाइन प्राप्त बोलियाँ 25.08.2025 को भारतीय समयानुसार सुवह 11:00 बजे खोली जाएँगी। | संपूर्ण बोली दस्तावेज रेलवे की आधिकारिक वेवसाइट https://ireps.gov.in से 10.07.2025 से 30.08.2025 तक (भारतीय समयानुसार सुबह 11:00 बजे तक) देखा/डाउनलोड किया जा सकता है। बोलीदाता को अपनी वित्तीय और तकनीकी बोली https://ireps.gov.in पर 30.08.2025 तक या उससे पहले, सुबह 11:00 बजे तक, भारतीय समयानुसार जमा करनी होगी। ऑनलाइन प्राप्त बोलियाँ 06.09.2025 को सुबह 11:00 बजे भारतीय समयानुसार खोली जाएँगी। |
| दो | बोली आमंत्रण सूचना | किसी अन्य माध्यम से बोली स्वीकार नहीं की जाएगी। हालाँकि, पावर ऑफ अटॉर्नी और संयुक्त बोली समझौता आदि बोलीदाता द्वारा 23.08.2025 को 11:00 बजे IST तक या उससे पहले भौतिक रूप से प्रस्तुत किया जाना चाहिए। कृपया ध्यान दें कि प्राधिकरण बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। | किसी अन्य माध्यम से बोली स्वीकार नहीं की जाएगी। हालाँकि, बोलीदाता को पावर ऑफ अटॉर्नी और संयुक्त बोली समझौता आदि 05.09.2025 को सुबह 11:00 बजे (भारतीय मानक समय) या उससे पहले भौतिक रूप से प्रस्तुत करना होगा। कृपया ध्यान दें कि प्राधिकरण बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। |
| तीन | 1.3 (SN-6) | बोली की अंतिम तिथि 18.08.2025, प्रातः 11:00 बजे तक | बोली की अंतिम तिथि अर्थात् निविदा समापन तिथि और समय – 30.08.2025, 11:00 बजे तक |
| चार | 1.3 (SN-7) | खंड संख्या 2.11.2 में सूचीबद्ध सभी दस्तावेजों का भौतिक प्रस्तुतीकरण 23.08.2025 को 11:00 बजे तक। | खंड संख्या 2.11.2 में सूचीबद्ध सभी दस्तावेजों का भौतिक प्रस्तुतीकरण 05.09.2025 को 11:00 बजे तक होगा। |
| पाँच | 1.3 (SN-8) | तकनीकी बोलियों 2.11.4 (ii) में निर्दिष्ट स्थान पर 25.08.2025 को 11:00 बजे के बाद खोली जाएंगी | तकनीकी बोलियों 2.11.4 (ii) में निर्दिष्ट स्थान पर 05.09.2025 को 11:00 बजे के बाद खोली जाएंगी |
| छह | 2.11.1 | वित्तीय बोली (I) परिशिष्ट–IB (वित्तीय बोली वाला पत्र) ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल के माध्यम से दिनांक 18.08.2025 को प्रातः 11.00 बजे या उससे पहले ऑनलाइन जमा किया जाना चाहिए। | वित्तीय बोली (I) परिशिष्ट–IB (वित्तीय बोली वाला पत्र) ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल के माध्यम से दिनांक 30.08.2025 को प्रातः 11.00 बजे या उससे पहले ऑनलाइन जमा किया जाना चाहिए। |
| सात | 2.12 | आरएफपी के खंड 2.11.1 में सूचीबद्ध दस्तावेजों वाली बोली ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://ireps.gov.in के माध्यम से 18.08.2025 को सुबह 11:00 बजे या उससे पहले ऑनलाइन जमा की जानी चाहिए। आरएफपी के खंड 2.11.2 में सूचीबद्ध दस्तावेज 23.08.2025 को सुबह 11:00 बजे या उससे पहले खंड 2.11.4 में दिए गए पते पर इस आरएफपी में बताए गए तरीके और प्रारूप में भौतिक रूप से जमा किए जाने चाहिए। इसकी रसीद खंड 2.11.4 में निर्दिष्ट व्यक्ति से प्राप्त की जानी चाहिए। | आरएफपी के खंड 2.11.1 में सूचीबद्ध दस्तावेजों वाली बोली ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://ireps.gov.in के माध्यम से 30.08.2025 को सुबह 11:00 बजे या उससे पहले ऑनलाइन जमा की जानी चाहिए। आरएफपी के खंड 2.11.2 में सूचीबद्ध दस्तावेज 05.09.2025 को सुबह 11:00 बजे या उससे पहले खंड 2.11.4 में दिए गए पते पर इस आरएफपी में बताए गए तरीके और प्रारूप में भौतिक रूप से जमा किए जाने चाहिए। इसकी रसीद खंड 2.11.4 में निर्दिष्ट व्यक्ति से प्राप्त की जानी चाहिए। |
| आठ | 2.14.1.4 | संपूर्ण बोली दस्तावेज को बोलीदाता द्वारा ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://ireps.gov.in से 10.07.2025 से 18.08.2025 तक (11:00 बजे IST तक) देखा/डाउनलोड किया जा सकता है। | संपूर्ण बोली दस्तावेज को बोलीदाता द्वारा ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://ireps.gov.in से 10.07.2025 से 30.08.2025 तक (11:00 बजे IST तक) देखा/डाउनलोड किया जा सकता है। |
| नौ | 2.14.2.3 | बोली केवल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://ireps.gov.in के माध्यम से बोलीदाता के अधिकृत प्रतिनिधि के डिजिटल हस्ताक्षर का उपयोग करके 18.08.2025 (11:00 बजे IST तक) तक ऑनलाइन प्रस्तुत की जानी चाहिए। | बोली केवल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://ireps.gov.in के माध्यम से बोलीदाता के अधिकृत प्रतिनिधि के डिजिटल हस्ताक्षर का उपयोग करके 30.08.2025 (11:00 बजे IST तक) तक ऑनलाइन प्रस्तुत की जानी चाहिए। |
| दस | 3.1.1 | प्राधिकरण, ऑनलाइन प्राप्त बोलियों को 25.08.2025 को भारतीय समयानुसार सुबह 11:00 बजे खंड 2.11.4 (ii) में निर्दिष्ट स्थान पर, और उपस्थित होने के इच्छुक बोलीदाताओं की उपस्थिति में खोली जाएँगी। प्राधिकरण, बोली खोलने के समय उपस्थित लोगों को दी गई जानकारी सहित, बोली खोलने का कार्यवृत्त तैयार करेगा। | प्राधिकरण 06.09.2025 को भारतीय समयानुसार सुबह 11:00 बजे ऑनलाइन प्राप्त बोलियों को खंड 2.11.4 (ii) में निर्दिष्ट स्थान पर, और उपस्थित होने के इच्छुक बोलीदाताओं की उपस्थिति में खोली जाएँगी। प्राधिकरण बोली खोलने के कार्यवृत्त तैयार करेगा, जिसमें बोली खोलने के समय उपस्थित लोगों को दी गई जानकारी भी शामिल होगी। |

**सभी नियम और शर्तें समान हैं।**
**निविदा क्रमांकः 334–उप मुख्य विद्युत अभियंता/सी/एनडीएलएस/2023–2024/ईपीसी/आर–2** 2376-2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

# अपराधियों के हौसले बढ़ाती डिजिटल तकनीक

**राजस्थान** के जोधपुर जिले के मीडिया इन्फ्लुएंसर को अपराधियों ने अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए 20 लाख रु. की मांग पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर दो कथित अपराधियों को पकड़ा है। मीडिया इन्फ्लुएंसर और उसकी कामेडियन पत्नी को उनके अश्लील वीडिया वायरल करने की धमकी दी गई। खैर, यह तो इन्होंने हिम्मत दिखाकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी अन्यथा देश दुनिया में इस तरह की धमकियां देकर डरा-धमकाकर वसूली करने के अपराधों की बाढ़ से आ गई है। दरअसल, डिजिटल तकनीक का अपराधियों द्वारा अपराध में उपयोग आम होता जा रहा है। डिजिटल तकनीक के कारण अपराधियों के बढ़ते हौसले की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि पिछले दिनों एक महिला की निजी तस्वीरों को वाट्सएप पर सार्वजनिक करने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अजय भनोट ने जमानत देने से इनकार करते हुए सख्त टिप्पणी की। न्यायमूर्ति भनोट ने 2023 में भी सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो अपलोड के प्रकरण में गंभीर टिप्पणी की थी। डिजिटल क्रांति ने अपराध की दुनिया में बड़ी सेंध लगा ली है। अपराधी विभिन्न माध्यमों से डिजिटल तकनीक का उपयोग कर गंभीर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। कम्प्यूटर, कम्प्यूटर नेटवर्क, डेटाबेस, डिजिटल डिवाइस, इंटरनेट आदि के माध्यम से नित नए अपराध की तरीके अपना रहे हैं। सोशल मीडिया और स्मार्टफोन का खासतौर से इस्तेमाल करते हुए लोगों की निजी जिंदगी को प्रभावित करने के साथ डिजिटल अरेस्ट, साइबर ठगी जैसे गंभीर अपराध बेखौफ कर रहे रहे हैं। डिजिटल अरेस्ट या बैंक अकाउंट ठगी के शिकार होने वाले अधिकतर लोग अच्छे पढ़े-लिखे, समाज में अच्छे पदों से सेवानिवृत या यों कहे कि समझदार लोग ही अधिक शिकार हो रहे है। अभी कुछ दिनों पहले ही एक माननीय न्यायमूर्ति ने कहा कि वे साइबर ठगी के शिकार होते-होते बचे हैं। डिजिटल तकनीक से अपराध करने वालों के हौसलों को देखिये कि कुछ घंटों नहीं अपितु कई दिनों तक डिजिटल अरेस्ट रख कर लाखों रुपए अपने खातों में डलवा रहे हैं। यह सब तो तब है जब कि सरकार मोबाइल टोन के समय ही ओपनिंग मैसेज के माध्यम से आगाह कर रही है पर इस तरह की घटनाओं में साल दर साल मल्टीपल बढ़ोतरी हो रही है। 1970 से 1990 के दो दशकों में केविन मिटनिक और उनके साथियों ने मोटोरोला, नोकिया आदि के नेटवर्क में सेंध मारना शुरू कर दिया था। बॉब थामस ने क्रीपर वायरस के माध्यम से कम्प्यूटर सिस्टम को बड़ा नुकसान पहुंचाया। इसके बाद तो समय-समय पर वायरसों द्वारा कम्प्यूटर सिस्टम को हैंक या प्रभावित करने का सिलसिला ही चल निकला। कम्प्यूटर आधारित अपराधों का केवल अमेरिका का 2015 का आंकड़ा ही चौकाने वाला है जिसमें एफबीआई के अनुसार 2 लाख 88 हजार से भी अधिक शिकायतों के साथ केवल एक वर्ष में 445 अरब डॉलर के नुकसान का दावा किया गया।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
एक्शन इंडिया कार्यालय, अपोजिट एनएस कम्प्यूटर, झंडी रोड़, गीता भवन चौक सोनीपत- 131001

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# भारत ने ट्रंप की धमकी को दिया आंकड़ों से करारा जवाब



अजय कुमार

> "भारत वैकल्पिक बाजारों जैसे यूरोप, दक्षिण-पूर्व एशिया, और चीन की ओर भी रुख कर रहा है। चीनी राजदूत शू फेइहोंग ने भारत से आयात बढ़ाने और व्यापार घाटा कम करने की बात कही, जो भारत के लिए एक बड़ा अवसर है। ट्रंप की ₹अमेरिका फर्स्ट₹ और ₹मेक इन अमेरिका₹ नीतियां भारत के बिना पूरी तरह सफल नहीं हो सकतीं। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार और विनिर्माण केंद्र है। अमेरिकी कंपनियां जैसे एपल, टेस्ला, और बोइंग भारत में निवेश और उत्पादन बढ़ा रही हैं"

**डोनाल्ड** ट्रंप की भारत के प्रति बढ़ती चिढ़ और अमेरिका की दोहरी नीति ने वैश्विक मंच पर एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भारत को बार-बार टैरिफ और जुमार्ने की धमकियां दे रहे हैं, खासकर रूस से तेल और हथियारों के व्यापार को लेकर। लेकिन भारत ने न केवल इन धमकियों को नजरअंदाज किया, बल्कि अमेरिका और यूरोपीय संघ की दोहरी नीतियों को उजागर कर जवाबी रुख अपनाया है। भारत का स्पष्ट कहना है कि जब अमेरिका और यूरोप स्वयं रूस से भारी मात्रा में सामान आयात कर रहे हैं, तो भारत पर रूस के साथ व्यापार को लेकर उंगली उठाना अनुचित और अतार्किक है। यह स्थिति वैश्विक भूराजनीति में दोहरे मानदंडों को उजागर करती है, जहां अमेरिका भारत को दबाव में लाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन खुद अपनी जरूरतों के लिए रूस से व्यापार जारी रखे हुए है। ट्रंप की बयानबाजी में एक साफ विरोधाभास नजर आता है। एक तरफ वह भारत को "महान मित्र" और "महान देश" कहते हैं, दूसरी तरफ 25% रेसिप्रोकल टैरिफ और रूस से व्यापार के लिए जुमार्ने की धमकी देते हैं। उनकी हताशा का कारण यह है कि भारत उनके दबाव में झुकने को तैयार नहीं है। ट्रंप को लगता है कि जिस भारत को कभी अमेरिका सड़ा हुआ गेहूं भेजता था, वह आज उनकी धमकियों का जवाब देना भी जरूरी नहीं समझता। उनकी चिढ़ का अंदाजा उनके बयानों से लगाया जा सकता है। कभी वह भारत की अर्थव्यवस्था को "मृतप्राय" कहते हैं, तो कभी पाकिस्तान के साथ तेल सौदों की बात कर भारत को अपमानित करने की कोशिश करते हैं। लेकिन हकीकत यह है कि पाकिस्तान के पास तेल है ही नहीं, और ट्रंप का यह बयान उनकी हताशा का प्रतीक है। वह भारत को डराने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन भारत की रणनीतिक और आर्थिक ताकत के सामने उनकी एक नहीं चल रही। भारत ने ट्रंप की धमकियों का जवाब न केवल कूटनीतिक रूप से दिया, बल्कि तथ्यों के साथ अमेरिका को आइना भी दिखाया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साफ कहा कि भारत पर रूस से तेल आयात को लेकर की जा रही आलोचना बेबुनियाद है। भारत ने बताया कि अमेरिका स्वयं रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, पैलेडियम, खाद, और रसायन जैसे सामान आयात करता है, जो उसकी परमाणु, इलेक्ट्रॉनिक वाहन, और कृषि उद्योगों के लिए जरूरी हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी से मई 2025 तक अमेरिका ने रूस से 2.1 बिलियन डॉलर का आयात किया, जो पिछले साल की तुलना में 23% अधिक है। इसमें पैलेडियम (37%), यूरेनियम (28%), और उर्वरक (21%) का आयात प्रमुख है। यह आंकड़े साफ बताते हैं कि अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध के बावजूद रूस के साथ व्यापार जारी रखा है। 2021 में अमेरिका ने रूस से 17 अरब डॉलर का कच्चा तेल आयात किया था, और 2024 में भी उसने उर्वरक (1.1 बिलियन डॉलर), पैलेडियम (878 मिलियन डॉलर), और यूरेनियम (624 मिलियन डॉलर) जैसे सामानों का आयात किया। यूरोपीय संघ भी इस मामले में पीछे नहीं है। वह भारत को रूस से तेल आयात न करने की सलाह देता है, लेकिन स्वयं रूस से ईंधन, लोहा, स्टील, रसायन, और उर्वरक जैसे सामान आयात करता है। 2024 में यूरोपीय संघ ने रूस से 35.9 अरब यूरो का आयात किया, जिसमें 22.3 अरब यूरो का ईंधन प्रमुख था। यह राशि भारतीय रुपये में 3617 करोड़ से अधिक है। भारत का तर्क है कि जब अमेरिका और यूरोप अपनी जरूरतों के लिए रूस से व्यापार कर रहे हैं, तो भारत पर दबाव डालना दोहरा मापदंड है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए रूस से 35-40% तेल आयात करता है, जो आर्थिक रूप से फायदेमंद है। भारत की रणनीतिक स्वायत्तता और आर्थिक ताकत ट्रंप की चिढ़ का प्रमुख कारण है। भारत ने न केवल रूस के साथ व्यापार जारी रखा, बल्कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जोर दिया, जो दोनों देशों के हितों को संतुलित करे। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत जवाबी टैरिफ के बजाय बातचीत से समाधान चाहता है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी स्पष्ट किया कि भारत ट्रंप के दबाव के बावजूद अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखेगा। भारतीय निर्यात संगठन महासंघ के डीजी अजय सहाय के अनुसार, 25% टैरिफ से भारत की जीडीपी पर 0.2-0.5% का असर हो सकता है, लेकिन 6% से अधिक की विकास दर इसे संभाल सकती है। भारत वैकल्पिक बाजारों जैसे यूरोप, दक्षिण-पूर्व एशिया, और चीन की ओर भी रुख कर रहा है। चीनी राजदूत शू फेइहोंग ने भारत से आयात बढ़ाने और व्यापार घाटा कम करने की बात कही, जो भारत के लिए एक बड़ा अवसर है। ट्रंप की "अमेरिका फर्स्ट" और "मेक इन अमेरिका" नीतियां भारत के बिना पूरी तरह सफल नहीं हो सकतीं। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार और विनिर्माण केंद्र है। अमेरिकी कंपनियां जैसे एपल, टेस्ला, और बोइंग भारत में निवेश और उत्पादन बढ़ा रही हैं। ट्रंप के प्रस्तावित 25% टैरिफ से भारत में बने उत्पाद महंगे होंगे, जिससे अमेरिकी उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ेगा। साथ ही, मेक इन अमेरिका की लागत बढ़ने से अमेरिकी उत्पाद वैश्विक बाजार में चीन से प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएंगे। अमेरिका को यह भी डर है कि भारत यूरोप, चीन, और दक्षिण-पूर्व एशिया जैसे वैकल्पिक बाजारों की ओर रुख कर सकता है, जिससे उसका वैश्विक व्यापार में प्रभाव कम हो सकता है। अमेरिकी विशेषज्ञ भी भारत के साथ टैरिफ युद्ध को गलत मानते हैं। अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने कहा कि भारत के साथ व्यापारिक तनाव वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और आर्थिक स्थिरता को नुकसान पहुंचा सकता है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई ने भारत के साथ संतुलित और पारस्परिक लाभकारी व्यापार वाताओं की वकालत की। राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञ लिसा कर्टिस ने चेतावनी दी कि भारत पर उच्च टैरिफ लगाना अमेरिका की हिंद-प्रशांत रणनीति को कमजोर करेगा और चीन को क्षेत्रीय प्रभाव बढ़ाने का मौका देगा। अमेरिकी चैंबर ऑफ कॉमर्स भी मानता है कि उच्च टैरिफ से अमेरिकी कंपनियां और उपभोक्ता प्रभावित होंगे। ट्रंप की धमकियों के बीच रैपिडान एनर्जी ग्रुप के चेयरमैन बॉब मैकनेली का बयान चर्चा में है। उन्होंने कहा कि ट्रंप भारत पर रूस से तेल आयात के लिए 25% से लेकर 100% तक टैरिफ लगा सकते हैं। लेकिन उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत से रूसी तेल खरीदने की गुहार लगाई थी ताकि वैश्विक तेल की कीमतें नियंत्रित रहें। पूर्व अमेरिकी राजदूत एरिक गासेर्टी का एक वायरल वीडियो भी यही बात दोहराता है। गासेर्टी ने कहा कि भारत ने रूसी तेल इसलिए खरीदा क्योंकि अमेरिका चाहता था कि वह एक निश्चित मूल्य सीमा पर तेल खरीदे, जिससे वैश्विक बाजार में स्थिरता बनी रहे। भारत ने इस दोहरे रवैये को उजागर करते हुए साफ कर दिया है कि वह अपनी ऊर्जा जरूरतों और रणनीतिक हितों से समझौता नहीं करेगा। भारत क्वाड का प्रमुख स्तंभ है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका की रणनीति को मजबूती देता है। भारत-अमेरिका उएळ पहल के तहत कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, और रक्षा प्रौद्योगिकी में सहयोग बढ़ रहा है।



# कुत्ते आक्रामक हो रहे हैं या हम असंवेदनशील हैं?

**डॉ प्रदीप उपाध्याय**

भारत के शहरों और कस्बों में आवारा कुत्तों की समस्या इन दिनों चर्चा का गंभीर विषय बन चुकी है। अखबारों में आए दिन ऐसी खबरें छपती हैं कि किसी बच्चे पर स्ट्रीट डॉग्स ने हमला कर दिया, किसी राहगीर को काट लिया गया, या रैबीज के कारण किसी की जान चली गई। इन खबरों ने आम जनमानस में भय और आक्रोश का वातावरण बना दिया है। सोशल मीडिया पर इस विषय पर बहसें गरम हैं – लोग मांग कर रहे हैं कि इन कुत्तों को सड़कों से हटाया जाए, पकड़ा जाए या खत्म किया जाए। हमारे देश में कुत्तों के काटने और रैबिज से मौत के मामलों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है जबकि दुनिया के दूसरे कई मुल्कों ने रैबिज से मुक्ति पा ली है। इस बारे में लोकसभा में मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल द्वारा दी गई जानकारी अनुसार वर्ष 2024 में 37 लाख से ज्यादा डॉग बाइट्स के मामले आए थे और 54 लोगों की रैबीज से मौत हुई। उन्होंने बताया कि ये आंकड़े राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र द्वारा राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम के तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में हुई घटनाओं को एकत्र करके पेश किए जाते हैं। हमारे देश में कुत्तों के द्वारा काटने के सर्वाधिक मामले महाराष्ट्र और तमिलनाडु में सामने आए हैं। महाराष्ट्र में सर्वाधिक 4,85,345 मामले जबकि तमिलनाडु में 4,80,427 मामले सामने आए हैं। तमिलनाडु देश में दूसरे स्थान पर रहा जबकि 3,92,837 मामलों के साथ गुजरात तीसरे स्थान पर रहा। कर्नाटक 3,61,494 मामलों के साथ चौथे स्थान पर रहा। बिहार में 2,63,930 और केरल में 1,15,046 मामले सामने आए। दिल्ली में सिर्फ 25,210 मामले ही सामने आए लेकिन चिंता की बात यह है कि यहां भी ऐसे मामलों में साल दर साल 144 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।देश में साल दर साल कुत्तों के काटने के मामले बढ़ रहे हैं वर्ष 2023 में कुत्तों के काटने के 30.5 लाख मामले दर्ज कराए गए जबकि वर्ष 2022 में 21.9 लाख मामले सामने आए थे। चिंता की बात यह है कि कुत्तों के काटने से पीड़ित हर सातवां शख्स बच्चा है। कर्नाटक में पिछले 6 महीनों के भीतर ही 2.3 लाख से ज्यादा कुत्तों के काटने के मामले सामने आए हैं। वहां इसी अवधि के दौरान 19 लोगों की रैबीज से मौत हो चुकी है। कर्नाटक में हर महीने औसतन 2200 कुत्तों के काटने के मामले सामने आते हैं। रैबीज के मामलों में से 99 फीसदी मामले कुत्तों के काटने से होती है। दुनिया में रैबीज से होने वाली मौतों में से 36 फीसदी मौत अकेले भारत में होती है।

देश के शीर्ष न्यायालय ने लगातार कुत्तों के काटने और उसके चलते रैबीज से हो रही मौतों पर संज्ञान लेते हुए कहा है कि यह बेहद चिंताजनक और डराने वाले हालात हैं।

## विचार

# फैला रहा है उत्तर प्रदेश में ड्रोन से दहशत का आलम कौन

**मनोज कुमार अग्रवाल**

**उत्तर** प्रदेश और उत्तराखंड के बड़े हिस्से में पिछले कई हफ्तों से ड्रोन को लेकर अफवाहों के चलते दहशत का माहौल गर्मा रहा है । लोगों के बीच अजीब सा डर फैला था।पिछले कई वर्षों से जुलाई अगस्त के इन महीनों में कभी डायन आने कभी महिलाओं की चोटी कटने तो कभी खूनी भेड़ियों के आने की अफवाह हर साल लोगों के लिए परेशानी और दहशत का माहौल बनाती रही है। इस साल रात को उड़ रहे ड्रोन दहशत और अफरा-तफरी फैला रहे हैं। आजकल पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में इ 'ड्रोन लुटेरों' की अफवाहों ने खौफ का माहौल बना दिया है. अमरोहा, बरेली, मुरादाबाद, बिजनौर, हापुड़, संभल, मेरठ और बुलंदशहर जैसे इलाकों में लोग रात में आसमान में चमकती लाइटों को देखकर डरने लगे हैं. सोशल मीडिया पर तेजी से फैली अफवाहों ने इसे ह्यड्रोन चोर गिरोहह्ल का नाम दे दिया. स्थानीय लोगों का मानना था कि ये ड्रोन घरों की रेकी कर रहे हैं और फिर चोरी की घटनाएं हो रही हैं. नतीजतन, लोग रातभर लाठी-डंडों के साथ गश्त करने लगे हैं. व्हाट्सएप ग्रुपों पर ड्रोन और अलर्ट की पोस्ट के साथ हथियारबंद लुटेरों की गतिविधियों तक के वीडियो बिना जांचे-परखे शेयर किए जा रहे थे। यहां तक कि मारपीट की हिसंक घटनाएं सामने आ रही थीं, उसे देखते हुए ड्रोन उड़ाने या उसके दुरुपयोग को लेकर कड़े दिशा-निदेर्शों की जरूरत महसूस की जा रही थी। मुरादाबाद, अमरोहा और हापुड़ जैसे इलाकों में ड्रोन जैसी टिमटिमाती लाइटों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिससे लोगों की आशंका और भी गहरी हो गई. कई जगहों पर लोगों ने खुलेआम दावा किया कि उन्हें ड्रोन दिखे जो देर रात उनके इलाके के ऊपर मंडरा रहे थे. हालांकि बाद में जांच में पता चला कि कुछ मामलों में ये लाइटें पतंगों, कबूतरों या प्लास्टिक बैग पर बंधी हुई थीं. लेकिन तब तक अफवाह इतनी फैल चुकी थी कि लोग हर अजनबी को चोर समझने लगे हैं। इसी संदेह के चलते अमरोहा में दो सगे भाइयों को ग्रामीणों ने केवल इसलिए पीट दिया क्योंकि उन्हें शक था कि वे ड्रोन चोर हैं. बरेली में एक युवक अपनी प्रेमिका से मिलने गया था लेकिन गांववालों ने उसे घेरकर बेरहमी से पीटा. हापुड़ में एक युवती को भीड़ ने चोर समझकर हमला किया. मेरठ में हिंडन नदी के पास हरियाली का सर्वे कर रही एक वैध ड्रोन टीम को भीड़ ने पीटा और पुलिस के हवाले कर दिया. ये सभी घटनाएं महज शक के आधार पर हुईं. बरेली जिले के भोझीपुरा में सबसे दर्दनाक घटना हुई, जहां मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति को 'ड्रोन गिरोह' का सदस्य समझकर पीट-पीटकर मार डाला गया. यह पहली मौत थी जो इस अफवाह की वजह से हुई. सिरौली में एक युवक को दो घंटे तक बेरहमी से पीटा गया, जबकि वह सिर्फ अपनी प्रेमिका से मिलने आया था. इसी तरह, किला इलाके में नोएडा की युवती को खंभे से बांधकर पीटा गया क्योंकि वह रात में फोन पर बात कर रही थी.

पुलिस और प्रशासन ने इन घटनाओं को रोकने की कोशिश की. मुरादाबाद पुलिस के अनुसार, सबसे पहले शिकायतें संभल और अमरोहा से आई थीं. उन्होंने स्पष्ट किया कि चोरी और ड्रोन के बीच कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं मिला है. हापुड़ में जांच में पाया गया कि लोगों ने जिन चीजों को ड्रोन समझा, वो पतंग या प्लास्टिक बैग थे. वहीं, मुजफ्फरनगर पुलिस ने दो ऐसे युवकों को पकड़ा जिन्होंने कबूतरों पर लाल और हरी लाइटें बांधकर उड़ाए थे, जिससे ड्रोन की अफवाह फैली.

ऐसे में योगी सरकार द्वारा बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने पर पूरी तरह रोक लगाने के साथ नियम तोड़ने वालों पर गैंगेस्टर और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून में कार्रवाई करने का आदेश दिया जाना कानून-व्यवस्था की दृष्टि से अपरिहार्य हो गया था। दुनिया भर में ड्रोन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल निगरानी, सुरक्षा, डिलीवरी और आपात सेवाओं में किया जाता है। लेकिन पिछले कुछ समय से पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और रुहेलखंड के इलाके में इस तकनीक का एक अलग ही चिंताजनक चेहरा देखने में सामने आ रहा था, जो अफवाह और भय का कारण बना हुआ था। ऐसा माहौल बन गया था कि ग्रामीण क्षेत्रों में रात में आसमान पर चमकदार लाल-हरी रोशनी कौंधते ही हल्ला मचने लगता था। लोग पूरी रात जागकर लाठी-डंडा लेकर पहरेदारी कर रहे थे।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज ने एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 द्वारा मेसर्स मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## आलेख

# राहुल गांधी का चुनावी एटम बॉम्ब

**विजय सहगल**

**जब** से भारत के चुनाव आयोग ने बिहार चुनाव के पूर्व, चुनाव सूची मे विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य आरंभ किया है, देश के सभी विपक्षी दलों की तोपों के मुंह चुनाव आयोग की तरफ मुड़ गये। कॉंग्रेस के युवा नेता ने तो एक कदम आगे बढ़ 1 अगस्त को चुनाव आयोग पर सरकार के पक्ष मे वोट चोरी का आरोप लगा कर, चुनाव आयोग को खुल्लम खुल्ला धमकाते हुए इस चोरी के पुख्ता प्रमाण, सबूत और साक्ष्य रूपी एटम बॉम्ब फोड़ने की चेतावनी दी। उन्होने वर्तमान मे हिंदुस्तान मे चुनाव आयोग नाम की कोई चीज के अस्तित्व को नकारते हुए, आगाह किया कि उनके धमाके के बाद तो चुनाव आयोग के अस्तित्व ही नजर नहीं आयेगा। राहुल गांधी पूर्व मे भी इस तरह के सनसनी खेज वक्तव्य देते रहे हैं। विदित हो कि 8 नवंबर 2016 मे मोदी सरकार द्वारा लागू की गयी नोट बंदी पर भी राहुल गांधी ने 9 दिसम्बर 2016 मे अपने उत्तेजक वक्तव्य मे, लोक सभा मे बोलने के मौका देने पर भूकंप आने की चेतावनी दी थी और जब वे लोक सभा मे बोले तो, अपने वक्तव्यों के भूकंप से धरती तो दूर, एक तिनका भी नहीं हिला सके। उनके सनसनी खेज "एटम बॉम्ब" के वक्तव्य पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चुटकी लेते हुए सही ही कहा कि यदि राहुल गांधी के पास सौ प्रतिशत पुख्ता सबूतों का "एटम बम" हैं तो उसका परीक्षण तुरंत करिए और सारे प्रमाण देश के सामने रखिये। लेकिन सच्चाई यह हैं कि न तो उनके पास कोई तथ्य हैं, न सबूत। सनसनी फैलाना उनकी पुरानी आदत रही है। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग के अधिकारियों को डराते और धमकाते हुए कुछ उसी लहजे मे कहा जैसे नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तानी आतंकवादियों को चेताते हुए कहा था। उन्होने चुनाव आयोग के अधिकारियों से कहा, जो भी ये काम कर रहे है, टॉप से बॉटम तक, याद रखिये हम आपको छोड़ेंगे नहीं! ये देश के खिलाफ साजिश है। उन्होने कहा कि आप रिटायार्ड हों या कहीं भी हों, हम आपको ढूंढकर निकाल लेंगे!

# शिबू सोरेनः जंगल से संसद तक –गुरु की राजनीतिक दास्तान

**ओंकारेश्वर पांडेय**

**दिशोम** गुरु शिबू सोरेन चले गए। 10 बार सांसद, 3 बार मुख्यमंत्री और उससे भी बढ़कर–वो शख्स जिसने तीर-कमान से नहीं बल्कि संघर्ष और अपनी सियासी चालों से बिहार के आदिवासियों को उनका हक दिलाया। अलग झारखंड का सपना उठाने वाले कई थे पर उसे सच करने वाला सिर्फ एक नाम था–दिशोम गुरु। लोग कहते हैं, ह्लगुरुजी सिर्फ नेता नहीं थे, आंदोलन की आत्मा थे।ह्व उनके समर्थकों के लिए वे एक विचार थे, एक प्रतिरोध की पहचान।

**नेमरा से उठी हुंकार, जिसने पूरा बिहार हिला दिया**

भारतीय राजनीति में झारखंड आंदोलन दरअसल आदिवासी पहचान की वह कहानी है, जिसे दिशोम गुरु ने खून-पसीने से लिखा। 11 जनवरी 1944 को रामगढ़ के नेमरा गांव में जन्मे शिबू सोरेन ने बचपन में साहूकारों की लूट देखी, खनन कंपनियों का लालच देखा। 1969 का अकाल, जब सरकारी गोदामों में अनाज सड़ रहा था और आदिवासी भूख से मर रहे थे, ने उनके भीतर ज्वाला भर दी। उन्होंने कसम खाई–जल, जंगल, जमीन की लड़ाई लड़ी जाएगी। नेमरा (रामगढ़) की गलियों से उठी उनकी आवाज ने 1960झ्र70 के दशक में आवाम को झकझोरा। जब धनकटनी आंदोलन शुरू हुआ, तब आदिवासी महिलाएँ खेतों से धान काटकर ले जाती थीं, पुरुष तीर-कमान लिए पहरे पर खड़े रहते थे पर सिस्टम भी था–सरेंडर, गिरफ्तारी, गिरफ्तारी वारंट तक जारी। उनकी शुरूआत छोटी थी पर असर बड़ा। धान जब्ती आंदोलन से शिबू सुर्खियों में आए। साहूकारों के गोदामों से अनाज निकालना, तीर-कमान लिए आदिवासी पहरेदारों का पहरा– यह केवल विरोध नहीं था, यह सिस्टम को सीधी चुनौती थी। एक दिन शिबू सोरेन पारसनाथ के जंगलों में छिप गए, वहीं से आंदोलन चला–बाहरी लोगों को निकालो, झारखंड को शोषण से मुक्त करो–सपनों के इस आंदोलन ने उन्हें दिशोम गुरु की पहचान दी। 1973 में उन्होंने ए.के. रॉय और बिनोद बिहारी महतो के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा बनाई।

## न्यूज फ्लैश

### आयुष्मान भारतः राज्य सरकार ने बजट किया जारी, अस्पतालों को भुगतान शुरू

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
हरियाणा की राज्य स्वास्थ्य एजेंसी (एसएचए) ने कहा है कि राज्य सरकार से 4 अगस्त,2025 को बजट प्राप्त हो गया है और तदनुसार, पैनलबद्ध अस्पतालों को "पहले आओ, पहले पाओ" (एफआईएफओ) के आधार पर "आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना" के तहत बकाया पैसे का भुगतान शुरू कर दिया गया है। राज्य स्वास्थ्य एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) द्वारा 28 जुलाई, 2025 को एक पत्र जारी किया गया था जिसमें "आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना" के बकाया भुगतानों का हवाला देते हुए 7 अगस्त, 2025 से इस योजना के तहत सेवाओं को रोकने की बात कही गई थी। इस संदर्भ में, एसएचए ने कहा है कि राज्य सरकार की तरफ से कल 4 अगस्त को बजट प्राप्त हो गया है और उसी के अनुसार अब पैनलबद्ध अस्पतालों को "पहले आओ, पहले पाओ" (एफआईएफओ) के आधार पर भुगतान करना शुरू कर दिया गया है।

प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने मई 2025 के पहले सप्ताह तक पैनलबद्ध अस्पतालों द्वारा प्रस्तुत दावों का निपटान और भुगतान कर दिया है। योजना की शुरूआत से अब तक अस्पतालों को कुल 2,900 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, 16 जुलाई 2025 तक राज्य और केंद्र सरकारों से 240.63 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हो चुकी है और पात्र दावों के निपटान के लिए इसका पूर्ण उपयोग किया जा चुका है। पैनलबद्ध अस्पतालों द्वारा प्रस्तुत दावों का निपटान एनएचए के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से 50 डॉक्टरों की एक टीम द्वारा किया जाता है। सभी कटौतियाँ एनएचए के दिशानिर्देशों के अनुसार सख्ती से की जाती हैं और कटौती केवल तभी की जाती है जब पर्याप्त नैदानिक औचित्य या दस्तावेजीकरण का अभाव हो।

किसी भी अस्वीकृति या कटौती से पहले, अस्पतालों को आवश्यक सहायक दस्तावेज जैसे कि वाइटल चार्ट, नैदानिक चित्र, ओटी नोट्स और परीक्षण रिपोर्ट अपलोड करने का अवसर दिया जाता है। यदि कोई अस्पताल किसी कटौती से असहमत है तो वह पोर्टल के माध्यम से अपील दायर कर सकता है। इन अपीलों की समीक्षा एक निर्दिष्ट चिकित्सा लेखा परीक्षा समिति द्वारा की जाती है। एसएचए ने भुगतान में देरी, दावा अस्वीकृति और दावों का प्रसंस्करण न करने संबंधी अस्पतालों द्वारा उठाई गई शिकायतों का संज्ञान भी लिया है। अब तक पैनलबद्ध अस्पतालों की 400 से अधिक शिकायतों को औपचारिक रूप से सीजीआरएमएस 2.0 पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत किया जा चुका है। इस प्लेटफॉर्म का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में अस्पतालों का समर्थन करने के प्रयास में, एसएचए ने अस्पताल प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए हैं।

### एसडीएम राजेश खोथ ने कबाड़ियों के साथ की बैठक

**हांसी (दिनकर गावड़ी)ः** शहर को स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य को लेकर एसडीएम राजेश खोथ ने कबाड़ का काम करने वाले दुकानदारों के साथ एक विशेष बैठक की। बैठक में शहर की सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर हो रहे अतिक्रमण की स्थिति पर गंभीरता से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान एसडीएम राजेश खोथ ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी दुकानदार एक सप्ताह के भीतर सड़कों, गलियों और सार्वजनिक क्षेत्रों से अपने-अपने कबाड़ को हटाकर अतिक्रमण मुक्त करें, अन्यथा प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण न केवल ट्रैफिक व्यवस्था को बाधित करता है, बल्कि आमजन की सुविधा और सुरक्षा में भी बाधा बनता है।एसडीएम ने यह भी निर्देश दिए कि जिन खाली प्लॉटों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लंबे समय से कबाड़ पड़ा हुआ है, उन क्षेत्रों की फेंसिंग करवाकर उन्हें सुरक्षित किया जाए, ताकि भविष्य में दोबारा वहा अव्यवस्था न फैल सके।एसडीएम ने दुकानदारों को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि तय समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ नगर परिषद एवं पुलिस प्रशासन के माध्यम से कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक में उपस्थित बिनटू, रमेश, प्रवीण सहित अन्य दुकानदारों ने प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए तुरंत अतिक्रमण हटाने तथा इस कार्य में प्रशासन का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे अपने-अपने स्थानों पर व्यवस्था सुधारने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और भविष्य में भी प्रशासनिक दिशा-निदेर्शों का पालन करेंगे।

# एसडीएम राजेश खोथ ने संयुक्त कार्यालय परिसर का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**निरीक्षण**

**एसडीएम ने संयुक्त कार्यालय परिसर का दौरा कर साफ–सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**हांसी( दिनकर गावड़ी):झ**
एसडीएम राजेश खोथ ने मंगलवार को संयुक्त कार्यालय परिसर का दौरा कर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संयुक्त कार्यालय परिसर की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए नगर परिषद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने पाया कि परिसर में कुछ स्थानों पर सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं है।

उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों को निर्देशित किया कि बुधवार सुबह से पूरे परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए, ताकि कार्यालय में आने वाले आमजन व कर्मचारियों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों की छवि साफ-सुथरे और व्यवस्थित वातावरण से बनती है। इससे आम जनता में सरकार और प्रशासन के प्रति विश्वास भी बढ़ता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सफाई व्यवस्था को लेकर समय-समय पर पुनः निरीक्षण भी किया जाएगा।

एसडीएम ने कार्यालय परिसर में कचरे के उचित निष्पादन, शौचालयों की नियमित सफाई तथा पेड़-पौधों की देखरेख सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और परिसर को एक आदर्श सरकारी कार्यालय परिसर के रूप में विकसित करें।नगर परिषद अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि बुधवार प्रातः 7 बजे से विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा, जिसमें कर्मचारी पूरी तैयारी के साथ भाग लेंगे।

एसडीएम राजेश खोथ ने कहा कि यह अभियान केवल एक दिन का नहीं होना चाहिए, बल्कि सफाई व्यवस्था को निरंतर बनाए रखने के लिए एक कार्य योजना तैयार की जाए, जिसमें समयबद्ध सफाई, निगरानी और जनसहभागिता का समावेश हो। उन्होंने कर्मचारियों और अधिकारियों से अपील की कि वे अपने-अपने स्तर पर स्वच्छता बनाए रखने में योगदान दे। इससे पूर्व उन्होंने जन समस्याओं को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को त्वरित आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए।

## विभाजन-विभीषिका दिवस को लेकर तैयारियां पूरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर, (धर्मबीर)ः आगामी** 8 अगस्त को मनाए जाने वाले विभाजन-विभीषिका स्मृति दिवस को लेकर यमुनानगर में तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। यह जानकारी देते हुए हरियाणा के कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि इस अवसर पर 1947 के विभाजन में जान गंवाने या विस्थापित हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी जाएगी और विभाजन का दर्द झेलने वालों को सम्मानित किया जाएगा।कार्यक्रम शाम 4:30 बजे डीएवी गर्ल्स कॉलेज, यमुनानगर में आयोजित होगा, जिसमें जनप्रतिनिधि, नागरिक, पार्टी कार्यकर्ता और युवा बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम में प्रदर्शनी, सेमिनार और दुर्लभ दस्तावेजों की प्रदर्शनी के माध्यम से युवाओं को विभाजन के इतिहास से अवगत कराया जाएगा।भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। उन्होंने बताया कि जिला, विधानसभा व मंडल स्तर पर संयोजक नियुक्त कर लोगों को कार्यक्रम से जोड़ा जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक रोजी मलिक आनंद ने नागरिकों से इसमें भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील की। इस अवसर पर जिला परिषद चेयरमैन रमेश कुमार ठसका, नेपाल सिंह राणा, कपिल मनीष गर्ग, ईश्वर पलाका, प्रवीण खदरी, नरेंद्र राणा, शुभम दत्ता, विपिन साहनी सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### एसडीएम राजेश खोथ के नेतृत्व में गांव ढाणा कला में 600 पौधे किए रोपित

**हांसी/दिनकर गावड़ी**
एसडीएम राजेश खोथ के नेतृत्व में गांव ढाणा कला में विशेष पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत 600 से अधिक पौधे गांव के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर रोपित किए गए। इस अवसर पर एसडीएम ने स्वयं भी पौधारोपण किया।यह पौधारोपण गांव के श्मशान घाट, तालाबों के किनारे, राजकीय प्राथमिक पाठशाला, राजकीय उच्च विद्यालय, बस स्टॉप, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पशु अस्पताल में तथा गांव के मुख्य द्वारों के निकट किया गया। पौधों की उपलब्धता वन विभाग द्वारा सुनिश्चित की गई थी।

## पेड़ लगाओ,पृथ्वी का पर्यावरण बचाओः रामफल आंतिल

**जड़ी बूटी दिवस**

**लगभग 16 बड़े पेड़ जैसे नीम, बड़, पीपल आदि के द्वारा उत्सर्जित ऑक्सीजन का प्रयोग करता है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** प्रतिवर्ष की भांति पतंजलि परिवार से जुड़े भारत स्वाभिमान ट्रस्ट सोनीपत,पतंजलि योग समिति,युवा भारत,तथा सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया व लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत समिति,प्रधानजी भाईचारा ग्रुप के संयुक्त प्रयास से महाराणा प्रताप चौक स्थित सेक्टर 13 की पार्क में बेलपत्र, जामुन, जमोया, अर्जुन, सहजन, गुलमोहर, अमरूद, गुड़हल, नीम,तुलसी,कनेर जैसे पौधे लगा व वितरित कर सभी संस्थाओं ने संयुक्त रूप से जड़ीबूटी दिवस मनाया। यह दिवस आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य श्री बालकृष्ण जी जोकि योग गुरु रामदेव जी के सहयोगी हैं के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। प्रधान जी भाईचारा ग्रुप के मुखिया रामफल आंतिल ने बताया कि पौधे धरती के सौंदर्य को बढ़ाने के साथ साथ मनुष्यों को जीवनदायिनी प्राणवायु प्रदान करते हैं। जीवन के अंतिम संस्कार में भी पेड़ों से प्राप्त लकड़ियां ही प्रयोग होती हैं। पेड़ो के द्वारा कार्बन डाइऑक्साइड का अवशोषण होता है,पर्यावरण का संरक्षण होता है,वन्यजीवों को आवास मिलता है,धरती का सौंदर्य बढ़ता है,भूमि कटाव रोकने में सहायक होते हैं। 60-65 वर्ष की औसत आयु का व्यक्ति अपने जीवनकाल में लगभग 16 बड़े पेड़ जैसे नीम, बड़, पीपल आदि के द्वारा उत्सर्जित ऑक्सीजन का प्रयोग करता है। अतः कम से कम 16 पेड़ लगाकर तो हम प्रकृति का कर्ज ही चुका पाते हैं। अपनी भावी पीढ़ियों के जीवनयापन व उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए हमको प्रतिवर्ष अपने जन्मदिन, विवाह की वर्षगांठ आदि शुभ अवसरों पर पेड़ लगाने चाहिएं। पौधारोपण के समय भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी तथा लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत समिति के प्रधान व सूर्यनमस्कार के वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर सिविल इंजीनियर लक्ष्मीनारायण,सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला प्रभारी सुरेश वत्स,प्राकृतिक चिकित्सक हरज्ञान सिंह आर्य,मीडिया प्रभारी आनंद शर्मा,प्रधानजी भाईचारा के मदानजी,नीरज कटारिया,बॉबी,मीनू आंतिल, श्रीकृष्ण नरवाल आदि ने उपस्थित रहकर पौधारोपण किया।

### दहेज प्रथा और बाल विवाह जैसी कुप्रथाएं कन्या भ्रूण हत्या की जड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर, (धर्मबीर)ः** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या जैसी शर्मनाक घटनाओं के पीछे समाज में व्याप्त दहेज प्रथा और बाल विवाह जैसी कुप्रथाएं मुख्य कारण हैं। उन्होंने कहा कि इन सामाजिक अपराधों के उन्मूलन के लिए युवाओं, पंचायतों, स्वयंसेवी संस्थाओं और हर वर्ग को एकजुट होकर कार्य करना होगा।

उपायुक्त ने बताया कि विवाह की निर्धारित आयु - लड़कों के लिए 21 वर्ष और लड़कियों के लिए 18 वर्ष - पूरी तरह वैज्ञानिक और उपयुक्त है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी से बाल विवाह की घटनाएं अब भी होती हैं। इसका दुष्प्रभाव न केवल दंपत्ति के स्वास्थ्य पर पड़ता है, बल्कि जनसंख्या वृद्धि और शिक्षा पर भी असर होता है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान प्रारंभ किए गए हैं, लेकिन केवल सरकारी प्रयासों से सफलता संभव नहीं। इसके लिए समाज की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।

स्कूलों और कॉलेजों में वाद-विवाद, भाषण प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्रों में जागरूकता बढ़ाई जानी चाहिए। दहेज न लेने और न देने, बाल विवाह रोकने और शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प हर युवा को लेना होगा।

## 5वीं जिला योगासन खेल प्रतियोगिता छह अगस्त को आयोजित की जाएगीः ईश्वर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूलाः** योगासन खेल संघ द्वारा हरियाणा योगासन खेल संघ एवं योगासन भारत के तत्वाधान में पांचवीं योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन 6 अगस्त को सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक सेक्टर 10 पंचकूला के हरियाणा मॉडल स्कूल के इंडोर हॉल में किया जाएगा । प्रतियोगिता की रूपरेखा और समपूर्ण तैयारी हेतु विशेष बैठक का आयोजन आईटीबीपी के पुर्व आइजी , हरियाणा योगासन खेल संघ की खेल टेक्नीकल संचालन समिती के



चेयरमेन एवं जिला योगासन खेल संघ पंचकुला के अध्यक्ष श्री ईश्वर सिंह दुहन की अध्यक्षता में की गई ,जिसमें जिला योगासन खेल संघ सभी पदाधिकारियों सेक्रेटरी श्री रितेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्री संदीप सिंघल प्रतियोगिता डायरेक्टर डॉ कोमल कौशिक ,प्रतियोगता मैनेजर आशीष गहलावत तथा प्रतियोगिता निर्णायक मंडल सदस्यो ने भाग लिया । श्री ईश्वर सिंह दुहन ने अवगत कराया कि यह प्रतियोगता एक ओपन चैम्पियन है जिसमें है 10+ वर्ष 55 वर्ष तक के विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं ।बालक /बालिकाएं ,पुरुष एवं महिलाओ की अलग अलग प्रतियोगिताये होंगी ।इस प्रतियोगिता में इस वर्ष कुल 10 इवेंट होंगे जिसमें से आठ प्रतियोगिता एकल होंगी तथा दो इवेंट्स रूप से होगी ।प्रतियोगिता मैं सब -जुनियर (10+ से 14 वर्ष )जूनियर (14+ से 18 वर्ष), सीनियर (18+ से 28 वर्ष ),सीनियर -ए (28-35 वर्ष )सीनीयर -बी (35-45 वर्ष )तथा सीनियर सी (45+ से 55 वर्ष )के 6 ग्रूप होंगे ।आयु का निर्धारण वर्ष के एक जनवरी से होगा ।प्रतियोगिता के रजिस्ट्रेशन के लिए लिंक सभी कार्यालयों तथा स्कूलों / कालिजो को भेज दिया गया है ।इस प्रतियोगिता में आठ एकल श्रेणी के इवेंट होंगे जो कि ट्रेडिशनल योगासन,फॉरवर्ड बेंड, बैकवर्ड बेंड , लेगबैलेंस ,ट्विस्टिंग बॉडी ,हैंड बैलेंस ,सुपाइन एवं कलात्मक एकल योगासन होंगे तथा ८४' प्रतियोगिता के रूप में कलात्मक एवं तलातमक योगासन प्रतियोगिता होगी ।इस प्रतियोगिता में एक प्रतिभागी अधिकतम 4 ईवेंट्स में भाग ले सकता है यह प्रतियोगिता योगासन भारत एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अनुमोदित उडढ (कोड ऑफ प्वाइंट )के रूल एवम् रेगुलेशन के अनुसार आयोजित की जाएगी ।इसमें जो प्रतियोगी के कोई भी इवेंट में जो गोल्ड मेडल अर्जित करेगा वो आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जाएगा ।

## बाल विवाह अब स्वतः अमान्य, यह सिर्फ कानून नहीं समाज सुधार की दिशा में बड़ा कदमः रजनी गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** हर बच्चा पढ़ने, खेलने और सपने देखने के लिए जन्म लेता है, बाल विवाह के लिए नही। मंगलवार को महिला थाना सोनीपत में पुलिस आयुक्त ममता सिंह के निर्देशन में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजित की गई, जिसमें बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 (पीसीएमए) की धाराओं, सजाओं तथा हरियाणा सरकार द्वारा हाल ही में किए गए संशोधनों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक को संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सुश्री रजनी गुप्ता ने संबोधित करते हुए बताया कि अधिनियम की धारा 9, 10 व 11 के तहत



यदि 21 वर्ष से कम आयु का लड़का विवाह करता है, तो उसे दो वर्ष की सजा, एक लाख रुपये जुमार्ना या दोनों हो सकते हैं, और विवाह में सहयोग करने वाले चाहे वे पुरोहित हों, पंचायत सदस्य या माता-पिता सभी को कानूनी दंड का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि विवाह योग्य आयु लड़कियों के लिए 18 वर्ष व लड़कों के लिए 21 वर्ष निर्धारित है, और जिले में पीएचसी/सीएचसी से लगातार ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जिनमें नाबालिग लड़कियाँ गर्भवती पाई जा रही हैं, जिन पर पीएमए और पोस्को कानून के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

विशेष रूप से उन्होंने हरियाणा

### ऋण योजनाओं के लिए आवेदन आमंत्रित, 21 तक करें आवेदन

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति से संबंधित व्यक्तियों को स्वरोजगार के लिए सावधि ऋण योजना एवं सूक्ष्म वित्त योजना शुरू की गई है। योजना का लाभ उठाने के इच्छुक पात्र व्यक्ति 21 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के जिला प्रबंधक कुलदीप सैनी ने बताया कि योजनाओं के लाभ के लिए आवेदक हरियाणा का स्थायी निवासी हो और आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

## एमएलएन स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित, छात्रों ने दिखाया हुनर

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर (कुलदीप सैनी) :**
एमएलएन स्कूल में मंगलवार को विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने विज्ञान से जुड़े विभिन्न विषयों पर एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित अतिथियों और दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अन्य मैनेजमेंट सदस्यों और स्कूल स्टाफ के साथ सभी मॉडलों का अवलोकन किया और छात्रों की मेहनत की सराहना की। इस




अवसर पर पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा ने कहा कि छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए मॉडलों में नवाचार की झलक दिखाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों को अपनी छुपी हुई प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। साथ ही उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित होती है, जो उनके भविष्य के लिए लाभकारी है। मुकंद शिक्षण संस्थाओं में ऐसे आयोजन समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं ताकि छात्रों को प्रोत्साहन मिलता रहे। स्कूल के प्रिंसिपल प्रमोद ग्रोवर ने कहा कि प्रायोगिक कार्य छात्रों की समझ को गहराई प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि बच्चे जितना अधिक प्रैक्टिकल वर्क करेंगे, उतनी ही जल्दी वे उस विषय में निपुणता हासिल करेंगे। इस अवसर पर मैनेजमेंट सदस्य डॉ. अजय शर्मा, प्रमोद बंसल सहित सीमा कटारिया, डॉ. माला शर्मा, पूजा जोली कालरा, रेनू शांडिल्य, विलशन कुमार, शिल्पी गुप्ता, डोली काम्बोज, मोना चोपड़ा, अदिति चौहान आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## उपायुक्त ने बीते 2 वर्षों में जमीनी कार्यशैली से खींची एक नई लकीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
हरियाणा सरकार में परिवहन, शिक्षा और मार्केटिंग बोर्ड जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रह कर अपनी अमिट पहचान छोडने.वाले वीरेन्द्र कुमार दहिया (आईएएस) पिछले 2 वर्षों से जिले में बतौर उपायुक्त अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं।

सरल व्यक्तित्व, मजबूत प्रशासनिक पकड़ और नवाचारों के प्रति गहरी समझ रखने वाले व्यक्तित्व ने जिले में सरकारी नीतियों और जमीनी कार्यशैली से एक नई लकीर खींची है।

पारंपरिक नौकरशाही से अलग हटकर उनकी कार्यशैली एक सेवक की तरह अधिक प्रतीत होती है। चाहे डिजिटल प्रशासन हो, भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्ती या पारदर्शिता की स्थापना हर मोर्चे पर वे स्वयं उपस्थित रहे हैं। हर कार्य में उनकी कार्यशैली बोलती है। एक आईएएस अधिकारी में जो खूबियां होती हैं जो उन्हें अपनी जिम्मेदारियों को प्रभावी ढंग से निभाने में मदद करती हैं वे सभी उनमें साफ दिखाई देती हैं। वर्ष 2013 बैच के (आईएएस) डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया का 2 वर्ष का कार्यकाल उपलब्धियों से परिपूर्ण रहा है। सभी विभागों के अधिकारियों ने उनके इस उपलब्धि भरे कार्यकाल की सफलता पर उन्हें बधाई दी है। उनके मार्ग दर्शन में जिले में विकास के तमाम पहलुओं को देखकर कहा जा सकता है कि उनकी सोच में प्रशासनिक अनुशासन के साथ दूरदर्शिता,



समावेशी विकास और जनहित की प्राथमिकता निहित है।

गौर करने लायक बात यह है कि उनकी सोच की झलक उनके दैनिक कार्यों में दिखाई देती है। जिले में इन दो वर्षों में उन्होंने जन सहभागिता एवं बड़ी परियोजनाओं तक की पहल को गति प्रदान की है। उनका जोर न केवल विकास कार्यों पर बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही, और नागरिक केंद्रीत योजनाओं पर रहा है।

मजेदार बात यह है की उनका अब तक का 2 वर्ष 3 महीने 24 दिन का कार्यकाल शीर्ष प्रभावी प्रशासक के मॉडल की तरह साबित हुआ है। उन्होंने प्रशासनिक अनुशासन, पारदर्शिता और सक्रिय निरीक्षण के माध्यम से जिले में मजबूत सुधार हुए हैं। वे कहते है प्रशासनिक अधिकारी का काम सिर्फ प्रशासन चलाना नहीं, बल्कि समाज के विकास में अहम भूमिका निभाना भी होता है। देखने लायक बात यह है कि उपायुक्त की सोच व कार्यशैली बिल्कुल हटके नजर आती है। उनकी पारदर्शी एवं प्रेरक छवि खास तौर पर युवा वर्ग को प्रेरणा देती है। सतर्कता, समय पालन और पारदर्शी प्रशासन की उनकी छवि इन 2 वर्षों में जिले में स्पष्ट तौर पर दृष्टिगोचर हुई।

उपायुक्त के ये 2 वर्ष शिक्षा, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, मार्केटिंग, परिवहन जैसे क्षेत्रों में उनके निर्णय परिणाम देने वाले रहे हैं। वे उस प्रशासनिक सोच का प्रतिनिधित्व करते हैं। जो समर्पण, ईमानदारी और नवाचार पर आधारित है। जिले में उनके नेतृत्व में जो बदलाव हो रहे हैं, वे न केवल जिले को विकास की नई दिशा दे रहे हैं, बल्कि देशभर के अफसरों के लिए प्रेरणा भी बन रहे हैं। उनके मार्ग दर्शन में जिले के तमाम विभागों को जो मार्गदर्शन मिल रहा है उसका असर जिले की प्रगति के रूप में दिखाई दिया है।

## 25 सितंबर की रैली तोड़ेगी सारे रिकॉर्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** इंडियन नेशनल लोक दल की महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान के दौरान इनेलो की जनहितकारी नीतियों और वैचारिक प्रतिबद्धताओं को लेकर लोगों को संबोधित किया। उनका संदेश साफ था यह पार्टी आमजन की आवाज है, जो गाँव की गलियों से चलकर सत्ता तक पहुँचने का सपना नहीं, बल्कि अधिकार देने का संकल्प लेकर चलती है।

सुनौना चौटाला मंगलवार को गांव कुराड में आयोजित जनसभा में बोल रही थी। सुनैना चौटाला ने कहा कि इनेलो गरीब, किसान, मजदूर, महिला और युवा के आत्मसम्मान की लड़ाई लड़ने



वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि यह मात्र एक नेता की पार्टी नहीं बल्कि प्रत्येक कार्यकर्ता इसकी आत्मा है।

जब यह सरकार बनेगी तो यह सरकार आम आदमी की होगी, आपकी अपनी सरकार होगी, जो जनता के हितों की रक्षा करते हुए उन्हें सम्मान और अधिकार दिलाएगी।

उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार, महिलाओं को सुरक्षित और आत्मनिर्भर जीवन, किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य और मजदूरों को काम के साथ गरिमा प्रदान करना पार्टी की प्राथमिकता है।

उन्होंने ग्रामीण महिलाओं से आह्वान किया कि वे निर्भीक होकर आगे आएं

## न्यूज फ्लैश

### वरिष्ठ पत्रकार देशराज भटनागर बने हिंद संग्राम परिषद् हरियाणा के प्रदेश चेयरमैन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था हिंद संग्राम परिषद रजिस्टर्ड ने हरियाणा प्रदेश के चेयरमैन पद पर कुरुक्षेत्र के प्रसिद्ध समाज सेवी व वरिष्ठ पत्रकार श्री देशराज भटनागर को परिषद् का प्रदेश चेयरमैन सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया । यह जानकारी हिंद संग्राम परिषद् रजि के प्रमुख अध्यक्ष सरदार अवतार सिंह सैनी तथा हरियाणा प्रदेश के प्रभारी अमित गोयल ने दी ओर कहा कि परिषद् को पूरी उम्मीद है कि देशराज भटनागर की अध्यक्षता में न?ई कार्यकारिणी के गठन व प्रचार प्रसार में भी पूरा सहयोग रहेगा। प्रमुख अध्यक्ष श्री सैणी ने कहा कि सबसे पहले कुरुक्षेत्र ईकाई का गठन शीघ्र किया जाए तथा उसके उपरांत प्रदेश कार्यकारिणी भी गठित की जाएगी। परिषद् द्वारा सभी की सभी कार्यकारिणी पहले ही रद्द कर दी थी अब नये सिरे से नई कार्यकारिणी गठित हो रही हैं।

### श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में लहराया परचम: पूजा शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों ने हाल ही में आयोजित ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या पूजा शर्मा ने बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में बच्चों की भागीदारी उनके विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह उन्हें सहयोग करना, विचारों का आदान-प्रदान करना, और विभिन्न दृष्टिकोणों का सम्मान करना सिखाता है। उन्होंने बताया कि रेस प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं के छात्र अरमान ने शानदार प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं इसी कक्षा की छात्रा रश्मित ने तृतीय स्थान हासिल किया। तन्वी कश्यप ने पेंटिंग प्रतियोगिता में अपनी कला का जादू बिखेरते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, कक्षा तीसरी के छात्र रश्वित ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिवार ने सभी विजेताओं को उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर अधिकारियों ने की बैठक

### विभागाध्यक्षों की एनआईसी कार्यालय के सभागार में एक बैठक ली

**बैठक**

समारोह से पहले तैयारियां होनी चाहिए ताकि समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन हो सके




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य व शानदार तरीके से आयोजित करने के दृष्टिगत सीईओ जिला परिषद गगनदीप एवं एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन कुमार ने संयुक्त रूप से विभागाध्यक्षों की एनआईसी कार्यालय के सभागार में एक बैठक ली। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समारोह से पहले सभी तैयारियां सुनिश्चित होनी चाहिए ताकि स्वतंत्रता दिवस समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया जा सके। बैठक में उन्होंने यह भी कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह नई अनाज मंडी अम्बाला शहर में आयोजित होगा। बैठक के दौरान स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को उनके विभाग से सम्बन्धित किए जाने वाले कार्यों बारे अवगत करवाते हुए सभी तैयारियां समय से पहले करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि समारोह स्थल पर पुलिस की व्यापक व्यवस्था रहे व ट्रैफिक व्यवस्था भी दुरूस्त रखें। इसके लिए पुलिस विभाग के अधिकारी इस कार्य को करना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम स्थल पर सम्बन्धित विभाग मुख्य स्टेज से सम्बन्धित व्यवस्था के साथ-साथ समारोह स्थल तक जाने वाले रास्तों पर सडकों की व्यवस्था को भी दुरूस्त रखें। यदि कहीं पर सडकों की मरम्मत संबधी कार्य किया जाना है, उस कार्य को वे पहले ही करना सुनिश्चित करें। नगर निगम के अधिकारियों को उन्होंने निर्देश दिये कि समारोह स्थल पर सफाई व्यवस्था के साथ-साथ झंडों की व्यवस्था रखें। जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को उन्होंने निर्देश दिये कि समारोह स्थल पर वीआईपी टॉयलेट के साथ-साथ पेयजल की व्यवस्था रखें। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्यक्रम स्थल पर फर्स्ट एड की व्यवस्था रखें। बागवानी विभाग, वन विभाग व एचएसवीपी विभाग के अधिकारी समारोह स्थल पर गमलों की व्यवस्था करवाएं व महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी समारोह स्थल पर रंगोली की व्यवस्था करवाएं। समारोह स्थल पर फायर ब्रिगेड की व्यवस्था के साथ-साथ एंबुलैंस की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। इस मौके पर जिला सैनिक बोर्ड के साथ अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि समारोह के दृष्टिगत स्वतंत्रता सैनानियों, युद्ध वीरांगनाओं को कार्यक्रम में आमंत्रित करने की व्यवस्था करें। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यक्रम में पुलिस की परेड के साथ-साथ मास पीटी, डम्बल, सांस्कृतिक कार्यक्रम व राष्ट्रीय गान की प्रस्तुति होगी। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि समारोह में प्रस्तुत होने वाली प्रस्तुतियों के दृष्टिगत वे स्कूलों में प्रतियोगिताएं करवानी सुनिश्चित करवाएं ताकि जो भी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करे उसकी स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रस्तुति करवाई जा सके।

# घर-घर पहुंचेगा आयुर्वेद आहार, मिली मान्यता



**टीम एक्शन इंडिया**
**अनिल वर्मा**
**थानेसर:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्राचीन ग्रंथों में मौजूद चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद के पक्ष में हैं,जो अब घर-घर में खाने की थाली तक पहुंचेगी। अब आयुर्वेद आहार को एफएसएसएआइ से मान्यता मिल गई है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) ने आयुष मंत्रालय के परामर्श से "आयुर्वेद आहार" श्रेणी के तहत आयुर्वेदिक खाद्य पदार्थों की सूची जारी की है। यह जानकारी जाने-माने आयुर्वेदिक विशेषज्ञ डॉ.अखिल यादव ने आज खास मुलाकात में दी। डॉ.यादव ने बताया कि आयुर्वेद आहार वे खाद्य पदार्थ हैं,जो आयुर्वेद के सिद्धांतों के अनुसार तैयार किए जाते हैं।इनमें सब्जियां, और मसालों से लेकर, विशेष आयुर्वेदिक व्यंजनों और औषधीय गुणों वाले खाद्य पदार्थ हो सकते हैं। ये खाद्य उत्पाद प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर तैयार किए जाते हैं, जिनमें पोषण, संतुलन और परंपरा का सम्मिश्रण होता है,ताकि समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा मिले। आयुष मंत्रालय ने कहा है कि नई सूची से प्रामाणिक आयुर्वेदिक ग्रंथों से प्राप्त व्यंजनों, अवयवों और प्रक्रियाओं पर आधारित खाद्य पदार्थों को मान्यता मिल गई है। 2022 में खाद्य सुरक्षा और मानक (आयुर्वेद आहार) विनियमों की शुरूआत के बाद भारत के पारंपरिक खाद्य ज्ञान को घर घर तक पहुंचाने की दिशा में यह बड़ा कदम है। इससे प्रामाणिक आयुर्वेदिक ग्रंथों से प्राप्त व्यंजनों, अवयवों और प्रक्रियाओं पर आधारित खाद्य पदार्थों को मान्यता मिल गई है। विनियमों या रेगुलेशन की अनुसूची बी के नोट (1) के अंतर्गत जारी की गई यह सूची, अनुसूची 'ए'में सूचीबद्ध शास्त्रीय आयुर्वेदिक ग्रंथों से ली गई है। इससे इन खाद्य पदार्थों की प्रामाणिकता पारंपरिक आधार सुनिश्चित होगा। इस पहल का उद्देश्य आयुर्वेद आहार उत्पादों के निर्माण के लिए स्पष्ट और विश्वसनीय संदर्भ के जरिये खाद्य व्यवसाय संचालकों या फूड बिजनेस आपरेटर्स (एफबीओ) की सहायता करना है।

## शाहबाद में नेशनल हाईवे 44 पर अवैध तरीके से लगाई गई दुकानों को हटवाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहबाद मारकंडा (प्रदीप कुमार)**
शाहबाद में नेशनल हाईवे 44 पर अवैध तरीके से लगाई गई दुकानों को थाना प्रभारी जगदीश टामक ने आज भारी पुलिस बल और पीले पंजे के साथ हटवाया है। थाना प्रभारी जगदीश टामक ने कहा कि शाहबाद नेशनल हाईवे 44 पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी की जमीन पर यह अवैध दुकानें लगाई गई है।जिनको आज हटवाया गया है। उन्होंने कहा कि पहले भी कई बार इस प्रकार की कार्यवाही की गई है । लेकिन यह लोग नहीं मानते हैं। दोबारा से अपनी अवैध दुकान यहां पर लगा लेते हैं। इसलिए आज दोबारा से अपील भी की गई है कि अगर दोबारा से वह इस जगह पर अपनी अवैध दुकान लगाते है तो इन पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# केयू मीडिया संस्थान में दस स्टार्ट-अप करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**सम्मान**

विभिन्न प्रकार के स्टार्टअप की शुरूआत करने के लिए डॉ. वीरेन्द्र पाल द्वारा सम्मानित किया गया




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय नूतन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम में संस्थान के 10 छात्रों को एंटरप्रेन्योरशिप के माध्यम से रोजगार के नवीन अवसर दूसरे छात्रों के लिए उपलब्ध करवाने व विभिन्न प्रकार के स्टार्टअप की शुरूआत करने के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल द्वारा सम्मानित किया गया। जनसंचार एवं मीडिया संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि स्टार्टअप का भविष्य भारत में उज्ज्वल है। इसका उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, रोजगार सृजन करना और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। संस्थान के छात्रों द्वारा स्वयं का मीडिया क्षेत्र में स्टार्टअप शुरू कर नई शुरूआत की गई है जिससे संस्थान के छात्र लाभान्वित होंगे व स्वरोजगार की तरफ बढेंगे।

प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि स्टार्टअप शुरू करने वाले दस विद्यार्थियों में हरसिमन सिंह, ग्राफिक्स एंड एनिमेशन (बैच-2017-2020) संस्थापक द तस्वीरिये, अमूलक सिंह, संस्थापक डेजियो, ग्राफिक्स एंड एनिमेशन (बैच-2017-2020), दीपक शर्मा, संस्थापक निदेशक, द लास्ट 3 फीट मार्केटिंग सोल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड, प्रिंटिग एंड पैकेजिंग (बैच-2010-2014), मोहित, संस्थापक निदेशक, इएमएम जी पैकेजिंग इंडस्ट्रीज, प्रिंटिग एंड पैकेजिंग (बैच-2010-2014), ज्योति शिलक्शा, संस्थापक, जस्ट बीइंग लोकल, मॉस कम्यूनिकेशन (बैच-2016-2018), मनीष शर्मा, सीईओ, संस्थापक वानाबीइंडियाडॉटकॉम, मॉस कम्यूनिकेशन (बैच-2013-2018), दीपक पिल्लई, संस्थापक एवं क्रिएटिव हेड, थींग टैंक कोरियल मॉस कम्यूनिकेशन (बैच-2011-2012), शंशाक वर्मा, सीईओ, रेकिनलूप इनोवेशन्स प्राइवेट लिमिटेड प्रिंटिग एंड पैकेजिंग (बैच-2012-2016), रविंद्र बेनिवाल एम.डी. महादेव प्रिंट एंड पैक, प्रिंटिग एंड पैकेजिंग (बैच-2012-2016), शुभम शर्मा, संस्थापक वेबियाटॉप टैक्नालॉजी (बैच-2017-2020), सम्मिलित हैं।

# महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर में कैरियर काउंसलिंग सत्र



**जागरूक किया**

प्रवेश लेने वाले छात्र व उनके अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर, बहलोलपुर में आज युवाओं के कैरियर मार्गदर्शन के उद्देश्य से एक प्रभावी कैरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न केवल स्किल सेंटर में प्रवेश ले चुके छात्रों ने भाग लिया, बल्कि प्रवेश लेने वाले छात्र व उनके अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को बदलते समय की मांग के अनुसार कौशल आधारित शिक्षा और प्रशिक्षण के महत्व से परिचित कराना था।इस सत्र की शुरूआत नवीन जिन्दल फाउंडेशन से कृष्णमन सिंह सैनी द्वारा स्वागत भाषण से हुई, उन्होंने बताया कि यह केंद्र न केवल तकनीकी शिक्षा देने का कार्य कर रहा है, बल्कि विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर और रोजगारोन्मुखी बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। स्टैंडर्ड की ट्रेनिंग, डिजिटल लर्निंग टूल्स, प्रैक्टिकल आधारित शिक्षा, और प्लेसमेंट सपोर्ट जैसी अनेक सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रावधान किया जा रहा है।काउंसलिंग सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने भी छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों जैसे आईटी, हेल्थकेयर, इलेक्ट्रिकल, फिटर, वेल्डिंग, एग्री-प्रोसेसिंग, फैशन डिजाइनिंग आदि में मौजूद रोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी।

# पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मे किया फर्नीचर दान



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला छावनी:** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राम बाग रोड़ अम्बाला छावनी में कुमार फर्नीचर एंड डेकोरेटर अम्बाला शहर के सौजन्य से विद्यालय में कार्यलय प्रयोग के लिए एक बड़ी टेबल, एक कुर्सी और विद्यार्थियों के लिए 19 प्लास्टिक वाले बैंच जिस पर बैठ कर विद्यार्थी कंप्यूटर पर ठीक से काम कर सके सप्रेम भेट किये ' कुमार फर्नीचर से विशाल कुमार ने विद्यालय मे चल रहे रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस विद्यालय में पूरा स्टॉफ प्रधानाचार्य रीटा देवी के कुशल नेतृत्व मे बड़ी लगन से कार्य कर रहा है ' वही समाजसेवी विकास कुमार ने कहा कि मुझे जब भी इस विद्यालय मे किसी काम से आना होता है तो मै अक्सर यही नोट करता था कि यहाँ का पूरा स्टॉफ बच्चों की पढ़ाई के साथ साथ उनको दिए जाने वाले मिड डे मील मे बच्चों को दिए जाने वाले भोजन को जिस प्रकार से बच्चों को खिलाते है मानो ऐसा लगता है कि वह घर का बना खाना खा रहे हो।

## अलग-अलग स्थानों से किशोरी व महिलाएं लापता

**सोनीपत: बहालगढ़,** कुंडली, मुरथल व सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से 12 वर्षीय किशोरी सहित महिलाओं के लापता होने के आरोप के मामले सामने आए है। परिजनों ने मामलों की शिकायत संबंधित थाना पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमें दर्ज कर लिए है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र से 20 वर्षीय युवती, मुरथल थाना क्षेत्र के गांव मीमारपुर से 12 वर्षीय किशोरी, शिवपुरी कॉलोनी से 21 वर्षीय युवती व बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पलड़ा से 18 वर्षीय लड़की संदिग्ध हालत में लापता हो गई।

# परमात्मा ही सच्चे रक्षक हैं जो बुराई से बचाते हैं



**उमंग उत्साह**

यदि हम हर दिन ही उमंग उत्साह में रहे सदा अपने चेहरे पर एक मुस्कान बनाए रखें

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय #16, कंच घर सेवाकेंद्र में रक्षाबंधन का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस प्रोग्राम में मुख्य वक्ता के रूप में अंबाला कैंट से राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रानी दीदी जी आए और मुख्य अतिथि के रूप में जज मनजीत पाल जी, सीएमओ राकेश जी और उनकी धर्मपत्नी इंदु जी आए। बीके रानी दीदी जी ने रक्षाबंधन का बहुत अच्छा अध्यात्मिक रहस्य बताया कि ये पर्व पवित्रता का पर्व है, हमें इस पर्व को सही अर्थ से मनाना है तो इस पर्व पर स्वयं से एक प्रतिज्ञा करनी है कि हम अपनी एक बुराई को यही छोड़ कर जायेंगे और जब भी बोलेंगे तो इस मुख से मीठा ही बोलेंगे। परमपिता परमात्मा ही हमारी हर बुराई से रक्षा कर सकते है, तो जितना हो सके उन्हें याद करेंगे। अपने जीवन को अच्छाई से भर देना है।

सीएमओ नागरिक अस्पताल अंबाला शहर राकेश जी ने बताया कि हर एक त्योहार हमारे जीवन में एक नये उमंग उत्साह को लेकर आता है, यदि हम हर दिन ही उमंग उत्साह में रहे सदा अपने चेहरे पर एक मुस्कान बनाए रखें तो हर दिन ही एक त्योहार बन जाए। कभी गम का नाम ही ना आये। यही सच्चे अर्थ में रक्षाबंधन मनाना है। ब्रह्मा कुमारी बहनें बहुत अच्छा कार्य कर रही है और मुझे यहाँ आना बहुत अच्छा लगता है। सभी आई हुई सभा को रक्षाबंधन का पवित्र सूत्र बांधा गया, साथ में मुख मीठा कराया गया और विजय का तिलक लगाया गया। कुमारी जानवी, एरिक ने नृत्य और कुमार विनायक ने अपनी कविता, कुमार निपुण ने बहुत सुंदर गीत के मध्यम से सबको मंत्रमुग्ध किया। इस प्रोग्राम में शहर के गणमान्य व्यक्ति राकेश मकड़ जी, बीके शोभा दीदी जी, भावना दीदी, एकता दीदी, सिमरन दीदी, नीरज भाई जी मौजूद रहे।

# संस्कृत देववाणी है, शब्द नाद और प्रकाश है: प्रो. भीम सिंहवेदालंकार



**स्वस्थ रहें**

जीवन में कोई भी लक्ष्य पाने के लिए व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना जरूरी है

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी से मिलकर बना आयुष शब्द एक मधुर और गहन अर्थ वाला संयोग है, जिसमें संपूर्ण प्राकृतिक चिकित्सा समाहित है। शब्द नाद है, शब्द ज्योति है और शब्द प्रकाश है, क्योंकि यह चेतना और संस्कार का माध्यम होते हैं। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संस्कृत, पाली एवं प्राकृत विभाग से सेवानिवृत्त प्रो. भीम सिंह वेदालंकार ने व्यक्त किए । वे श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के संहिता एवं सिद्धांत स्नातकोत्तर विभाग द्वारा आयोजित संस्कृत सप्ताह महोत्सव में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान, कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर, प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. जीतेश कुमार पंडा, संहिता एवं सिद्धांत विभागाध्यक्ष प्रो. कृष्ण कुमार और आर एंड आई निदेशक प्रो. देवेंद्र खुराना ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रो. दीप्ति पराशर, प्रो. रवि राज, प्रो. नीलम कुमारी, प्रो. सीमा रानी, डॉ. सुरेंद्र सहरावत, प्रो. मनोज तंवर, डॉ. आशीष नांदल, डॉ. अनामिका, डॉ. सुखबीर, डॉ. ममता, संस्कृत क्लब सचिव डॉ. सीमा रानी, डॉ. प्रीति समेत अन्य शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**संस्कृत के बिना भारत और भारत के बिना संस्कृत अधूरीः प्रो. वेदालंकार** प्रो. वेदालंकार ने कहा कि संस्कृत एक वैज्ञानिक और देववाणी भाषा है, जिसमें हर शब्द का गहरा अर्थ और उच्चतम स्तर की व्याकरणिक शक्ति होती है। उन्होंने बताया कि उनके पिता संस्कृत के विद्वान थे और उन्होंने ऐसे शब्दों पर निबंध लिखा जो बिना होठों को छुए बोले जा सकते थे। उन्होंने कहा कि यह वही भाषा है जिसमें एक ही वाक्य को आगे से पढ़ने पर महाभारत और पीछे से पढ़ने पर रामायण बन जाती है। संस्कृत के बिना भारत अधूरा है और भारत के बिना संस्कृत। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि शब्दों का प्रयोग सोच-समझकर करें,क्योंकि यह केवल बोलने के माध्यम नहीं, बल्कि चेतना और संस्कृति के वाहक हैं। उन्होंने क्षेत्र से संन्यास लेकर देवभाषा की रक्षा करना का संकल्प लिया हुआ है। वे रोजाना 5 से 6 घंटे चिंतन करके संस्कृत भाषा पर गहन अध्ययन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई शब्दों को एक शब्द में सिमटने की ताकत मात्र संस्कृत भाषा में ही है।

**हमारी पारंपरिक शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन किया: प्रो. भीम सिंह**
मुख्य वक्ता प्रो. भीम सिंह वेदालंकार ने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत ने भारत पर शासन करने के लिए सबसे पहले हमारी भाषा और संस्कृति पर हमला किया। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने पहले भारत के उच्च पदों को समाप्त किया, फिर हमारी पारंपरिक शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन कर दिए,ताकि भारतीयों की मानसिकता गुलामी की ओर मोड़ दी जाए। उन्होंने युवा पीढ़ी से अपील करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि देश की संस्कृति और भाषाई विरासत को बचाने का बीड़ा उठाया जाए। उन्होंने कहा कि जीवन में कोई भी लक्ष्य पाने के लिए व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना जरूरी है, और इसके लिए मानसिक स्थिरता के साथ-साथ भाषा का व्यवहारिक ज्ञान अत्यंत आवश्यक है।

## जियो फेंसिंग के खिलाफ स्वास्थ्य कर्मियों का उग्र प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: जिला** स्वास्थ्य विभाग सोनीपत के अधिकारी-कर्मचारी सोमवार को जियो फेंसिंग उपस्थिति प्रणाली के विरोध में एकजुट होकर सिविल सर्जन कार्यालय पर धरने पर बैठ गए। इस रोष प्रदर्शन में लगभग 400 से अधिक स्वास्थ्य विभाग कर्मियों ने भाग लेकर इसे एक आक्रोश प्रदर्शन में तब्दील कर दिया। प्रदर्शन के चलते नागरिक अस्पताल में ओपीडी, लैब और अन्य सेवाएं एक घंटे तक बाधित रहीं, जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। नागरिक अस्पताल परिसर में जिला स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के बार धरने में बैठे चिकित्सक व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए जिला संयोजक डा. नितिन फलस्वाल ने कहा कि लोकेशन आधारित उपस्थिति प्रणाली (जियो फेंसिंग) के माध्यम से सरकार हमें डिजिटल अरेस्ट करने की मानसिकता रखती है, जो न केवल निंदनीय है बल्कि निजता के अधिकार का भी खुला उल्लंघन है। जब तक यह व्यवस्था वापस नहीं ली जाती, हमारा आंदोलन जारी रहेगा। वहीं डॉ. निकिता, अध्यक्ष, दन्तक सर्जन एसोसिएशन ने कहा कि "यह प्रणाली खासकर महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करेगी। यह केवल तकनीकी नहीं बल्कि सामाजिक सुरक्षा का भी सवाल है। हम इस व्यवस्था को बंद करवाकर ही दम लेंगे।

# विजिलेंस ने सैंयाखेड़ा में छापेमारी, सब्सिडी वाली खाद के 180 बैग बरामद

## बिना दस्तावेज दूसरी जगह रखा गया था स्टाक, दुरुपयोग की आशंका

**अवैध भंडारण**

पुलिस ने बरामद हुई खाद को जब्त कर थाना में ले आई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** सैंया खेड़ा गांव में किसानों को सब्सिडी पर दी जाने वाली खाद के अवैध भंडारण की सूचना पर विजिलेंस टीम ने मंगलवार को औचक छापेमारी कर 180 बैग सब्सिडी वाली खाद बरामद की। टीम में निरीक्षक बिजेंद्र, एसआई महाबीर, एएसआई राजेश के अलावा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी राकेश कुमार शामिल थे। टीम ने गांव के सुरेश की दुकान पर छापेमारी की, जहां कृभको कंपनी की सब्सिडी युक्त खाद के 180 बैग पाए गए। पूछताछ में दुकानदार सुरेश कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिससे यह सिद्ध हो सके कि इतनी बड़ी मात्रा में खाद उसकी दुकान में वैध रूप से क्यों रखी गई है। सुरेश ने बताया कि यह खाद कैलाना गांव के नरेंद्र द्वारा उसकी सहमति से यहां रखवाई गई है, क्योंकि नरेंद्र के पास गोदाम नहीं है। टीम ने स्पष्ट किया कि जिस स्थान पर खाद बेचने का लाइसेंस होता है, उसके अलावा किसी अन्य स्थान पर स्टाक रखना गैरकानूनी है। अधिकारियों ने आशंका जताई कि सब्सिडी पर मिलने वाली खाद का इस तरह से दुरुपयोग किया जा सकता है, जो किसानों के हितों के खिलाफ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए गन्नौर थाना प्रभारी धीरज कुमार भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। थाना गन्नौर पुलिस ने बरामद हुई खाद को जब्त कर थाना में ले आई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रौनक पब्लिक स्कूल की छात्रा ने सीबीएसई नॉर्थ जोन शूटिंग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**उत्कृष्ट प्रदर्शन**

उन्होंने पटियाला, पंजाब में आयोजित यूथ शूटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था।



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल की छात्रा दिव्यांशी ने सीबीएसई नॉर्थ जोन शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर एक उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इससे पहले भी उन्होंने पटियाला, पंजाब में आयोजित यूथ शूटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने दिव्यांशी का स्वागत किया और उनकी इस उपलब्धि की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दिव्यांशी का निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण उन्हें भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त करने में मदद करेगा। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने कहा दिव्यांशी की इस उपलब्धि से हमें गर्व है। हमें विश्वास है कि वह आने वाले समय में अपने क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करेगी। दिव्यांशी की इस उपलब्धि से विद्यालय का नाम रोशन हुआ है और अन्य छात्रों को भी प्रेरित किया है। दिव्यांशी की सफलता का श्रेय उनके निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण को जाता है। विद्यालय प्रबंधन ने दिव्यांशी की इस उपलब्धि पर खुशी जताई है और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## न्यूज फ्लैश

### धान की फसल में बौनापन रोग की पुष्टि, वैज्ञानिकों ने किया निरीक्षण, बचाव के लिए तुरंत अपनाएं उपाय



**गन्नौर।** कृषि मंत्रालय के अधीन कार्यरत वैज्ञानिकों की संयुक्त टीम ने गन्नौर ब्लॉक के कई गांवों में धान की फसल में फैल रही एक नई बीमारी बौनापन रोग का निरीक्षण किया। निरीक्षण में डा. अनुप, डा. मनोज चौधरी, डा. वंदना पांडे, उपनिदेशक डा. बी डी निगम, कृषि विभाग से डा. विनय कांत कृर्षि अधिकारी गन्नौर थे। टीम ने गन्नौर के गांव दातौली, बेंगा आदि में धान की विभिन्न किस्मों की फसलों का निरीक्षण किया। परीक्षण में पाया कि धान की रोपाई 25 जून से पहले की हुई है। उसमें इस बीमारी के लक्षण पाए गए है। बीमारी को फैलाने वाला सफेद पीठ वाला फुदका नही है। किसानों को सलाह दी गई कि अगर सफेद फुदके को कन्ट्रोल करने से बीमारी को बढ़ने से रोका जा सकता है। ग्रसित पौधे को खेत से उखाड़कर बाहर निकाल कर फैक दे। उन्होंने बताया कि धान की फसल में नई बीमारी बौनेपन रोग में देखी गई है। इसमें पौधे की जड़े भूरी हो जाती है, उनका विकास रूक जाता है। इस बीमारी का वायरस सफेद पीठ वाला तेला संक्रमित पौधे से स्वस्थ पौधों में फैलता है।

### जनस्वास्थ्य विभाग की अनदेखी व लगातार शिकायतों के बावजूद नहीं मिला समाधान

**गन्नौर।** न्यू बसंत विहार कालोनी के लोगों में जनस्वास्थ्य विभाग की अनदेखी और लगातार शिकायतों के बावजूद नहीं मिला समाधान, लोगों में गहरा रोष
है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गली के कई हिस्सों में सीवर लाइन जगह-जगह से लीक हो चुकी है, जिससे मकानों की नींव कमजोर हो रही है। अभी नगरपालिका द्वारा गली का निर्माण किया जाएगा, गली उखड़ी हुई है। यदि गली बनने से पहले सीवर लाइन व्यवस्था दुरुस्त हो जाए तो सरकारी पैसे बर्बाद नहीं होंगे, इसी के चलते उन्होंने गली निर्माण का काम अभी रुकवा रखा है। इसके लिए जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय में कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन हर बार सिर्फ खानापूर्ति कर मामला टाला जा रहा है। हर बार जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी कुछ जगहों पर लीकेज ठीक कर लौट जाते हैं, जिससे फिर बार-बार लीकेज हो जाती है। जब अधिकारियों से नए सिरे से लाइन बिछाने की मांग की जाती है तो अधिकारी विभाग के पास रुपये न होने का रोना रोते हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि अब वे सरकारी तंत्र से उम्मीद छोड़ चुके हैं। इसलिए उन्होंने आपस में पैसे इकट्ठा कर नई सीवर लाइन बिछवाने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्रशासन से जरूरी अनुमति ली जाएगी, ताकि तकनीकी अड़चनों का सामना न करना पड़े। कालोनीवासियों का कहना है कि प्रशासन की अनदेखी ने उन्हें यह कदम उठाने पर मजबूर कर दिया है। अब वे खुद अपने दम पर इस समस्या का समाधान करेंगे।

### सड़क हादसे में दो युवकों की मौत के मामले में बस चालक गिरफ्तार

**गन्नौर।** जीटी रोड पर काली माता मंदिर के पास पिछले वर्ष 20 अक्टूबर को हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत के मामले में बड़ी थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मामले का सुराग लगाते हुए आरोपित बस चालक को बस सहित गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार चालक की पहचान गांव कांटी, जिला महेंद्रगढ़ निवासी तोख राज के रूप में हुई है। बड़ी थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि 20 अक्टूबर को दिल्ली-पानीपत रोड पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार प्रवीण व उसके साथी दीपक को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतक प्रवीण के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान मौके से लाइट का टूटा शीशा बरामद हुआ, जिसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया। जांच में स्पष्ट हुआ कि यह शीशा बस का हिस्सा है।

# बीआईटीएस कॉलेज में मेगा जॉब फेयर में चयनित युवाओं में खुशी



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** भारत इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटीएस) मोहाना में मंगलवार को भव्य एवं प्रेरणादायक राज्य स्तरीय मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि खरखौदा के विधायक पवन खरखौदा पवन ने शिरकत की। विधायक पवन खरखौदा का कालेज प्रबंधक समिति से राजेन्द्र बंसल, एकलन इंस्टीटयूट टैक्नोलाजी के अध्यक्ष ललित गर्ग, एवरग्रीन ग्रुप के निदेशक राजकुमार गर्ग, रामगया ग्रुप के चेयरमैन संजय गुप्ता, राकेश दबस, मानस अस्पताल के निदेशक ममन शर्मा आदि ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक के अलावा गोहाना जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक,संदीप पराशर,भारत शर्मा,नरेश कुमार,विक्रम सिंह सहरावत,एडवोकेट कमल शर्मा,एडवोकेट अशुतोष सरोहा,एडवोकेट अशोक बरोड़ा, प्रदीप (प्रधानाचार्य, तक्षिला स्कूल),अत्तर सिंह (निदेशक, जीवन ज्योति स्कूल), राहुल सिंह (ब्राइट फ्यूचर एकेडमी),मनोज कुमार (रोजगार अधिकारी) ने उपस्थित युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने को कहा। रोजगार मेले में 25 से अधिक नामी कंपनियों और बैंकों व अन्य संस्थानों से से माइक्रोटर्नर प्रा. लि., गेट इंडिया, क्वेस कॉरपोरेशन, सैंडेन विकास, एचडीएफसी बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, आईसीआईसीआई क्रेडिट बैंक, प्रिकॉल लिमिटेड, ब्रोगवॉर्नर, एसजीएस, डोनाल्डसन, पुष्कराज, स्विगी, एलआईसी, एफआईएमएस हॉस्पिटल और महिंद्रा ट्रैक्टर आदि कंपनियों के प्रतिनिधियों ने चयन के लिए भाग लिया। मेले में करीब 700 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 150 से अधिक

# ताइक्वांडो क्लब की खिलाड़ी कशिश ने ताइक्वांडो में जीता स्वर्ण पदक



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** शास्त्री नगर में स्पारटन अकेडमी क्लब की खिलाड़ी कशिश शर्मा ने फरीदाबाद खेल स्टेडियम में आयोजित ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और राज्य का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता खरखौदा में आयोजित हुई।
कशिश ने अंडर-19 की 52 किलोग्राम वजन श्रेणी में खेलते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। कोच विजय रमन ने कशिश को इस उपलब्धि पर बधाई दी। कोच विजय रमन ने बताया कि कशिश पिछले दो साल से अकेडमी में प्रशिक्षण ले रही है।

# मन्नत हवेली में नेपाली कृषि वैज्ञानिकों ने लिया पारंपरिक खाने का स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** नेपाल से आए 40 कृषि वैज्ञानिकों का दल मंगलवार को मुरथल स्थित मन्नत हवेली में पहुंचा। मन्नत हवेली पर पहुंचने पर हर्ष चुघ ने पटका और बुके देकर स्वागत किया और उन्हें पारंपरिक भोजन भी करवाया। खाना खाने के बाद दल कुरूक्षेत्र गुरुकुल के रवाना हो गया। यहां 9 अगस्त तक प्राकृतिक खेती पर चार दिन का सेशन चलेगा। पहले दिन वैज्ञानिक दल गुरुकुल का दौरा करेगा। अगले तीन दिन खेती के तौर-तरीकों, मिट्टी जांच और जीरो बजट खेती की प्रक्रिया को समझेगा। मन्नत ग्रुप आफ होटल्स के एमडी विरेंद्र कादियान ने कहा कि आचार्य देवव्रत का प्रकृतिक खेती का माडल किसानों के लिए लाभदायक है। नेपाल में आर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह दल भारत आया है यह हमारे लिए गौरव की बात है।

# भाजपा का विकास सिर्फ दिखावा, कांग्रेस खुद उलझी है अंदरूनी झगड़ों में: चौटाला



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने कहा कि इनेलो एक ऐसी पार्टी है जो गरीब, किसान, मजदूर, महिला और युवा के आत्मसम्मान के लिए संघर्ष करती है। यह पार्टी सत्ता नहीं, अधिकारों की लड़ाई लड़ती है। वह मंगलवार को गांव कुराड में जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इनेलो मात्र किसी एक नेता की नहीं बल्कि हर कार्यकर्ता की पार्टी है। जब इनेलो की सरकार बनेगी, तो वह आमजन की सरकार होगी, जो जनता के हितों की रक्षा और उन्हें सम्मान व अधिकार देने का काम करेगी। उन्होंने घोषणा की कि 21 अगस्त को राजपुर गांव में हलका गन्नौर की बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें अभय चौटाला पहुंचेंगे। उन्होंने ग्रामीणों को 25 सितंबर को होने वाली इनेलो की रैली में पहुंचने का भी न्यौता दिया। जनसंपर्क अभियान के तहत सुनैना चौटाला ने कुराड के अलावा जहरी, ठरू, उल्देपुर, सांदल कलां, पांची जाटान, पुरखास, कैलाना और तेवड़ी गांवों का दौरा किया। इस दौरान तनूजा कश्यप, कृष्णा मलिक, कुनाल गहलावत, अनूप सिंह दहिया, बिजेंद्र रापरिया, सुनील ढाका, नरसी कश्यप आदि मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**डबवाली, (रणबीर खटक)** उपमंडलाधिकारी (ना.) डबवाली अर्पित संगल ने मंगलवार को उपमंडल कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में डीएसपी कपिल अहलावत, नायब तहसीलदार रवि कुमार सहित अन्य मौजूद थे।
एसडीएम अर्पित संगल ने कहा कि उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह से संबंधित कार्य सभी अधिकारी पूर्ण निष्ठा व जिम्मेदारी से करें।

# बिजली निगम बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में नया पावर हाउस स्थापित करने की तैयारी

**बिजली संकट**

बिजली संकट गहराने की समस्या के समाधान को लेकर आयोजित हुई बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में बिजली संकट गहराने की समस्या के समाधान को लेकर एमएसएमई औद्योगिक वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यालय में आयोजित बैठक हुई। बैठक में बिजली निगम के एक्सईएन प्रदीप कुमार और जेई ओमदास विशेष रूप से पहुंचे। बैठक में बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में बिजली कटौती, नए कनेक्शन न मिलने और ओवरलोड की समस्या को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक, महासचिव हरप्रीत सिंह, निशांत गोयल आदि ने बताया कि बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में बिजली के अघोषित कटों से उद्योगपतियों को नुकसान झेलना पड़ रहा है। कई उद्योग बिजली संकट के चलते बंद होने की कगार पर हैं और नए उद्योगों को कनेक्शन तक नहीं मिल पा रहे। इसकी सबसे बड़ी वजह बिजली ओवरलोड होना है। बैठक में अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में जल्द नया पावर हाउस स्थापित किया जाएगा। इसके लिए एचएसआईआईडीसी ने भूमि देने की सहमति दी है और निगम अधिकारियों ने हाल ही में स्थल का दौरा भी किया है। एसोसिएशन ने बड़ी में एक्सईएन कार्यालय खोलने और सप्ताह में एक दिन बिजली दरबार लगाने की भी मांग रखी है। जिस पर एक्सईएन प्रदीप कुमार ने एसोसिएशन को इस दिशा में कदम उठाने का भी आश्वासन दिया है।

# लायंस क्लब गन्नौर गौरव द्वारा यूनिफॉर्म वितरण की, बच्चों के चेहरे पर खिली मुस्कान




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** लायंस क्लब गन्नौर गौरव के तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गन्नौर में यूनिफॉर्म वितरण सेवा प्रोजेक्ट का आयोजन किया गया। यह सेवा कार्य अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा। ज़रूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क यूनिफॉर्म वितरित कर उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना था। कार्यक्रम की संचालन व्यवस्था अनुराधा गौतम ने की। क्लब की पदाधिकारी भावना जग्या ने कहा कि सेवा ही संगठन की पहचान है। यही प्रेरणा हमे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। क्लब की पदाधिकारी भावना जग्या, नीरज जग्या, हरीश वधवा, तरुण चुघ, जीतेन्द्र आहूजा, अंकुर वेदी, रजत हांडा, विक्रांत हांडा, चिराग, शालू वधवा, ईशा, डिंपी, ज्योति, रजनी, हार्दिका, अनु, चारु भाभी, गीता चुघ, तथा मीनू हांडा मौजूद रही।

# हर जरूरतमंद विद्यार्थी को दी जाती है आर्थिक सहायता-प्रो. नरसीराम बिश्नोई

**प्राथमिकता**

विद्यार्थी विवि के पहले हितधारक हैं, उनकी हर समस्या का समाधान करना प्राथमिकता है।



**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार, (रणबीर खटक)** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (गुजविप्रौवि), हिसार यह सुनिश्चित करता है कि किसी भी विद्यार्थी को फीस की वजह से पढ़ाई ना छोड़नी पड़े। विद्यार्थी विश्वविद्यालय के पहले हितधारक हैं, उनकी हर समस्या का समाधान करना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने कहा है कि यह विश्वविद्यालय गुरू जंभेश्वर जी महाराज के सिद्धांतों पर चल रहा है। ऐसे में किसी भी जरूरतमंद विद्यार्थी को फीस को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है।
कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय कई योजनाओं और छात्रवृतियों के माध्यम से विद्यार्थियों की सीधी सहायता करता है। जो विद्यार्थी योजनाओं व छात्रवृतियों में कवर नहीं होते हैं उनको विश्वविद्यालय सीधे तौर पर भी वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाता है। ऐसे में विद्यार्थी फीस पर नहीं पढ़ाई पर ध्यान दें।
इन योजनाओं के तहत विद्यार्थियों को मिलती है वित्तीय सहायता
कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की फीस तो माफ रहती ही है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के सभी वर्गों के दस प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए ट्यूशन फीस माफ करने का अलग से प्रावधान भी है। विश्वविद्यालय के सभी कोर्सों में सभी वर्गों के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के विद्यार्थियों के लिए एक तिहाई फीस माफी का प्रावधान है। विश्वविद्यालय के एचकेआरएनल तथा नियमित कर्मचारियों के बच्चों के साथ-साथ सेवानिवृत कर्मचारियों के बच्चों की फीस माफी की व्यवस्था भी है। सेवानिवृत सैनिकों और शहीदों के बच्चों के साथ-साथ स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों के लिए भी पूरी ट्यूशन फीस माफी का प्रावधान है। शारीरिक रूप से विशेष योग्यता वाले विद्यार्थियों की भी पूरी ट्यूशन फीस माफ है। जिन विद्यार्थियों ने कोविड में अपने माता-पिता में से किसी एक भी खो दिया हो उन बच्चों के लिए भी 50 से 100 प्रतिशत फीस माफी की व्यवस्था विश्वविद्यालय ने की है।
कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय में गुरू जंभेश्वर जी महाराज के नाम पर भी अलग से छात्रवृति दी जा रही है। इसके अतिरिक्त मैरिट छात्रवृति भी विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही है। कुलपति ने बताया कि विद्यार्थियों को ‘अर्न व्हाइल लर्न’ योजना के तहत भी छात्रवृति देने का प्रावधान है।
कुलपति ने बताया कि जो जरूरतमंद विद्यार्थी इन योजनाओं में कवर नहीं होता उसके लिए विशेष आर्थिक सहायता का प्रावधान भी है।

# जैन स्थानक में प्रवचन सुनने जा रही बुर्जुग की स्कूटी सवार युवक चैन छीनकर फरार



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** जैन स्थानक में मंगलवार की सुबह प्रवचन सुनने जा रही व्यापार मंडल के पूर्व प्रधान स्वर्गीय शेखर जैन की पत्नी मुन्नी देवी की स्कूटी सवार दो युवक गले में डाली सोने की चैन झपटा मारकर तोड़ने के बाद फरार हो गए।
बुजुर्ग महिला ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में बुजुर्ग महिला मुन्नी देवी ने बताया कि मंगलवार की सुबह रेलवे रोड पर अपनी जैन इलैक्ट्रीकल की दुकान से सुबह 8 बजे प्रवचन सुनने के लिए जा रही थी तो रास्ते में पूजा साड़ी वाली गली से निकल रही थी तो सफेद रंग की बिना नंबर की स्कूटी पर दो युवक आए। उनमें से एक ने पीले रंग की टी शर्ट व सिर पर हैलमेट लगाए हुए था। शिकायत में बताया कि पहले तो लड़के ने राम राम बोला और मेरे राम- राम बोलते ही लड़के ने मेरे गले में डली ढाई तोले की सोने की चैन को झपटा मारकर तोड़कर स्कूटी पर सवार होकर भाग गए। पुलिस को बुजुर्ग महिला ने शिकायत देकर उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की।

# जोन चेयरमैन गुलाब सिंह राठौर ने उपायुक्त संग किया दौरा






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली** की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा दिल्ली को कूड़ा मुक्त बनाने के अभियान को सार्थक करने के लिए पहल करते हुए मुकुंदपुर वार्ड से निगम पार्षद व सिविल लाइन जोन चेयरमैन गुलाब सिंह राठौर द्वारा क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया। इस दौरान निगम के तमाम सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर पार्षद राठौर ने खुद सफाई की।
**संत नगर वार्ड का चेयरमैन और उपायुक्त ने किया निरीक्षणः** इसी कड़ी में संत नगर वार्ड नंबर-9 में सफाई व्यवस्था को लेकर दौरा किया गया। इस दौरान सिविल लाइन जोन चेयरमैन गुलाब सिंह राठौर के साथ सिविल लाइन जोन के उपायुक्त अंशुल सिरोही के साथ ही विभिन्न विभागों के एचओडी भी मौजूद रहे।
इस कड़ी में राठौर ने बताया कि गुर्जर चौक से हरित विहार स्थित भूखंड पर काफी लंबे समय से कूडे का अंबार लगा हुआ था, जिस पर कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा था। शिकायत मिलने पर मेरे द्वारा कार्यवाही को आगे बढ़ाते हुए फ्लड विभाग के एक्शन देवराज, जेई नवीन और जेई लोकेश सहित सभी अधिकारियों के साथ इस जमीन का दौरा किया। जिसके उपरांत सफाई अभियान चलाया गया और सारा कूड़ा उठाकर दो दिनों के भीतर पूरी सफाई करने का आदेश दिया गया।

## छात्राओं ने बीजों की राखी बांधकर वीरेंद्र सचदेवा को दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा द्वारा प्रदेश कार्यालय में रक्षा बंधन त्योहार का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष ऋचा पांडे मिश्रा सहित अन्य मोर्चा पदाधिकारियों ने दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को हर्षोल्लास के साथ राखी बांधी।
इस मौके पर महिला मोर्चा की प्रभारी श्यामबाला, मोर्चा महामंत्री प्रियल भारद्वाज, सरिता तोमर और वैशाली पोद्दार सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी वीरेंद्र सचदेवा को राखी बांधी। इस मौके पर विभिन्न स्कूल से आई छात्राओं ने भी दिल्ली भाजपा



अध्यक्ष को राखी बांधी। स्कूल की छात्राओं के द्वारा बीजों की राखी भी अध्यक्ष को बांधी गई। महिला मोर्चा की बहने गीत संगीत, मिठाइयों के साथ वीरेंद्र सचदेवा को राखी की शुभकामनाएँ दी। वीरेंद्र सचदेवा ने मीडिया से बात करते हुए सभी को रक्षाबंधन की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, यह हमारे सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों की जीवंत अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की हमारी बहनों ने रक्षासूत्र बाँधकर जो स्नेह, आशीर्वाद और आत्मीयता प्रदान की, वह वास्तव में अमूल्य है। मैं इस भावपूर्ण आयोजन में सम्मिलित होकर स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूँ।
सचदेवा ने कहा कि यह राखियाँ केवल कलाई पर नहीं, दिल पर बंधती हैं और ये सेवा, समर्पण और अपनत्व के अद्भुत बंधन है और इसका अपना एक महत्व है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार एक पवित्र और भावनात्मक त्योहार है, जो भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के बंधन का प्रतीक है। यह पर्व न केवल पारिवारिक संबंधों को मजबूत करता है, बल्कि समाज में आपसी विश्वास, प्रेम और समर्पण की भावना को भी बढ़ावा देता है। ऋचा पांडे मिश्रा ने कहा कि रक्षा बंधन के पावन पर्व को महिला मोर्चा दिल्ली की सभी 256 सेवा बस्तियों में मनाएगा। हर सेवा बस्ती एवं झुग्गी बस्ती में मिठाई खिला कर,राखी बांधी जाएगी। इसके निमित पूरी दिल्ली में 256 जगहों पर झुग्गी प्रवास होगा एवं भाजपा के झुग्गी विस्तारकों एवं पालकों के साथ महिला मोर्चा की बहने धूमधाम से यह पर्व मनाएँगी।



**मैत्री गणपति महोत्सव परिवार के पदाधिकारी धूमधाम से भाजपा के वरिष्ठ नेता संजीव शर्मा और समाज सेवी बलराम चावला का जन्मदिन मनाते हुए।**

## मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा ने महिलाओं में बांटा साड़ी व मिष्ठान






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल** सभा की ओर से साड़ी व मिष्ठान वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 651 महिलाओं में साड़ी का वितरण किया गया। इसमें माया सुरेश बंसल एवं सुधा राजन गुप्ता के सौजन्य से साड़ी का वितरण किया गया। इस मौके पर विशेष अतिथि के रूप में विधायक अशोक गोयल देवराहा और संगीता गोयल देवराहा मौजूद रहे।
मंच का संचालन वैश्य अग्रवाल सभा मॉडल टाउन के प्रधान प्रेमचंद गुप्ता ने किया। इस मौके पर बृजमोहन गोटेवाले, पवन अग्रवाल, अनिल गोयल, प्रवीण कांत, अरविन्द जैन, मंजू अग्रवाल, मंजू जैन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन ई ब्लॉक पार्क मॉडल टाउन लाला रामअवतार गुप्ता कपड़े वाले मार्ग पर किया गया। इस मौके पर मॉडल टाउन वैश्य अग्रवाल सभा के प्रधान प्रेमचंद गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन सभी को करना चाहिए।

## नरेलाः सभी को रक्तदान अवश्य ही करना चाहिएः सागर यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय सचिव सागर यादव ने बताया कि रक्तदान करना एक पुण्य का कार्य है। इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए। उन्होने आगे बताया कि रक्तदान करने से हम न केवल किसी की जिंदगी बचा सकते हैं, बल्कि हमारा समाज भी एकजुट बनाता है। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी को रक्तदान अवश्य ही करना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए और



दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब कोई हमारा अपना रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और समय पर रक्त नहीं मिल पाता है।



**दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आह्वान पर 1अगस्त से लेकर 31 अगस्त तक महासफाई अभियान के अंतर्गत संगम पार्क वार्ड के कौशलपुरी सेवा बस्ती में विशेष सफाई अभियान चलाते हुए निगम पार्षद सुशील जोंटी व अन्य।**

## पंकज यादव के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**
**अम्बेडकर नगरः जीवन दायिनी संस्था के** कोषाध्यक्ष समाजसेवी पंकज यादव ने अपने जन्मदिन के शुभ अवसर रक्तदान कर एक नई मिशाल पेश की। वहीं कई और संस्था के लोगों ने पहुंच कर जन्मदिन पर वृक्षारोपण कराकर और केक खिलाकर उन्हें शुभ कामनाएं प्रेषित की।
नव्या ग्रीन फाउंडेशन के अध्यक्ष समाजसेवी नीरज मौर्य के नेतृत्व में 10 पौधे लगाये गये। नीरज मौर्य ने बताया कि वातावरण में ऑक्सीजन की कमी दूर करने में पौधारोपण करना जरुरी है और ऐसे अवसरों पर रक्तदान और वृक्षारोपण जरुर कराए। जीवन दायिनी के अध्यक्ष राजन




कन्नौजिया ने कहा कि पौधारोपण कर उनकी देखभाल अपने बच्चों की तरह ही करें। आदर्श मानव समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष घनश्याम गौतम ने कहा कि एक पेड एक जिंदगी अभियान काफी सराहनीय कदम है, पेड है तो हम हैं।
इस मौके पर नव्या ग्रीन फाउंडेशन के अध्यक्ष नीरज मौर्य, आदर्श मानव समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष घनश्याम गौतम, जीवन दायिनी संस्था के अध्यक्ष राजन कन्नौजिया, क्षेत्र पंचायत सदस्य अमन गौतम, सदानंद गुप्ता, शिवम सिंह, सिंटु गुप्ता, विकास, सौरभ यादव, सूरज शर्मा, आदित्य कनौजिया, करूणिक आजाद, शेरु मांझी, रविन्द्र, ब्लड काउंसलर दीपक नाग, लैब टेक्नीशियन संदीप कुमार, ज्योति, कृष्णकांत व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# यमुना के ऐतिहासिक रामघाट पर लगा कूड़े का अंबार, किया नज़रअंदाज




**टीम एक्शन इंडिया/महेंद्र सिंह**
**नई दिल्लीः** दिल्ली को कूड़ा मुक्त बनाने के लिए दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम ने संयुक्त अभियान चलाया है। जिसके तहत निगम के महापौर राजा इकबाल खुद कूड़ा उठाते हुए नज़र आए। इसके साथ ही भाजपा के तमाम पार्षद व विधायकों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया है तथा इस अभियान के तहत अपने क्षेत्रों की गली-कूचों से निगम के कर्मचारियों के साथ मिलकर कूड़ा-करकट उठाकर दिल्ली को साफ और स्वच्छ बनाने की पहल भी की है।
**यमुना का रामघाट किया नज़रअंदाज, नहीं हुई सफाईः** वजीराबाद क्षेत्र स्थित यमुना नदी किनारे बना हुआ रामघाट प्राचीनकालीन होने के साथ ही हिंदू धर्म में पवित्र माना जाता है। यहां पर बने हुए मंदिर और रामघाट पर अक्सर धार्मिक अनुष्ठान और स्नान किए जाते हैं। यह माना जाता है कि भगवान राम ने यहां स्नान किया था, और इसलिए यह भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थान है। बावजूद इसके वर्षों से यमुना का यह रामघाट सफाई को लेकर निगम और दिल्ली सरकार की ओर टकटकी लगाए हुए बैठा है। लेकिन सरकार रामघाट की सफाई को लेकर विफल ही साबित हुई है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली नगर निगम ने दिल्ली को कूड़ा मुक्त बनाने के लिए संयुक्त अभियान चलाया है, लेकिन प्राचीन कालीन यमुना का यह रामघाट फिर से नज़रअंदाज किया गया है, नतीजन यमुना के इस रामघाट पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जहां पर पूजा-पाठ करना तो दूर की बात है, यहां पर खड़ा रहना भी दूभर है।

**रामघाट की सफाई को लेकर लिखा पत्रः** यमुना स्वच्छता अभियान ट्रस्ट के अध्यक्ष व फाउंडर दीपक गुप्ता ने वजीराबाद स्थित यमुना किनारे बना रामघाट की दुर्दशा को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली नगर निगम के महापौर राजा इकबाल और उत्तर पूर्वी जिला सांसद मनोज तिवारी को पत्र लिखा है। गुप्ता ने पत्र में लिखा है कि प्राचीन धार्मिक और पौरार्णिक महत्व रखने वाला रामघाट, जिससे हजारो हिंदूओं की आस्था जुड़ी हुई तथा विभिन्न मौकों पर हजारों की संख्या में श्रद्वालु यहां स्नान करने आने आते है। बावजूद इसके रामघाट पर व्यवस्थाएं अवस्थित है, जिससे हिंदू धर्म को ठेस पहुंचती है और लोगों में प्रशासन के खिलाफ खासा नाराजगी भी है, जिसको दूर करने के लिए योजनागत तरीके से रामघाट का विस्तार करना चाहिए।



# ओलंपिक पदक ने मेरी जिंदगी बदल दी: पहलवान अमन सहरावत

**लखनऊ :** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने से अमन सहरावत के कंधों से काफी बोझ उतर गया है लेकिन इस युवा पहलवान का कहना है कि वह इस उपलब्धि को पहले ही भूल चुके हैं क्योंकि अतीत की उपलब्धियों पर बैठे रहने से वह अपने बड़े सपनों को पूरा नहीं कर पाएंगे। छोटी सी उम्र में अनाथ हो जाने के कारण बिरोहर में जन्मे इस पहलवान के लिए जिंदगी आसान नहीं रही। उनके चाचा ने उनका पूरा साथ दिया, लेकिन पारिवारिक ज़िम्मेदारियां अमन पर भारी पड़ती रहीं, लेकिन पिछले वर्ष पेरिस में कांस्य पदक जीतने से उन्हें पहचान और पैसा मिला, जिससे उनका जीवन आसान हो गया। विश्व चैंपियनशिप के लिए 57 किग्रा चयन ट्रायल जीतने के बाद अमन ने कहा, 'ओलंपिक पदक ने मेरी जिंदगी 90 फीसदी बदल दी। इससे पहले मुझे कोई

**सफलता**

**छोटी सी उम्र में अनाथ हो जाने के कारण बिरोहर में जन्मे इस पहलवान के लिए जिंदगी आसान नहीं रही**

नहीं जानता था। पहले मेरे प्रदर्शन पर गौर नहीं किया जाता था, लेकिन पेरिस की सफलता के बाद लोग मुझे जानने लगे, मेरा सम्मान करने लगे। मुझे लगा कि मैंने देश के लिए कुछ किया है और 10-15 साल की कड़ी मेहनत रंग लाई है।' उन्होंने कहा, 'ओलंपिक पदक भगवान का आशीर्वाद है। मुझे जीतने की उम्मीद भी नहीं थी। महिला पहलवानों से तो उम्मीदें ज्यादा थीं। ये तो भगवान का दिया प्रसाद ही है। इससे मुझे भी प्रेरणा मिली। लोग अब मुझसे स्वर्ण पदक की उम्मीद कर रहे हैं। मैं अपने कांस्य पदक को पहले ही भूल चुका हूं। मैं इससे संतुष्ट होकर यह नहीं कह सकता कि मैंने काफी कुछ हासिल कर लिया है। अब मैं स्वर्ण पदक के लिए तैयारी कर रहा हूं।'

शीर्ष स्तर पर सफलता ने किस प्रकार उनके जीवन को बदल दिया, इस बारे में उन्होंने कहा, 'अब मैं जो चाहूं खरीद सकता हूं। पहले मुझ पर दबाव था कि भविष्य में मुझे अपनी छोटी बहन को पढ़ाना है और उसकी शादी करनी है। अब मैं निश्चिंत होकर अभ्यास कर सकता हूं। अब मुझे पैसों की चिंता करने की जरूरत नहीं है। ऐसा नहीं है कि हमारा ध्यान नहीं रखा गया। मेरे चाचा ने हमेशा हमारा साथ दिया है, लेकिन एक बड़े भाई की जिम्मेदारी क्या होती है इसके बारे में तो सभी सोचते हैं।' पेरिस ओलंपिक के बाद से अमन ने सिर्फ दो टूर्नामेंटों में हिस्सा लिया है। वह सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं ले पाए थे। उन्होंने कहा, 'ओलंपिक के बाद, मैंने सोचा था कि मैं विदेश में अभ्यास करूंगा लेकिन चीजें हमेशा वैसी नहीं होतीं जैसी आप उम्मीद करते हैं। फिर मैं चोटिल भी हो गया। ओलंपिक पदक जीतने के बाद हारने का डर भी मुझ पर हावी हो गया था। मैंने सोचा अगर मैं हार गया तो लोग कहेंगे कि सफलता ने मुझे बिगाड़ दिया है।



# मबोको का सेमीफाइनल में सामना रिबाकिना से, ज्वेरेव अंतिम-चार में

**मॉन्ट्रियल :** कनाडा की किशोरी विक्टोरिया मबोको ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट में स्पेन की जेसिका बुजास मानेरो को 6-4, 6-2 से हराकर अपने करियर के पहले डब्ल्यूटीए टूर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को हराने के दो दिन बाद टोरंटो की रहने वाली 18 वर्षीय खिलाड़ी मबोको को लय हासिल करने में देर लगी लेकिन उन्होंने जल्द ही मैच पर नियंत्रण बना दिया और सीधे सेट में जीत दर्ज की। मबोको 2019 में बियांका एंड्रीस्कू के खिताब जीतने के बाद से इस डब्ल्यूटीए 1000 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली कनाडा की पहली खिलाड़ी हैं। वह टोरंटो में 2015 में बेलिंडा बेनकिच के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी भी हैं। मबोको का सामना अब एलेना रिबाकिना से होगा, जिन्होंने मार्टा कोस्त्युक के हाथ में चोट लग जाने के





कारण मैच के बीच में हट जाने के बाद सेमीफाइनल में जगह बनाई। यूक्रेन की खिलाड़ी ने जब मैच से हटने का फैसला किया तब कजाकिस्तान की नौवीं वरीयता प्राप्त रिबाकिना 6-1, 2-1 से आगे चल रही थी।

**ज्वेरेव पोपिरिन को हराकर सेमीफाइनल में**

शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके ऑस्ट्रेलिया के 18वीं वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

जर्मन खिलाड़ी और यहां 2017 के चैंपियन ज्वेरेव ने पिछली बार के विजेता पोपिरिन को 6-7 (8), 6-4, 6-3 से पराजित किया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला रूस के कारेन खाचानोव या अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन से होगा। दुनिया में तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव 75वीं बार एटीपी टूर के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। वह अपने कुल 25वें और एटीपी 1000 मास्टर्स टूर्नामेंट में आठवें खिताब की तलाश में हैं।


# बेंगलुरु एफसी ने खिलाड़ियों और स्टाफ की सैलरी अनिश्चितकाल के लिए रोकी

**नई दिल्ली।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के भविष्य को लेकर जारी असमंजस के बीच बेंगलुरु एफसी ने अपने पहले टीम के खिलाड़ियों और स्टाफ की सैलरी अनिश्चितकाल के लिए रोकने का फैसला किया है। क्लब ने सोमवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बेंगलुरु एफसी ने अपने बयान में कहा,"भारत में एक फुटबॉल क्लब चलाना और उसे बनाए रखना हमेशा से एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है, जिसे हम हर सीजन पूरी निष्ठा के साथ करते आए हैं। लेकिन लीग के भविष्य को लेकर स्पष्टता की कमी ने हमें यह कठोर कदम उठाने के लिए मजबूर किया है। हमारे खिलाड़ियों, स्टाफ और उनके परिवारों की भलाई हमारे लिए सर्वोपरि है और हम इस मसले के समाधान तक लगातार उनके संपर्क में हैं।" क्लब ने यह भी स्पष्ट किया कि यह निर्णय उनके युवा कार्यक्रमों पर असर नहीं डालेगा, "हम खेल और अपने संचालन के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे युवा पुरुष और महिला टीमें, साथ ही बीएफसी सॉकर स्कूल्स इस निर्णय से अप्रभावित रहेंगे। हम अखिल



भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ ) और फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) से अपील करते हैं कि इस गतिरोध को शीघ्र समाप्त करें। यह अस्थिरता किसी के हित में नहीं है और भारतीय फुटबॉल के भविष्य के लिए त्वरित समाधान जरूरी है।" गौरतलब है कि 11 जुलाई को आईएसएल के आयोजक एफएसडीएल ने 2025-26 सीजन को अस्थायी रूप से स्थगित करने की घोषणा की थी, जिसके पीछे अनुबंध संबंधित समस्याएं बताई गई थीं। इसके अगले दिन एआईएफएफ ने कहा था कि वह लीग की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। जानकारी के अनुसार, एफएसडीएल और एआईएफएफ के बीच मौजूदा मास्टर राइट्स एग्रीमेंट (एमआरए) 8 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। यही समझौता लीग की संरचना, संचालन और व्यावसायिक ढांचे की नींव है। आमतौर पर सितंबर से अप्रैल तक खेले जाने वाली आईएसएल के संचालन और उससे जुड़ी ब्रॉडकास्टिंग योजनाओं के लिए सभी हितधारकों को दीर्घकालिक स्पष्टता की आवश्यकता है। इस बीच, एआईएफएफ ने गुरुवार को नई दिल्ली में आईएसएल की आठ क्लबों के सीईओ के साथ बैठक बुलायी है, जिसमें भारतीय फुटबॉल से जुड़े अहम मसलों पर चर्चा होगी।

## मोहम्मद आमिर और इमाद 'द हंड्रेड' में बने रिप्लेसमेंट खिलाड़ी



**लंदन।** पाकिस्तानी तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर और ऑलराउंडर इमाद वसीम ने 'द हंड्रेड' 2025 सीजन के लिए नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स से करार कर लिया है। यह करार उस समय हुआ है जब इस लीग में भारतीय निवेशकों की बढ़ती भागीदारी के चलते पाकिस्तानी खिलाड़ियों की भागीदारी पर सवाल उठ रहे थे। इससे पहले इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने यह स्पष्ट किया था कि भारतीय या भारतीय-अमेरिकी निवेशकों के आने से पाकिस्तानी खिलाड़ियों की भागीदारी पर कोई असर नहीं पड़ेगा। ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड ने फरवरी में कहा था, "हम अन्य क्षेत्रों में इस स्थिति से अवगत हैं, लेकिन यहां ऐसा नहीं होगा।" मार्च में हुए ड्राफ्ट में एक भी पाकिस्तानी पुरुष खिलाड़ी के चयन नहीं होने पर संदेह गहराया था, लेकिन इसकी एक वजह पाकिस्तान की वेस्टइंडीज और यूएई में श्रृंखलाओं के चलते उनकी अनुपलब्धता भी मानी जा रही थी। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार अब आमिर और इमाद ने सुपरचार्जर्स के लिए रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के तौर पर अनुबंध किया है। आमिर ऑस्ट्रेलिया के बेन द्वारशुईस की जगह पूरे टूनामेंट में खेलेंगे, जबकि इमाद वसीम केवल 7 से 10 अगस्त तक मिचेल सैंटनर की अनुपस्थिति में टीम का हिस्सा होंगे।

गौरतलब है कि सुपरचार्जर्स के नए मालिक भारतीय मीडिया समूह 'सन ग्रुप' होंगे, जो 1 अक्टूबर से संचालन संभालेंगे। इस टीम में इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स भी एक मेंटोरिंग रोल में नजर आएंगे। उन्होंने कहा, "मैं द हंड्रेड में खेलते हुए नहीं बल्कि टीम के साथ समय बिताते हुए दिखूंगा। मैं अपनी रिकवरी कर रहा हूं और इस दौरान टीम का हिस्सा रहूंगा।"

इस सीजन में इंग्लैंड के ज्यादातर टेस्ट बल्लेबाज उपलब्ध रहेंगे।

# जोकोविच ने सिनसिनाटी ओपन से नाम वापस लिया

**नई दिल्ली।** 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने आगामी यूएस ओपन से पहले एक और झटका दिया है। उन्होंने सिनसिनाटी ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है और अब बिना किसी हार्ड कोर्ट टूर्नामेंट की तैयारी के सीधे यूएस ओपन में उतरेंगे। जोकोविच ने आखिरी बार 11 जुलाई को विंबलडन सेमीफाइनल में हिस्सा लिया था, जहां उन्हें यानिक सिनर के हाथों सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा था। इस मुकाबले से दो दिन पहले जोकोविच को क्वार्टरफाइनल के



अंतिम गेम में एक भयावहह्वऔर अजीब तरीके से गिरते देखा गया था, जिससे उनकी बाईं जांघ पर असर पड़ा। सेमीफाइनल में वह पूरी तरह से फिट नजर नहीं आए और उन्हें कोर्ट पर अपनी गति में कठिनाई हो रही थी। मैच के दौरान उन्होंने अपने ऊपरी बाएं पैर का उपचार भी करवाया था। सिनसिनाटी से पहले जोकोविच ने इस सप्ताह समाप्त हो रहे टोरंटो मास्टर्स में भी हिस्सा नहीं लिया था,

जिसकी वजह उन्होंने कमर की मांसपेशियों (ग्रोइन इंजरी) में चोट को बताया था। विंबलडन से पहले उन्होंने फ्रेंच ओपन में हिस्सा लिया था, जहां उन्हें फिर से यानिक सिनर के हाथों सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

अब जोकोविच के पास यूएस ओपन से पहले किसी भी हार्ड कोर्ट मुकाबले का अभ्यास नहीं होगा। यूएस ओपन 24 अगस्त से शुरू हो रहा है। जोकोविच इस टूर्नामेंट में अब तक चार बार चैंपियन बन चुके हैं।

# आयरलैंड की ऐमी मैग्वायर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी की मिली अनुमति

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को घोषणा की कि आयरलैंड की बाएं हाथ की स्पिनर ऐमी मैग्वायर को तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी करने की अनुमति दे दी गई है। 18 वर्षीय मैग्वायर को फरवरी में अवैध गेंदबाजी एक्शन के चलते गेंदबाजी से निलंबित कर दिया गया था। उन्हें भारत के खिलाफ 10 जनवरी को राजकोट में खेले गए वनडे सीरीज के पहले मैच के दौरान संदिग्ध एक्शन के लिए रिपोर्ट किया गया था, जिसमें उन्होंने 8 ओवर में 57 रन देकर 3 विकेट चटकाए थे। इसके बाद मैग्वायर ने अपने गेंदबाजी



एक्शन में बदलाव किया और एक आईसीसी-मान्यता प्राप्त परीक्षण केंद्र में पुनर्मूल्यांकन करवाया। आकलन में यह पाया गया कि उनके नए एक्शन में कोहनी का मोड़ अब आईसीसी के नियमों के अनुसार 15 डिग्री की तय सीमा के भीतर है। उन्हें फिर से गेंदबाजी की अनुमति दे दी गई है।

## पहले ही राउंड में बाहर हुईं आर. वैशाली

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. वैशाली को महिला स्पीड चेस चैंपियनशिप 2025 के पहले राउंड में ही हार का सामना करना पड़ा। उन्हें सोमवार को अमेरिकी इंटरनेशनल मास्टर एलिस ली ने 8-6 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। मैच की शुरूआत में वैशाली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5+1 सेक्शन में 3.5-0.5 की बढ़त बना ली थी, लेकिन 3+1 सेक्शन में एलिस ली ने जबरदस्त वापसी करते हुए लगातार चार मुकाबले जीत लिए। अंतिम 1+1 सेक्शन में भी उन्होंने 3-2 से बढ़त बनाई।

# आईएसएल को रोके जाने का मामला, आठ क्लबों के सीईओ से करेंगे मुलाकात



**नई दिल्ली :** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के शीर्ष अधिकारी देश के आठ क्लबों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) से मुलाकात कर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के रोके जाने के बाद देश के फुटबॉल की वर्तमान स्थिति और दिशा पर व्यक्त की गयी उनकी चिंताओं को दूर करने की कोशिश करेंगे। आईएसएल के ये आठ क्लब अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। आईएसएल के आयोजक (फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड - एफएसडीएल) ने राष्ट्रीय महासंघ के साथ मास्टर राइट्स एग्रीमेंट (एमआरए) के नवीनीकरण नहीं होने पर देश की शीर्ष फुटबॉल लीग पर रोक लगा दी है। एआईएफएफ और एफएसडीएल के बीच 15 साल का एमआरए 18 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। एआईएफएफ ने एक्स पर लिखा, 'एआईएफएफ अधिकारी सात अगस्त 2025 गुरुवार को नई दिल्ली में इंडियन सुपर लीग के आठ क्लबों के सीईओ के साथ भारतीय फुटबॉल से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए मिलेंगे।' एआईएफएफ (एआईएफएफ) के

**मंथन**

**वर्तमान स्थिति और दिशा पर व्यक्त की गयी उनकी चिंताओं को दूर करने की कोशिश करेंगे**

साथ सकारात्मक बातचीत की मांग करने वाले पत्र पर बेंगलुरु एफसी, जमशेदपुर एफसी , एफसी गोवा , हैदराबाद एफसी , केरल ब्लास्टर्स , नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी, ओडिशा एफसी और पंजाब एफसी ने हस्ताक्षर किए हैं। इस पर हालांकि कोलकाता के तीनों क्लब मोहन बागान सुपर जायंट, ईस्ट बंगाल और मोहम्मडन स्पोर्टिंग के साथ मुंबई सिटी एफसी और चेन्नईयिन एफसी के अधिकारियों के हस्ताक्षर नहीं है। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे पिछले ने यह आश्वासन दिया था कि इस आईएसएल के आगामी सत्र का आयोजन होगा। उन्होंने हालांकि शीर्ष-स्तरीय घरेलू प्रतियोगिता के शुरू होने की तारीख के बारे में कुछ नहीं बताया। आईएसएल का सत्र आम तौर पर सितंबर से अप्रैल तक चलता है।

# जूनियर महिला चैंपियनशिप में उत्तराखंड की धमाकेदार जीत

**काकीनाडा।** हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के पांचवें दिन मंगलवार को डिवीजन 'बी' की लीग स्टेज के अंतिम दो मुकाबले खेले गए, जहां उत्तराखंड और तमिलनाडु ने शानदार प्रदर्शन किया। दिन की शुरूआत में हुए पहले मुकाबले में हॉकी उत्तराखंड ने ले पुदुचेरी हॉकी को 11-0 से करारी शिकस्त दी। उत्तराखंड की ओर से आरती ने (32', 36', 44', 53') चार गोल दागे, रईन कहकशा अली (3', 36') और ज्योति महरा (49', 54') ने दो-दो गोल किए, जबकि अंकिता मिश्रा (50'), पूजा कालूरा (9') और कप्तान सलोनी पिलखवाल (18') ने एक-एक गोल किया। दूसरे मुकाबले में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु और दिल्ली के बीच मुकाबला 3-3 की बराबरी पर खत्म




हुआ। तमिलनाडु की ओर से कप्तान कविया वी (25', 44') ने दो गोल किए और मुमंजा आर (21') ने एक गोल किया। दिल्ली की ओर से निशा (33'), दीपिका (54') और कप्तान सुभम (51') ने एक-एक गोल किया। दिन के दूसरे भाग में डिवीजन ह्यएह्न के पूल मुकाबले शुरू हुए, जिसमें हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी हरियाणा, हॉकी झारखंड, और हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने अपने-अपने मैच जीतकर शानदार शुरूआत की। हॉकी मध्य प्रदेश

**चैंपियनशिप**

**रोशनी ऐंड (44') ने तीसरे क्वार्टर के अंत में गोल कर बढ़त दिलाई, जिसे सरोज कुमारी (58') ने और मजबूत कर दिया**

ने हॉकी चंडीगढ़ को 5-0 से हराया। टीम के लिए शर्मा कृष्णा (36', 45') ने दो गोल किए, जबकि काजल (29'), आयुषी पटेल (50') और अन्नू (58') ने एक-एक गोल किया। हॉकी हरियाणा ने हॉकी बंगाल को 7-1 से मात दी। हरियाणा की ओर से कीर्ति (38', 47', 56') ने हैट्रिक लगाई, काजल (10', 13') ने दो गोल किए, जबकि कप्तान खसा शशि (28') और पूजा मलिक (40') ने एक-एक गोल किया। बंगाल के लिए एकमात्र गोल लालपेकसांगी (44') ने किया। दिन का तीसरा मुकाबला हॉकी झारखंड और हॉकी कर्नाटक के बीच खेला गया, जिसमें झारखंड ने 2-0 से जीत दर्ज की। मुकाबला पहले हाफ तक बराबरी पर था, लेकिन रोशनी ऐंड (44') ने तीसरे क्वार्टर के अंत में गोल कर बढ़त दिलाई, जिसे सरोज कुमारी (58') ने अंतिम मिनटों में और मजबूत कर दिया। दिन के अंतिम मुकाबले में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने हॉकी आंध्र प्रदेश को 3-1 से हराया। ओडिशा की ओर से सुरेखा बहाला (13'), करुणा मिन्ज (21') और द्रुपति नायक (56') ने गोल किए, जबकि आंध्र प्रदेश की ओर से नेहरिका टोप्पो (52') ने एकमात्र गोल किया।

## राष्ट्रमंडल खेल टीम करेगी अहमदाबाद का दौरा, 2030 की मेजबानी हासिल करने की कवायद


**नई दिल्ली :** राष्ट्रमंडल खेल निदेशक डैरेन हॉल के नेतृत्व में राष्ट्रमंडल खेल अधिकारियों का एक दल मंगलवार से तीन दिन के लिए अहमदाबाद का दौरा करेगा। यह दल आयोजन स्थलों का निरीक्षण करेगा और गुजरात सरकार के अधिकारियों से मुलाकात करेगा क्योंकि भारत के 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की संभावनाएं बढ़ रही हैं। अगर भारत को मेजबानी का अधिकार मिलता है तो अहमदाबाद प्रस्तावित मेजबान शहर है। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया, 'हां, राष्ट्रमंडल खेल (जिसे पहले राष्ट्रमंडल खेल महासंघ के नाम से जाना जाता था) की एक टीम नयी दिल्ली में है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group





## पांच दशक पहले वैज्ञानिकों ने उगाया था ये जंगल

दुनिया में रहस्यों की कमी नहीं है इनमें भी कुछ तो ऐसे हैं जिनके बारे में आज तक कोई जान नहीं पाया. आज हम आपको बताने जा रहे हैं जापान के एक ऐसे जंगल के बारे में जहां जाने से हर कोई कतराता है. इस जंगल में कुछ ऐसा खास है जो इसे दुनिया के सभी जंगलों से अलग करता है. दरअसल, यह जंगल जापान के मियाजाकी प्रीफेक्चर में स्थित निचिनन सिटी के पास में हैं. इस जंगल की सबसे अजीब बात यह है कि इसे ऊंचाई से देखने पर ऐसा लगता है कि मानो यहां पर कोई युएफओ यानि एलियन उतरा हो. इस जंगल के पेड़ किसी घेरे में मौजूद हैं और चक्र जैसी आकृति का निर्माण करते हैं. अगर कोई फ्लाइट या हेलीकॉप्टर से जा रहा हो तो उसे इस जंगल की आकृति थोड़ा चौंका सकती है.



बता दें कि ये जंगली प्राकृतिक नहीं है बल्कि इसे वैज्ञानिकों के एक एक्सपेरिमेंट के तरह पैदा किया है. इस जंगल की खास बात ये हैं कि यह एक्सपेरिमेंट अभी हाल फिलहाल में नहीं किया गया बल्कि 50 साल पहले वैज्ञानिकों की एक टीम ने इस एक्सपेरिमेंट को अंजाम दिया था. जिसके बाद यहां पर घुमावदार आकृति में पेड़ उगने लगे. बता दें कि इस प्रोजेक्ट का नाम एक्सपेरिमेंटल फॉरेस्ट्री रखा गया था. इस एक्सपेरिमेंट का मकसद पेड़ों की दूरी के आधार पर उनके विकास को समझना था. जब ये एक्सपेरिमेंट शुरू किया गया तो वैज्ञानिकों ने 10 गोलाकार पंक्तियों में देवदार के पेड़ लगाए. जिसका नतीजा आज देखने को मिलता है.



## हरियाणा का राज्य पक्षी है काला तीतर

काला तीतर का सिर भूरे रंग की आईरिस आंखों के रंग और भूरे रंग के मुकुट के अनूठे पैटर्न के साथ घुमावदार है और गले का रंग काला है। इसकी लंबाई 33 से 36 सेमी और वजन लगभग 453 ग्राम (16 औंस) और काला तीतर का आकार 9 से 16 इंच है। इसे इसेनस नाम से भी जाना जाता है। यह हरियाणा का राज्य पक्षी है। काला तीतर सबसे मूल्यवान पक्षियों में से एक है। बर्डलाइफ इंटरनेशनल के अनुसार तीतर की जनसंख्या स्थिर है। भारत में इस पक्ष को अभी भी एक सामान्य पक्षी माना जाता है। ईसीएन रेड लिस्ट के अनुसार यह संकटमुक्त श्रेणी में आने वाला एक मध्यम आकार का सुंदर पक्षी है, जिसकी सीमा से दक्षिण-पूर्वी से पूर्व को और ईरान से होते हुए दक्षिण-पश्चिम तुमेनिस्तान और उत्तर-पूर्व भारत और बांग्लादेश तक फैली हुई है। भारत में यह उत्तरी राज्यों में ज्यादा पाया जाता है। दूर से काला और सुनहरा दिखने वाला से नर तीतर गले मे लेकर नीचे तक पूरा काला होता है। गाल पर एक सफेद पैरा शाहल कॉलर और किनारों पर सफेद धब्बे होते हैं। वयस्क काले तीतर का

500 ग्राम के बीच होता है। तीवर भोजन में अनाज, पास के सीज फल, अंकुर, कंद, दीमक, और चीटियों को खाते हैं।

### 10 से 14 तक अंडे देती है

तीतर का प्रजनन मार्च महीने में शुरू होता है बनाने का सबसे स्थान खेत मास के मैदान के अलावा खेतों की फसलों वाली जगह पर होता है, जिसे उनको शिकारी जानवरों से खतरा कम रहे। यह माना जाता है कि मादा एक ही दिन में सभी अंडे देने के बजाय अलग-अलग दिनों में अंडे देती है। आम तौर पर अंटों की 10 से 14



# दुनिया का सबसे उंचा जलप्रपात है एंजिल जलप्रपात

**एंजिल जलप्रपात यह दुनिया का सबसे उंचा जलप्रपात हैं जोकि दक्षिण अमेरिका के वेनेजुएला में कोरोनी नदी पर स्थित हैं। इसकी ऊंचाई लगभग 979 मीटर और गहराई 807 मीटर हैं। एंजेल वाटर फाल्स ऑयनटेपुई नामक एक पर्वत पर स्थित हैं। इसकी ऊंचाई इतनी अधिक हैं कि इससे गिरने वाला पानी धुंध या धुंए के रूप में बदल जाता हैं और यह दृश्य पर्यटकों के मन को उतना ही अधिक भाता हैं। एन्जिल जलप्रपात वेनेजुएला के दूसरे सबसे बड़े राष्ट्रीय उद्यान कैनाईमा नेशनल पार्क में स्थित है।**

यह जल प्रपात टेबल टॉप पर्वत औयंतपुई-टापू के शिखर के पास एक गुंबद से टकरा कर नीचे गिरता हैं और जिस जगह यह गिरता हैं उसे शैतान घाटी के नाम से जाना जाता हैं। इस जल-प्रपात को सैल्टो ऑन्गेल या स्वदेशी केरेपुपाई-मेरु के नाम से भी जाना जाता है। स्वदेशी नाम पेमोन नेटिव जिसका अर्थ होता हैं सबसे गहरी जगह से गिरना। इस प्रपात का नाम एक हवाई जहाज के पायलेट के नाम पर रखा गया हैं जिनका नाम जिमी एंजेल था। एन्जिल जलप्रपात यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल में शामिल हैं।

एंजिल जल प्रपात को 20वीं शताब्दी के दौरान एंजिल जलप्रपात के नाम से जाना गया। इसका नाम अमेरिका के एक हवाई जहाज चालक के नाम पर रखा गया था जिनका नाम जिमी एंजेल था। जोकि एंजिल जलप्रपात के ऊपर से हवाई उडान भरने वाले प्रथम व्यक्ति थे। एंजिल जलप्रपात, स्पैनिश साल्टो ऑन्गेल, जिसे साल्टो चुरुन मेरू भी कहा जाता है, बोलिवर राज्य के गुआना हाइलैंड्स में झरना है, जो चुरू नदी पर वेनेजुएला के दक्षिण-पूर्व में, कैरोनी की सहायक नदी से 160 मील (260 किमी) सिउदाद बोलिवर के दक्षिण-पूर्व में स्थित है।एंजेल फॉल्स दुनिया का सबसे ऊंचा झरना है। यह ऑयनटेपुई नामक पर्वत से 3,212 फीट (979 मीटर) से गिरता है। एंजिल जलप्रपात वेनेजुएला में स्थित है, जो दक्षिण अमेरिका का एक देश है।

### एन्जिल जलप्रपात में पर्यटकों के लिए आकर्षण

एंजिल जलप्रपात वेनेजुएला के विभिन आकर्षित पर्यटक स्थलों में से एक है। हालांकि एन्जिल जलप्रपात की यात्रा एक कठिन यात्रा होती हैं जिसमे पर्यटकों को कुछ सावधानी रखना बहुत जरूरी होता हैं। एंजिल जलप्रपात नामक यह स्थान एक अलग जंगल में स्थित हैं और स्यूदाद बोलिवर या पुएरा ऑर्डाज़ से कैनिमा शिविर तक पहुचने के लिए आपको एक यात्रा करनी पड़ेगी हैं।

### एन्जिल जलप्रपात में क्या क्या कर सकते हैं

यदि आप एंजिल जलप्रपात देखने जाते हैं और आप कैरो नदी की यात्रा करना चाहते हैं तो नदी की यात्रा विशेष रूप से जून से दिसंवर के महीनो में होती हैं। क्योंकि इस समय के दौरान नदियों में पर्याप्त पानी और गहराई होती जिससे नदी की यात्रा का आनंद दुगना हो जाता हैं। जबकि दिसंवर से मार्च के महीने में कम पानी देखा जाता हैं। आप पहाडियों पर चड़ने का अनुभव भी यह कर सकते हैं। इस स्थान पर एक शानदार पिकनिक भी मनाई जा सकती हैं। झरने के करीब जाकर ऊपर से छोटी-छोटी बूंदों के रूप में गिरने वाले पानी में अपने आप को भिगोने का अनुभव भी आप कर सकते हैं।

वेनेजुएला में स्थित एंजिल फाल्स विश्व के







चार खूबसूरत प्रसिद्ध झरनों में से एक हैं। यह झरना विश्व के सबसे अधिक उचाई से लगातार गिरने वाले झरने के रूप में प्रसिद्ध हैं। एंजेल फॉल्स अपनी ऊंचाई के लिए भी दुनिया भर में जाना जाता हैं, इस स्थान की ऊंचाई 3212 फीट ऊंचाई है। एंजिल फाल्स को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में भी शामिल किया जा चुका हैं। एंजिल जलप्रपात में इतनी ऊंचाई से गिरने वाला पानी आसपास के इलाकों में फुहारों की तरह उड़ता है। यहां का ऐसा द्रश्य पर्यटकों के दिलो को छू लेता हैं जिससे यहां आने वाले पर्यटकों की तादाद बहुत जायदा हैं। एंजिल वाटर फाल्स ऑयनटेपुई पर्वत के पास से गुजरने वाली चुरुम नदी पर स्थित दुनिया का सबसे बड़ा जलप्रपात हैं। जोकि दक्षिण अमेरिका के ग्रान सबाना नामक जिले में स्थित हैं। वेनेजुएला का एंजिल झरना कैनेमा नेशनल पार्क के बीच में स्थित हैं जोकि गुयाना और ब्राजील की सीमा के लगभग करीब हैं। एंजिल जलप्रपात तक जाने के लिए कैनेमा नामक स्थान से 5 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ेगा। प्योर्टो ऑर्डाज़ से एक छोटे डगलस के माध्यम से कैनिमा तक पहुंच सकते हैं।

### एंजिल फाल्स कैसे देख सकते हैं

जब आप प्योर्टो ऑर्डाज़ से चलने वाले डगलस के माध्यम से कैनिमा तक का सफर तय करेंगे उस समय आप खिडकियों से यहां के टेपेउस के प्रसिद्ध टेबलटॉप पहाड़ों का खूबसूरत नजरा देख सकते हैं। इन पहाड़ों में सबसे ऊपर दुनिया के सबसे उंचे झरने को देखने का एक सुखद आनंद आप अपने दिल में संजो के ले जाना चाहेंगे। जब आप इस स्थान पर पहुंच जायंगे तो नजदीक से एंजिल जलप्रपात का लुत्फ उठा सकते हैं।

### एंजेल फाल्स को एंजेल फाल्स क्यों कहा जाता हैं

एंजेल फाल्स का नाम एंजेल फाल्स क्यों पड़ा? दरअसल बात उस समय की हैं जब एक अमेरिकी हवाई जहाज चालक जिनका नाम जिम एंजेल था और वह इस झरने के ऊपर से उडान भने वाले प्रथम व्यक्ति भी थे। उन्ही के नाम पर इस झरने का नाम रखा गया हैं। उन्होंने सबसे पहले इस झरने के बारे बताया था लेकिन किसी ने उनकी बात पर यकीन नही किया। उनकी ईक्षानुसार उनकी अस्तियों को इसी झरने के ऊपर से उड़ा दिया गया था। हालाकि वर्ष 2009 में वेनेजुएला के राष्ट्रपति ह्यूगो चावेज़ ने एंजेल फाल्स का नाम बदलने की बात कही थी, लेकिन बाद में उन्होंने ने अपनी बात को वापिस लेते हुए कहां की में इस **प्राचीन और प्रसिद्ध झरने के नाम में परिवर्तन नही कर सकता।**





## सोने की रहस्यमयी बीमारी से पीड़ित हैं कजाकिस्तान के कलाची गांव के लोग



किसी इंसान को जब नींद आती है तो वो सबकुछ छोड़कर सोने लगता है. उसके बाद इंसान तब तक सोता रहता है जब तक कि उसकी नींद पूरी ना हो जाए. कोई दो चार घंटे सोने के बाद ही जाग जाता है तो कोई सात या आठ घंटे की नींद लेता है. लेकिन कजाकिस्तान में एक ऐसा गांव है जहां के लोग चलते-फिरते सो जाते हैं. यही नहीं सोने के बाद वो कई दिनों तक नींद के आगोश में रहते हैं. दरअसल, कजाकिस्तान के कलाची नाम के इस गांव में

कर सकता. बता दें कि उत्तरी कजाकिस्तान में बसे इस गांव के लोग रहस्यमयी तरीके से सोने की बीमारी से पीड़ित हैं. जब ये लोग एक बार सो जाते हैं तो कई दिनों और महीनों तक नहीं उठते. कलाची गांव से कई दिनों तक सोने का पहला मामला साल 2010 में सामने आया था. कुछ बच्चे अचानक स्कूल में गिर गए थे और सोने लगे थे. इसके बाद इस बीमारी के शिकार लोगों की संख्या बढ़ने लगी. तभी से वैज्ञानिक इस गांव पर रिसर्च कर रहे हैं. बता दें कि अभी तक डॉक्टर और वैज्ञानिक भी इस बीमारी का पता नहीं लगा पाए हैं कि आखिर लोग इतने दिनों तक कैसे सोते रहते हैं. हालांकि डॉक्टर्स का कहना है कि ऐसा यहां के दूषित पानी की वजह से हो रहा है. रहस्यमयी तरीके से सोने के कारण इस गांव को अब स्लीपी होलो भी कहा जाने लगा है.

इस गांव की आबादी करीब 600 है. इस गांव के करीब 14 फीसदी लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं. इस गांव के लोगों की सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात ये है कि जिनको भी ये बीमारी है उनको पता ही नहीं चलता की वो सो गए हैं. मतलब ये कि यहां के लोग कहीं भी सोते हुए मिल जाएंगे. वो मार्केट, स्कूल या सड़क पर कहीं भी सोने लगते हैं. उसके बाद वो कई दिनों तक सोते रहते हैं.

बता दें कि कजाकिस्तान के इस गांव के पास कभी यूरेनियम की खदान हुआ करती थी, जो अब बंद हो चुकी है. इस खदान में जहरीला रेडिएशन होता रहता था. रिपोर्ट के मुताबिक इस खदान की वजह से ही लोगों को ऐसी अजीब बीमारी ने जकड़ लिया है. हालांकि इस गांव में अभी रेडिएशन की कोई खास मात्रा नहीं है.



## दुनिया की सबसे अनोखी तितली डेड लीफ बटरफ्लाई

**प्रकृति ने इंसानों के साथ लाखों-करोड़ों जीव-जन्तु बनाएं है. इनमें से कुछ जीव इतने सुंदर होते हैं कि आप उन्हें देखकर मंत्रमुग्ध हो जाएंगे. इन्ही में से एक जीव है तितली. आपने तमाम रंगों की तितलियां देखी होंगी. जिनकी अठखेलिया आपको भी प्रभावित करती होंगी. आज हम आपको एक ऐसी तितली के बारे में बताने जा रहे हैं जो रंग बिरंगी तो है ही इसके साथ ही वह एक सूखे पत्ते की भांति भी रंग बदल लेती है.**

इस तितली को देखकर आप अंदाजा नहीं लगा पाएंगे कि ये तितली है या फिर कोई सूखा पत्ता. क्योंकि जब ये तितली अपने पंखों को बंद रखती है तो ये किसी सूखे पत्ते जैसी दिखती है. जब ये उड़ती है या अपने पंख खोलती है तभी आप पता लगा सकते हैं कि ये तितली है. दरअसल, यही पंख उसे माहौल में गायब कर खतरनाक शिकारियों से बचाते हैं. इस तितली का नाम है द डेड लीफ बटरफ्लाई, जो ट्रॉपिकल एशिया में पाई जाती है. इस तितली का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है. जिसमें आप सूखे पत्तों जैसी दिखने वाली तितली को आसानी से देख सकते हैं.

इस वीडियो को ट्विटर पर शेयर किया गया है. वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया है, 'ट्रॉपिकल एशिया की द डेड लीफ बटरफ्लाई, जो नजरों को धोखा देने में माहिर है! जब कोई चिड़िया या दूसरे शिकारी उसके करीब आते हैं तो वह अपने पंखों को बंद कर लेती है. ऐसा कर वो माहौल में गायब होकर खुद को शिकारियों से बचा लेती है!'